माघ कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

कानपुर
गुरुवार, 8 फरवरी 2024
वर्ष 2, अंक -168, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

कुछ सालों में वैश्विक तापमान में 2° बढ़ोतरी के असार 16

सुजय बोले- श्रीमद रामायण में काम करना अद्भुत 2

एक नजर

आतंकी लांडा और रिंदा के तीन सहयोगी गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब में आतंकवादियों लखबीर सिंह लांडा और हरविंदर सिंह रिंदा के तीन गुर्गों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बुधवार को कहा कि पंजाब पुलिस की एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने उनके कब्जे से दो पिस्तौल एवं 10 कारतूस भी बरामद किए। लांडा फिलहाल कनाडा में रह रहा है जबकि रिंदा पाकिस्तान में है। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान जोबनजीत सिंह उर्फ जोबन, बिक्रमजीत सिंह उर्फ बिक्का और कुलविंदर सिंह उर्फ काला के रूप में हुई है।

हेमंत सोरेन की ईडी हिरासत पांच दिन बढ़ी

रांची। कथित भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में रांची की एक विशेष पीएमएलए अदालत ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) हिरासत बुधवार को पांच दिन के लिए बढ़ा दी। यह जानकारी वकीलों ने दी। पूर्व मुख्यमंत्री सोरेन को दो फरवरी को विशेष पीएमएलए (धन शोधन रोकथाम अधिनियम) अदालत ने पांच दिन की ईडी हिरासत में भेजा था। सोरेन की ईडी हिरासत बुधवार को समाप्त हो गई।

जजों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाना अव्यावहारिक

नई दिल्ली। सरकार ने संसद की एक समिति से कहा है कि सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु उनके कामकाज के आधार पर बढ़ाना व्यावहारिक नहीं हो सकता तथा इससे संसद के अधिकारों में और कटौती होगी। विधि एवं कार्मिक मामलों से संबंधित संसद की स्थायी समिति ने पिछले साल हाईकोर्ट के न्यायाधीशों का कार्यकाल कामकाज के आधार पर मूल्यांकन की सिफारिश की थी।

महाभारत न हो इसलिए हमने तो अयोध्या, मथुरा व काशी ही चाहा

विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीन धर्म स्थलों का मुद्दा उठाया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बोले, 5 हजार साल पहले जो अन्याय पांडवों के साथ हुआ वही आज बहुसंख्यक समाज के साथ हो रहा
- कृष्ण के सिर्फ पांच गांव मांगने पर दुर्योधन ने नहीं दिया फिर महाभारत हुई और कौरव हुए खत्म
- राज्यपाल के अभिभाषण पर नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव के तर्क के बाद नेता सदन ने दिया जवाब
- विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धन्यवाद ज्ञापित किया

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में अयोध्या, काशी, मथुरा विवाद पर अपनी बात रखते हुए विपक्ष को महाभारत का कारण समझाया। योगी ने यह कहते हुए अपना मंतव्य स्पष्ट किया कि, पांच हजार साल पहले पांडवों के साथ जो अन्याय हुआ था वही आज बहुसंख्यकों के साथ हो रहा है। योगी ने कहा, उस वक्त युद्ध टालने के लिए कृष्ण ने दुर्योधन से पांच गांव मांगे थे, हमने भी केवल तीन धार्मिक स्थल ही चाहा है। उस काल में कृष्ण की मांग न पूरी होने पर महाभारत हुआ और कौरव स्वाहा हो गए।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को सदन में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को अद्भुत, अलौकिक और अविस्मरणीय क्षण बताया। इसी कड़ी में उन्होंने विपक्षी दल सपा और नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव को घेरा। योगी ने अयोध्या के साथ-साथ काशी और मथुरा विवाद को लेकर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि जिस तरह श्रीकृष्ण ने दुर्योधन से पांच गांव मांगे थे, उसी तरह सिर्फ तीन स्थलों की बात की गई है। ये

तीनों ईश्वर के अवतरण की धरती हैं, लेकिन एक जिद और उसमें राजनीतिक तड़के व वोट बैंक की प्रवृत्ति ने विवाद खड़ा कर दिया। योगी ने कहा कि तब भी दुर्योधन ने कहा था कि सुई की नोक के बराबर जगह नहीं दूंगा तो महाभारत हुआ। यहां भी वोट बैंक के लिए हमारी संस्कृति और आस्था को रौंदने वाले आक्रांताओं का महिमामंडन किया गया, जिसे अब देश स्वीकार नहीं करेगा।

योगी ने कहा कि पिछली सरकारों ने अयोध्या को प्रतिबंधों और कर्फ्यू के दायरे में रखा। अयोध्या सुनियोजित तिरस्कार भी झेलती रही। लोक आस्था के साथ ऐसा खिलवाड़ कभी देखने को नहीं मिला। मुख्यमंत्री ने पूर्व की सरकारों को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि जो काम सन् 1947 से ही होना चाहिए उसके लिए आज भी बहुसंख्यक समाज गिड़गिड़ा रहा है।

पीडीए बिन 1 ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी का सपना रहेगा अधूरा : अखिलेश

नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने अपने भाषण में रामलला का जिक्र भले ही नहीं किया लेकिन अयोध्या पर चर्चा अवश्य की। अखिलेश का आरोप रहा कि वहां जमीनों की खरीद में जमकर भ्रष्टाचार हुआ। अखिलेश ने कहा कि सरकार का 1 ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी का सपना पीडीए को साथ लिए बिना पूरा नहीं हो सकता।

सपा के पीडीए का मतलब परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी : पाठक

सदन में बुधवार को मुख्यमंत्री समेत सत्तापक्ष के सदस्य उस वक्त अपनी हंसी रोक न सके जब उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अपने संबोधन में समाजवादी पार्टी के पीडीए का अर्थ समझाया। उप- मुख्यमंत्री ने कहा कि इनके पीडीए का मतलब परिवार डेवलेपमेंट अथॉरिटी है। बाद में मुख्यमंत्री ने भी अपने भाषण में पाठक के इस बयान का जिक्र भी किया।

सदन में नजर नहीं आए रालोद के सदस्य

सपा को झटका देकर रालोद के भाजपा के साथ गठबंधन करने की चर्चाओं के बीच बुधवार को सदन में रालोद के सदस्य नजर नहीं आए। विपक्ष में समाजवादी पार्टी के सदस्य जहां लाल टोपी के साथ दिखते हैं वहीं रालोद सदस्य अपने हरे गमछे के साथ होते हैं। चर्चा यह रही कि रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी अपने सभी विधायकों को लेकर दिल्ली गए हैं।

संसद भवन में वास्तुदोष बताने वाले खुशदीप बंसल गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

- खुशदीप पर भाई हरिश के साथ मिलकर 65 करोड़ की ठगी का आरोप

असम पुलिस ने जाने-माने वास्तु शास्त्री खुशदीप बंसल को गिरफ्तार किया है। खुशदीप पर अपने भाई हरिश बंसल के साथ मिलकर 65 करोड़ की ठगी का आरोप है। असम पुलिस के साथ दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की काउंटर इंटेलीजेंस यूनिट (सीआई) ने दोनों को बाराखंभा इलाके के मॉर्डन स्कूल के पास से गिरफ्तार किया। खुशदीप बंसल ने पुरानी संसद भवन की लाइब्रेरी से वास्तु ठीक करने का दावा किया था। 5 जनवरी को गिरफ्तारी के बाद असम पुलिस आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर असम ले गई। सूत्रों के अनुसार असम पुलिस ने गिरफ्तारी से पहले दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा से संपर्क किया था और बताया था कि खुशदीप बंसल पर गैर जमानती वारंट है और वह सैनिक फॉर्म में रहता है।

65 करोड़ रुपये के ऑटोनॉमस काउंसिल घोटाले का यह मामला 2022 का है। इसमें खुशदीप बंसल और उनके भाई समेत कुल पांच आरोपी हैं, जिसमें मध्यप्रदेश के एक कांग्रेस नेता का बेटा भी शामिल है। मामले में गुवाहाटी हाईकोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ सर्च वारंट भी जारी किया था। दिल्ली के सबरवाल ट्रेडिंग कंपनी प्रालि. के मालिक कमल सबरवाल ने खुशदीप बंसल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। खुशदीप बंसल ने पुलिस को बताया कि उसने किसी को कमल सबरवाल से मिलवाया था और उसने ठगी की थी। असम पुलिस का कहना है कि सभी ने मिलकर जालसाजी की है।

ईडी की याचिका पर केजरीवाल 17 को कोर्ट में तलब

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने समन का पालन न करने को लेकर ईडी की शिकायत पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 17 फरवरी को तलब किया है। ईडी ने आबकारी नीति से संबंधित एक धन-शोधन मामले में पूछताछ के लिए केजरीवाल को समन भेजे थे। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा ने कहा कि ईडी की शिकायत पर उन्हें 17 फरवरी को तलब होने के लिए आदेश जारी किया गया है।

आतंकियों ने पंजाब के 2 श्रमिकों को गोली मारी, एक की मौत

श्रीनगर, एजेंसी

श्रीनगर में टारगेट किलिंग

- हमलावरों की तलाश में पुलिस ने की इलाके की घेरेबंदी

आतंकवादियों ने बुधवार को शहर के हब्बा कदल इलाके में पंजाब के एक श्रमिक की गोली मारकर हत्या कर दी, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि अमृतसर के रहने वाले अमृतपाल सिंह को शाम करीब सात बजे हब्बा कदल के शल्ला कदल इलाके में आतंकवादियों ने एके राइफल से नजदीक से गोली मार दी। उन्होंने कहा कि सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 25 वर्षीय रोहित नामक एक अन्य गैर-स्थानीय श्रमिक इस घटना में घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि रोहित भी अमृतसर निवासी है। उसके पेट में गोलियां लगी थीं और उसका यहां एसएमएचएस अस्पताल में इलाज हो रहा है। पुलिस ने हमलावरों का पता लगाने के लिए इलाके की घेराबंदी कर दी है। इस साल कश्मीर में गैर स्थानीय पर आतंकियों का यह पहला हमला है। गत वर्ष आतंकियों ने अनंतनाग और शोपियां सहित घाटी में गैर-स्थानीय श्रमिकों पर कई हमले किए थे।

उत्तराखंड विधानसभा में यूसीसी विधेयक पास

ब्यूरो, देहरादून

- समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश का पहला राज्य

अमृत विचार : विधानसभा में बुधवार को कई घंटे चली चर्चा के बाद बहुप्रतीक्षित समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। विधेयक पारित होते ही सदन जय श्रीराम, वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को विधानसभा के पटल पर समान नागरिक संहिता बिल पेश किया था, जिसे दो दिन तक चली चर्चा के बाद पारित कर दिया गया। इस प्रकार उत्तराखंड समान नागरिक संहिता को लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया।

बुधवार को विधेयक पर दिन भर चली चर्चा के बाद सायं 5 बजे मुख्यमंत्री धामी ने अपनी बात रखी। मुख्यमंत्री ने चर्चा पर जवाब देते हुए कहा कि यह विधेयक पूरे देश को राह दिखाएगा। यह ऐतिहासिक पल देवभूमि को मिला और एक इतिहास रचा। इसके लिए जनता बधाई की हकदार है। सभी के सहयोग से समरस व आदर्श समाज का निर्माण किया जाएगा। कई लोगों की जिंदगी में बदलाव आएगा। धामी ने विधेयक के मुख्य बिंदु विस्तार से सदन में रखे।

यूसीसी लाना देवभूमि का सौभाग्य: धामी

यूसीसी पर चर्चा का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसे ऐतिहासिक करार दिया और कहा कि इस विधेयक पर सार्थक चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि भारत में कई बड़े प्रदेश हैं, लेकिन यह अवसर उत्तराखंड को मिला है, यह देवभूमि का सौभाग्य है।

उत्तराखंड के पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत के ठिकानों पर छापा

ब्यूरो, देहरादून

- पाखरो रेंज घोटाले से संबंधित मामले में राज्य के पूर्व वन मंत्री के खिलाफ ईडी ने की कार्रवाई

अमृत विचार : उत्तराखंड में बुधवार का दिन सियासी हलचल से भरा रहा। जहां एक ओर विधानसभा में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर बहस चल रही थी, वहीं प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम कांग्रेस नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत के अलावा दो आईएफएस अधिकारियों व एक भाजपा नेता के घर छापे मार रही थी। ईडी की टीम ने पूर्व मंत्री के उत्तराखंड से लेकर दिल्ली व पंचकूला तक 14 ठिकानों पर छापा मारा है।

बताया जा रहा है कि ईडी ने रावत के ठिकानों पर यह छापेमारी पाखरो रेंज घोटाले से संबंधित मामले में की है। प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत छापे की कार्रवाई की है। देहरादून में ईडी टीम रावत के डिफेंस कॉलोनी स्थित घर पहुंची। टीम ने घरवालों से पूछताछ कर आलमारी का ताला खोलने को कहा तो घरवालों ने आलमारी की चाबी खो जाने की बात कही, जिसके बाद चाभी बनाने वाला बुलाया गया। उसके बाद अलमारी का लॉक खोलकर अंदर से कई दस्तावेज निकाले गए।

ईडी ने रावत के श्रीनगर स्थित भवन पर भी छापा मारा। वहां मौजूद रावत की मां व अन्य लोगों से पूछताछ की और दस्तावेजों की जांच की। रावत के बिधौली स्थित हॉस्टल, श्रीनगर स्थित होटल, गुहाड़ गांव स्थित पैतृक घर, सहसपुर में आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में भी ईडी की टीम गई है। रावत के दिल्ली और पंचकूला (हरियाणा) स्थित आवासों पर भी छापेमारी कर दस्तावेजों को कब्जे में लिया गया है।

आपदा से बचाव का मंत्र देंगे पंचायत भवन

विशेष

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- आठ तरह की आपदा से बचने के लिए जागरूक करेंगे सन व विनायल बोर्ड
- राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ पंचायतीराज विभाग करेगा काम

अमृत विचार : पंचायत भवनों में सरकारी काम के साथ ग्रामीणों को आपदा से बचाव का मंत्र दिया जाएगा। इसके लिए भवन की दीवारों पर सन बोर्ड-विनायल बोर्ड लगाए जाएंगे।

इसमें आठ तरह के आपदा के बारे में जानकारी होगी। यह पहल उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने पंचायती राज विभाग के साथ मिलकर की है। पंचायत भवन पर चित्रों के माध्यम से ग्रामीणों को आपदा से बचाव के उपाय बताए जाएंगे। बोर्ड पर आपदा के समय क्या करें और क्या न करें की जानकारी के साथ सावधानियों के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया जाएगा। ताकि ग्रामीण ऐसे हालात में खुद को बचा सकेंगे।

कार्यदायी संस्था लगाएगी बोर्ड, होगी जियो टैगिंग

बोर्ड बनाने और लगाने का काम कार्यदायी संस्था करेगी। इसकी जियो टैगिंग के आधार पर मॉनीटरिंग की जाएगी। देखरेख ग्राम पंचायत करेगी। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व जिला पंचायतराज अधिकारी संयुक्त रूप से इस कार्य का सत्यापन कर राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को रिपोर्ट देंगे। साथ ही बोर्ड का एक नमूना डीपीआरओ कार्यालय में सुरक्षित रखा जाएगा।

इन आपदाओं का किया चयन : बाढ़, डूबने के कारण, नाव दुर्घटना, बज्रपात, अग्निकांड, सर्पदंश, शीतलहर, हीटवेव, अतिवृष्टि, आंधी-तूफान व चक्रवात, मानव वन्य जीव द्वंद

अभियानों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया जाता है। फिर भी ज्यादातर को जानकारी नहीं हो पाती है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की इस पहल से सभी को जागरूक करने में मदद मिलेगी।

– **राज कुमार**, निदेशक, पंचायती राज विभाग उप्र।

जनवरी में 10 जिले नहीं दे पाए श्रमिकों को काम

लखनऊ। रोजगार की गांरटी देने वाली मनरेगा योजना में 19,438 ग्राम पंचायतों में काम की प्रगति जनवरी में शून्य रही। इनमें 10 जिलों में शून्य मानव दिवस सृजित करने वाली पंचायतों की संख्या सबसे अधिक हैं। जहां सुधार के निर्देश दिए गए हैं। मनरेगा में 5 करोड़ मानव दिवस सृजन करने का लक्ष्य मिलने पर भी जनवरी में 19,438 ग्राम पंचायतों में एक भी श्रमिक को काम नहीं मिला। इनमें बागपत, बुलंदशहर, मेरठ, शामली, संभल, मथुरा, मुज्जफरनगर, बदायूं, हाथरस व आगरा ऐसे जिले हैं जहां शून्य प्रगति वाली ग्राम पंचायतों की संख्या सबसे अधिक है। आंकड़ों पर गौर करें तो प्रदेश में 85.29 लाख श्रमिकों द्वारा काम मांगा गया और 85.27 लाख श्रमिकों को 98 प्रतिशत रोजगार उपलब्ध कराया गया है। जबकि 1531 मांग लंबित है। आयुक्त ग्राम्य विकास की समीक्षा में खराब प्रगति मिलने पर सुधार के निर्देश दिए गए हैं।

पंत को आईपीएल खेलने का पूरा भरोसा: पोटिंग

मेलबर्न, एजेंसी

दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा कि ऋषभ पंत इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र में खेलने को लेकर आश्वस्त हैं, लेकिन यह आक्रामक क्रिकेटर फिलहाल विकेट कीपिंग से दूर रह सकता है। पंत दिसंबर 2022 में भीषण कार दुर्घटना में गंभीर रूप से चोटिल हुए थे। उन्होंने कहा कि ऋषभ को पूरा भरोसा है कि वह मैच खेलने के लिए फिट होंगे। वह टीम में किस क्षमता में रहेंगे इसे लेकर हम अभी पूरी तरह से आश्वस्त नहीं है।

पोंटिंग ने कहा कि आपने सोशल-मीडिया पर उनसे जुड़ी चीजें देखी होगी, वह सक्रिय है और अच्छी तरह से चल-दौड़ रहा है। आईपीएल शुरू होने में सिर्फ छह सप्ताह बचे है ऐसे में इस साल हमें उनसे विकेट कीपिंग करवाना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि हम बस यही उम्मीद कर सकते है कि वह खेलने के लिए उपलब्ध रहे। हो सकता है कि वह सभी मैच ना खेले लेकिन अगर वह 14 लीग मैचों में से 10 मैच भी खेलता है तो यह टीम के लिए बोनस की तरह होगा।

पंत अगर विकेट के पीछे अपनी की भूमिका निभाने में सक्षम नहीं हुए तो वह बल्लेबाज के रूप में खेल सकते हैं या आगामी आईपीएल में उनका इस्तेमाल 'इम्पैक्ट प्लेयर' के रूप में हो सकता है। आईपीएल का आगामी सत्र मार्च के आखिर में शुरू हो सकता है। पोंटिंग ने कहा कि मैं गारंटी देता हूं कि अगर मैंने अभी उससे खेलने के बारे में पूछा तो वह कहेगा, मैं हर मैच खेलने के लिए तैयार हू, मैं हर मैच में कीपिंग और चौथे क्रम पर बल्लेबाजी के लिए तैयार हूं। हम हालांकि अभी इस मामले में और इंतजार करना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि वह कमाल का खिलाड़ी है। वह स्पष्ट रूप से हमारा कप्तान है।

मेजर लीग क्रिकेट में वाशिंगटन फ्रीडम के मुख्य कोच होंगे रिकी

सिडनी, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को अमेरिका की मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के दूसरे सत्र से पहले बुधवार को वाशिंगटन फ्रीडम फ्रेंचाइजी का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। पोंटिंग इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम दिल्ली कैपिटल्स के भी मुख्य कोच। उन्होंने भारतीय-अमेरिकी व्यवसायी संजय गोविल के स्वामित्व वाली वाशिंगटन फ्रीडम के साथ दो साल का करार किया है। ऑस्ट्रेलिया के सबसे सफल कप्तानों में शामिल पोंटिंग फ्रेंचाइजी में ग्रेग शेफर्ड की जगह लेंगे। इस टी-20 लीग का दूसरा सत्र छह टीमों के बीच जुलाई में खेला जाएगा। पोंटिंग ने कहा कि मैं 2024 में वाशिंगटन फ्रीडम से जुड़ने के लिए बेहद उत्साहित हूं। अमेरिका में क्रिकेट वास्तव में बढ़ रहा है और मैं मेजर लीग क्रिकेट का हिस्सा बनने का इंतजार कर रहा हूं।

राज्यस्तरीय बालिका हैंडबाल स्पर्धा 15 से

लखनऊ, अमृत विचार: राज्य स्तरीय सब जूनियर बालिका (अंडर-15) हैंडबाल प्रतियोगिता केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 15 से 18 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर की टीमें हिस्सा लेंगी। लखनऊ मंडल के क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय सेठी के अनुसार इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली लखनऊ टीम के गठन को ट्रायल भी बाबू स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। जिला स्तर पर चयन ट्रायल 13 फरवरी और मंडल स्तर पर ट्रायल 14 फरवरी को आयोजित होंगे। इस ट्रायल में शामिल होने वाले बालिकाओं का जन्म एक जनवरी 2009 के बाद होना चाहिए।

इंग्लैंड ने टेस्ट क्रिकेट में फूंकी जान: बॉथम

मेलबर्न, एजेंसी

महान आल राउंडर इयान बॉथम को लगता है कि बेन स्टोक्स की अगुआई में इंग्लैंड की अति आक्रामक 'बैजबॉल' तकनीक ने टेस्ट क्रिकेट में जान फूंक दी है। ब्रैंडन मैकुलम के मुख्य कोच और स्टोक्स के कप्तान बनने के बाद इंग्लैंड ने पारंपरिक प्रारूप के खेलने के तरीके को नए सिरे से परिभाषित किया है।

बॉथम ने कहा कि आपको बस दर्शकों की तरफ देखने की जरूरत है। दर्शकों ने अब टेस्ट क्रिकेट देखने के लिए वापसी करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत में 20-30 साल पहले भारत के खिलाफ खेलते हुए मैदान भरे रहते थे। अचानक से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) आया, फिर इसने और वनडे क्रिकेट के कारण टेस्ट में दर्शकों की संख्या में गिरावट आई, लेकिन अब लोग वापसी कर रहे हैं और 'बैजबॉल' क्रिकेट देखना चाहते हैं।

पूर्व कप्तान ने कहा कि इंग्लैंड ने 'बैजबॉल' तरीके से खेलने के बाद से हारने की तुलना में ज्यादा टेस्ट मुकाबलों में जीत हासिल की है। आखिरकार आप मनोरंजन करने के लिए हो और अगर आप चाहते हो कि लोग मैच देखने आएं तो आपको उनका मनोरंजन करना पड़ेगा। वे ऐसे खिलाड़ी को नहीं देखना चाहेंगे जो काफी कम रन जुटाए। आप ऐसे क्रिकेटर को देखना चाहोगे जो मैच में आक्रामक बल्लेबाजी से दबदबा बनाए। इंग्लैंड के लिए 1977 से 1992 के बीच 102 टेस्ट मैच खेलकर 383 विकेट चटकाने और 5200 रन बनाने वाले बॉथम ने कहा कि आप एक या दो मैच गंवाओगे ही, लेकिन इंग्लैंड ने 15 मैच खेले और 12 जीते। टेस्ट क्रिकेट अब पहले से बेहतर हो गया है। अब अन्य टीम भी इंग्लैंड की तरह खेलना चाहती हैं। इसका अन्य टीमों पर प्रभाव पड़ रहा है। अकसर देखा है कि जब टीम के 3 या 4 विकेट गिर गए तो गेंदबाजी करने वाली टीम थोड़ी 'रिलैक्स' होती दिखती है। जब आपने दबाव बना लिया है तो आपको ऐसा ही रखते हुए अपना काम करना चाहिए।

खेल डायरी

बेंगलुरु ओपन में डेविस कप नायकों पर होगी निगाह

बेंगलुरु, एजेंसी। पाकिस्तान के खिलाफ डेविस कप मुकाबले में भारत की जीत के नायक रहे रामकुमार रामनाथन और एन श्रीराम बालाजी सहित कई शीर्ष खिलाड़ी 12 से 18 फरवरी के बीच यहां होने वाले बेंगलुरु ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपना भाग्य आजमाएंगे। डेविस कप में नहीं खेलने वाले भारत के चोटी के एकल खिलाड़ी सुमित नागल को भी उनकी 137वीं रैंकिंग के कारण प्रतियोगिता में सीधा प्रवेश दिया गया है। बेंगलुरु ओपन में 257वीं रैंकिंग तक के खिलाड़ियों को सीधा प्रवेश मिला है। पिछले महीने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में नागल ने मुख्य ड्रॉ के पहले दौर में दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर बुब्लिक को हराया था। युगल में रामकुमार ने हमवतन साकेत मायनेनी के साथ, जबकि बालाजी ने जर्मनी के आंद्रे बेगेमैन के साथ जोड़ी बनाई है। रामकुमार और माइनेनी ने 2022 में यहां युगल खिताब जीता। पाकिस्तान के मोहम्मद शोएब के खिलाफ जीत दर्ज करके डेविस कप में शानदार आगाज करने वाले निकी पूनाचा ने हमवतन ऋत्विक चौधरी बोलिपल्ली के साथ जोड़ी बनाई है।

सैफ अंडर-19 के फाइनल में पहुंचे भारत-बांग्लादेश

ढाका, एजेंसी। भारतीय फुटबॉल टीम गुरुवार को यहां जब सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप के फाइनल में मेजबान बांग्लादेश से भिड़ेगी तो उसकी निगाह मिथक तोड़कर खिताब हासिल करने पर होगी। भारत में महिला फुटबॉल में सुधार के बावजूद आयु वर्ग की प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। भारतीय टीम को सैफ प्रतियोगिताओं में एक से अधिक बार खिताब से हाथ धोना पड़ा था। वह पिछले साल सैफ अंडर-20 प्रतियोगिता के फाइनल में बांग्लादेश से हार गयी थी। ऐसे में भारतीय टीम के पास अपने रिकॉर्ड में सुधार करने का यह शानदार मौका है। भारतीय टीम ने वर्तमान प्रतियोगिता में अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। उसने ग्रुप चरण में भूटान (10-0) और नेपाल (4-0) को आसानी से हराया था लेकिन बांग्लादेश से वह एकमात्र गोल से हार गयी थी। भारतीय टीम ने ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहने के कारण फाइनल में जगह बनाई। भारत अब बदला चुकता करने के लिए मैदान पर उतरेगा लेकिन बांग्लादेश को पराजित करना इतना आसान नहीं है।

पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों की पैरालंपिक जाने पर नजर

मुंबई, एजेंसी। भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी मानसी जोशी, मंदीप कौर और पलक कोहली की निगाहें 20 से 25 तक पटाया में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन से इस साल के अंत में होने वाले पैरालंपिक में जगह बनाने पर लगी हैं। भारत ने पिछले साल हांगझोउ पैरा एशियाई खेलों में ऐतिहासिक 111 पदकों में से 21 पदक बैडमिंटन में हासिल किए थे, जिसमें मानसी और मंदीप ने एकल में कांस्य पदक जीते थे। महिलाओं की एसएल3-एसयू5 युगल स्पर्धा में मानसी ने टी मुरुगेसन के साथ रजत पदक और मंदीप ने मनीषा रामदास के साथ कांस्य पदक जीता था। मानसी ने कहा कि हम सभी विश्व चैम्पियनशिप में खेलेंगे जिसके लिए हम 17 फरवरी को जा रहे हैं। यह फाइनल है, यह पैरालंपिक क्वालीफिकेशन वर्ष का अंत है। क्वालीफिकेशन प्रक्रिया 31 मार्च को खत्म हो रही है, इस दिन से हमारी रैंकिंग और 'रेस टू पेरिस' यही पर रूक जाएगी। इसलिए यह विश्व चैम्पियनशिप हम सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

स्नेहा सिंह ने हासिल की दो शॉट की बढ़त

विशाखापत्तनम, एजेंसी। भारतीय गोल्फर स्नेहा सिंह ने बुधवार को यहां महिला प्रो गोल्फ टूर के चौथे चरण के शुरूआती दौर में चार होल में तीन बर्डी की बदौलत दो शॉट की बढ़त हासिल की। इस सत्र के दूसरे चरण की विजेता स्नेहा ने दो अंडर 70 का कार्ड खेला और वह अंडर पार का कार्ड खेलने वाली एकमात्र गोल्फर थीं। उनकी चिर प्रतिद्वंद्वी हिताशी बख्शी 72 के कार्ड से खुशी खानिजाऊ के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। रिद्धिमा दिलावड़ी 74 के कार्ड से अकेले चौथे स्थान पर हैं।

शीर्ष पर पहुंचने वाले भारत के पहले तेज गेंदबाज बने बुमराह

11 महीने से सूची में शीर्ष पर चल रहे रविचंद्रन अश्विन की ली जगह

आईसीसी टेस्ट रैंकिंग

रैंकिंग	खिलाड़ी	रेटिंग
1	जसप्रीत बुमराह	881
2	कगिसो रबाडा	851
3	आर अश्विन	841
4	पैट कमिन्स	828
5	जोश हेजलवुड	818
6	प्रभात जयसूर्या	783
7	जेम्स एंडरसन	780
8	नाथन लियॉन	746
8	रवींद्र जडेजा	746
8	ओली रॉबिन्सन	746

दुबई, एजेंसी

इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन के बाद जसप्रीत बुमराह बुधवार को आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज बन गए। विशाखापत्तनम में इस 30 साल के गेंदबाज ने 9 विकेट लेकर पैट कमिंस, कागिसो रबाडा और रविचंद्रन अश्विन को पीछे छोड़ दिया। वह टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले देश के चौथे खिलाड़ी है। इससे पहले स्पिनर बिशन सिंह बेदी, अश्विन और रविंद्र जडेजा शीर्ष पर पहुंचने में सफल रहे हैं। बुमराह ने इस रैंकिंग में अश्विन की जगह ली जो 11 महीने से इस सूची में शीर्ष पर थे। टेस्ट मैच में 499 विकेट लेने वाले अश्विन तीसरे स्थान पर खिसक गए। बुमराह के नाम 881 रेटिंग अंक है। वह सबसे ज्यादा रेटिंग अंक हासिल करने के मामले में अश्विन (904) और जडेजा (899) के बाद चौथे स्थान पर है। अश्विन और जडेजा मार्च 2017 में संयुक्त रूप से शीर्ष पर थे। बल्लेबाजों की सूची में विशाखापत्तनम में दोहरा शतक जड़ने वाले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल 37 पायदान ऊपर 29वें स्थान पर पहुंच गए जबकि दूसरी पारी में शतक लगाने के बाद शुभमन गिल 14 पायदान ऊपर चढ़कर करियर के सर्वश्रेष्ठ 38वें स्थान पर पहुंच गए। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जैक क्राउली विशाखापत्तनम टेस्ट के बाद आठ स्थान ऊपर चढ़कर 22वें पायदान पर आ गये है। उन्होंने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 76 और 73 रन की पारी खेली थी। इंग्लैंड के लेग स्पिनर रेहान अहमद 70वें स्थान पर पहुंचे हैं, जबकि इंग्लैंड के दूसरे खिलाड़ी बने टॉम हार्टले सूची में सुधार करने में सफल रहे।

भारत के तीन स्पिनर्स बिशन सिंह बेदी अश्विन और जडेजा को मिल चुका है खिताब

हम खिलाड़ियों से संवाद को प्राथमिकमा दे रहे हैं: रूट

विशाखापत्तनम, एजेंसी

इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ने कहा कि बेन स्टोक्स के नेतृत्व में इंग्लैंड की टीम में अब बैठक करने की जगह खिलाड़ियों से संवाद करने को प्राथमिकता दी जाती है।

इंग्लैंड और भारत के बीच खेली जा रही 5 मैचों की श्रृंखला अभी 1-1 से बराबर है। जो रूट ने कहा कि हम अब टीम बैठक नहीं करते हैं। यह टीम में होने वाली अच्छी चीजों में से एक है कि हम खेल से दूर अपनी सारी बातचीत कैसे करते हैं। एक-दूसरे के साथ समय बिताने का लुत्फ उठाते हुए चर्चा करना पसंद करते हैं। इस पूर्व कप्तान ने कहा कि हमें अब 'मीटिंग रूम' में नहीं बैठना होता है। मुझे लगता है कि आप खाने के टेबल पर या कॉफी पीते समय अपनी भावनाओं को ज्यादा अच्छे से व्यक्त कर सकते हैं। इंग्लैंड की टीम श्रृंखला के पहले मैच की पहली पारी में 190 रन से पिछड़ने के बावजूद जीत दर्ज करने में सफल रही। टीम को हालांकि दूसरे मैच में हार का सामना करना पड़ा। रूट ने कहा कि हमारी टीम नतीजे की परवाह किए बिना उस अंदाज में खेलना जारी रखेगी जो उसे आता है। इसने हमें पिछले कुछ समय से सफलता दिलाई है। इससे हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पा रहे हैं। हम पहले भी ऐसी स्थिति (पहले टेस्ट की पहली पारी में बड़े अंतर से पिछड़ने के बाद वापसी) में रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछली बार हमने इंग्लैंड में भारत का सामना किया था। उस टेस्ट मैच में भी हम बड़े अंतर से पिछड़ रहे थे लेकिन हमने वापसी कर जीत दर्ज की। ऐसा कई बार हो चुका है।

नतीजे की परवाह किए बिना उसी अंदाज में खेलेंगे जो हमें आता है

द. कोरिया को हराकर जॉर्डन एशियाई कप के फाइनल में

अल-रेयान (कतर), एजेंसी। याजन अल नैमत और मूसा तमारी के गोल के दम जॉर्डन ने खिताब के प्रबल दावेदार द. कोरिया को 2-0 से हराकर पहली बार एशियाई कप फुटबॉल के फाइनल में जगह बनाई। अहमद बिन अली स्टेडियम में मंगलवार को खेले गए सेमीफाइनल का पहला हाफ गोल रहित रहने के बाद अल नैमत और तमारी ने दूसरे हाफ में गोल किए, जिससे जॉर्डन ने इतिहास रच दिया। इसके साथ की द. कोरिया के कोच जुर्गेन क्लिंसमैन का टीम को तीसरी बार चैम्पियन बनाने का सपना भी टूट गया। जॉर्डन के कोच हुसैन अम्मौता ने कहा कि मैंने अपने खिलाड़ियों से कहा था कि वह द. कोरियाई टीम का जितना सम्मान करना चाहिए उससे अधिक न करें। मुझे लगता है कि इससे खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ा। हमारे पास गंवाने के लिए कुछ नहीं था। फाइनल में जॉर्डन के सामने ईरान और गत चैम्पियन कतर के बीच खेले जाने वाले सेमीफाइनल मैच के विजेता की चुनौती होगी। खिलाड़ी के तौर पर 1990 में वेस्ट जर्मनी के लिए विश्व कप जीत चुके द. कोरिया के कोच क्लिंसमैन ने इस हार की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि किसी टीम के लिए टूर्नामेंट कैसा होगा इसके लिए कोच जिम्मेदार होता है।

नहीं रहे क्रिकेटर नीरू कपूर खेल जगत में शोक की लहर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश के बेहतरीन स्ट्रोक क्रिकेटर नीरू कपूर (81 वर्षीय) ने बुधवार की सुबह दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके निधन की सूचना मिलते ही राजधानी का खेल जगत शोक में डूब गया। विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों और खेल संघों के पदाधिकारियों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। गुरुवार को उनका अंतिम संस्कार गुलाला घाट पर किया जाएगा। परिजनों के अनुसार वह पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। नीरू कपूर की अस्पताल में मृत्यु हुई। सांस लेने में दिक्कत के कारण उन्हें तीन दिन पहले मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

पूर्व खिलाड़ियों और खेल संघों के पदाधिकारियों ने जताया शोक

'सारिपोधा सनिवारम' का शेड्यूल पूरा



मुंबई, एजेंसी। नेचुरल स्टार नानी की एक्शन फिल्म 'सारिपोधा सनिवारम' का दूसरा शेड्यूल पूरा हो गया है। यह फिल्म विवेक आत्रेया द्वारा निर्देशित और डीवीवी दानय्या द्वारा डीवीवी एंटरटेनमेंट के तहत निर्मित है। निर्माताओं ने तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की, जिसमें दूसरे शेड्यूल के पूरा होने का खुलासा किया गया। डीवीवी एंटरटेनमेंट ने लिखा कि सारिपोधा सनिवारम ने महत्वपूर्ण दूसरा शेड्यूल पूरा किया। एक सुखद मनोरंजन अनुभव की गारंटी जल्द ही आपके पास आने वाली है। सारिपोधा सनिवारम में एसजे सूर्या और प्रियंका अरुल मोहन भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। फिल्म का संगीत जेक बेजॉय द्वारा तैयार किया गया है, जबकि संपादन कार्तिका श्रीनिवास द्वारा किया गया है। सिनेमैटोग्राफी का प्रबंधन मुरली जी द्वारा किया गया है।

16 फरवरी को रिलीज होगी फिल्म प्यार के बंधन



मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के सुपर स्टार खेसारीलाल यादव और अभिनेत्री यामिनी सिंह की फिल्म प्यार के बंधन 16 फरवरी को रिलीज होगी। यशी फिल्म्स प्रा. लि. प्रस्तुत फिल्म प्यार के बंधन के निर्माता अभय सिन्हा और निर्देशक अनंजय रघुराज हैं। अभय सिन्हा ने बताया कि यह बेजोड़ फिल्म है। इसको रेणु विजय फिल्म्स एंटरटेनमेंट और निशांत उज्जवल इस फिल्म का वितरण कर रहे हैं। खेसारीलाल यादव ने कहा कि यह फिल्म बंसत ऋतु, के महीना में आ रही है। यामिनी ने कहा कि यह पारिवारिक फिल्म है और इसका निर्माण भव्यता से किया गया है।

श्रीमद रामायण में काम करना अद्भुत अनुभव: सुजय

मुंबई, एजेंसी। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित हो रहे शो श्रीमद् रामायाण में श्रीराम की भूमिका निभा रहे सुजय रेऊ ने कहा है कि श्रीमद् रामायण में काम करना उनके लिए अद्भुत अनुभव रहा है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के दिव्य महाकाव्य 'श्रीमद् रामायण' भगवान श्रीराम के जीवन और शिक्षाओं का वर्णन करती है। भगवान श्रीराम का किरदार निभा रहे सुजय रेऊ ने बताया कि एक एक्टर के रूप में, शाही पोशाक से वनवास की साधारण पोशाक में बदलाव एक गहरा बदलाव रहा है, लेकिन भगवान श्रीराम के गुणों को मूर्त रूप देना निरंतर जारी है, जो सभी स्थितियों में सौम्यता और हौसला बनाए रखते हैं, जो महाकाव्य कथा का केंद्र है। इस शो में काम करना एक बहुत ही अद्भुत अनुभव रहा है, यह न केवल मुझे अपनी कला को विकसित करने में मदद कर रहा है बल्कि इस दिव्य चरित्र की शूटिंग के दौरान मिली सीख के साथ मुझे अपने व्यक्तित्व को आकार देने में भी मदद कर रहा है। माता सीता की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री प्राची बंसल ने कहा कि माता सीता अटूट भक्ति का प्रतीक है, यह साबित करती हैं कि सच्चा प्रेम चुनौतियों से परे है, भगवान श्रीराम और माता सीता का बंधन सभी के लिए एक सच्ची प्रेरणा है कि वे जीवन की परीक्षाओं का सामना करते हुए अपने जीवनसाथी के साथ खड़े रहें। श्रीमद् रामायण, हर सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित किया जाता है।

अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी करन की वेबसीरीज 'लव स्टोरियां'

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड फिलमकार करण जौहर की वेबसीरीज 'लव स्टोरियां' 14 फरवरी को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। वेब सीरीज 'लव स्टोरियां' में छह एपिसोड होंगे, जिसमें सच्ची प्रेम कहानियां दिखाई जाएंगी। धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन तले बनी वेब सीरीज 'लव स्टोरियां' वैलेंटाइन-डे पर 14 फरवरी को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी। अमेजन प्राइम वीडियो ने इंस्टाग्राम अकाउंट से वेब सीरीज 'लव स्टोरियां' का पोस्टर शेयर कर कैप्शन में लिखा है, 'इस वैलेंटाइन हम आपके लिए ऐसी कहानियों को लेकर आए हैं, जो आपको प्यार पर विश्वास करने के लिए मजबूर कर देंगी। ये फेयरीटेल रोमांस के मेकर्स द्वारा बनाई गई हैं।' वेब सीरीज 'लव स्टोरियां' की कहानियों को 6 निर्देशक अक्षय इंडिकर, अर्चना फड़के, कॉलिन डी'कुन्हा, हार्दिक मेहता, शाजिया इकबाल और विवेक सोनी के जरिए दिखाया जाएगा। वहीं, वेब सीरीज 'लव स्टोरियां' को करण जौहर, अपूर्व मेहता और सोमेन मिश्रा धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले बनाया गया है।

यश कुमार की तीन फिल्मों का हुआ भव्य मुहूर्त

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार यश कुमार की तीन फिल्मों का मुहूर्त संपन्न हो गया। यश कुमार की तीनों फिल्मों का निर्माण उनके होम प्रोडक्शन की कंपनी यश कुमार एंटरटेनमेंट की प्रस्तुति होगी, जिसकी निर्माता निधि मिश्रा हैं। यश कुमार की जिन तीन फिल्मों का मुहूर्त हुआ है, उनमें दिल तो बच्चा है जी, जानवर और इंसान 2 और दामाद जी किराए पर हैं 2 है। यश कुमार ने बताया कि तीनों फिल्में अलग-अलग और बेहतरीन पटकथाओं पर आधारित है। उन्होंने कहा है कि जानवर और इंसान 2 और दामाद जी किराए पर है 2 का पहला भाग बेहद सफल रहा था। तब दर्शकों ने दोनों फिल्मों को खूब सारा प्यार और आशीर्वाद दिया था और फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। इस वक्त हमने इस फिल्म के सीक्वल को बनाने का निर्णय लिया था जिसके लिए अब हम तैयार हैं और यह जल्द ही आपके सामने होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

एक नजर

ट्रेन की चपेट में आने अधेड़ की मौत, शिनाख्त नहीं

पुखरायां। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के मलासा गांव के समीप एक अधेड़ ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे जीआरपी चौकी इंचार्ज अरविंद यादव ने शव को अपने कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल करते हुये मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। काफी समय बीत जाने के बाद भी मृतक की पहचान नहीं हो सकी। उसकी उम्र करीब 60 वर्ष है। पुलिस का कहना है कि बुजुर्ग की शिनाख्त कराने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

युवक पर छेड़खानी की एफआईआर दर्ज

मूसानगर। थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने किशोरी से छेड़छाड़ का मुकदमा पंजीकृत कराया। एक गांव की महिला ने बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री जब स्कूल जाती है तो गांव का ही सोनू अभ्रदता करते हुए छेड़छाड़ करता है जिसकी शिकायत लेकर वह बीती मंगलवार को सोनू के घर गई तो गाली गलौज करते हुए उसने मारापीटा ।इस बाबत थाना प्रभारी अमरेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

बाइक डिवाइडर से टकराई युवक गंभीर घायल

पुखरायां। कानपुर नगर के नबाबगंज थाना क्षेत्र के खेऊरा निवासी दीपू पुत्र श्यामा बाइक से कालपी जा रहा था। अभी वह भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र विवेकानंद मोड़ के समीप पहुंचा ही था कि उसकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई जिससे वह घायल हो गया। स्थानीय लोगों के द्वारा दीपू को एम्बुलेंस के माध्यम से उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुखरायां में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों के द्वारा दीपू का प्राथमिक उपचार किया गया। हालत नाजुक होने के चलते चिकित्सकों के द्वारा दीपू को जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया।

वाहन की टक्कर से बाइक सवार दंपति घायल

रनियां। गजनेर थाना क्षेत्र केररुआ निवासी अजय कुमार पत्नी रचना के साथ बाइक से अकबरपुर निजी काम से जा रहे थे। जैसे ही वह रनिया थाना क्षेत्र के मंटोरा ओवर ब्रिज के पास पहुंचे तभी एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। घटना में अजय गंभीर रूप से घायल हो गया तथा पत्नी रचना बाल बाल बच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए विसायकपुर के एक प्राइवेट अस्पताल भिजवाया, जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक को थाना में खड़ा कराया है। इस संबंध में एसओ रनिया महेंद्र पटेल ने बताया कि घटनास्थल पर उपनिरीक्षक रंजीत कुमार को भेजा था। फरार वाहन की तलाश की जा रही है। घटना की तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस पर ठीकरा फोड़ रहा पीडब्ल्यूडी

एक्सईएन बोले, पुलिस देती है ब्लैक स्पॉट की सूची, अंधे मोड़ पर सावधानी के उपायों से बच रहा विभाग

बृजेश श्रीवास्तव, कानपुर देहात

अमृत विचार: बिल्हौर-विषधन रोड पर सिकंदरा थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुर गांव के मोड़ पर सोमवार की भोर पहर सड़क हादसे में छह लोगों की मौत को लेकर लोक निर्माण विभाग अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ते हुए पुलिस पर ठीकरा फोड़ रहा है। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता का कहना है कि सड़क पर ब्लैक स्पॉट की सूची पुलिस और परिवहन विभाग तैयार करता है। जिस अंधे मोड़ पर हादसा हुआ है, उसे ब्लैट स्पॉट घोषित करने का कोई पत्र नहीं मिला।

सोमवार की भोर पहर जगन्नाथपुर गांव के अंधे मोड़ पर कार पलटने के बाद नाले में गिरने से एक साथ छह लोगों की मौत हो गई थी, जबकि दो बच्चे घायल हो गए थे। इस दर्दनाक हादसे में कई परिवारों की खुशियां उजड़ गईं। हादसे का शिकार हुए ये सभी लोग रविवार को डेरापुर थाना क्षेत्र के मुर्रा गांव निवासी पंकज कुमार शर्मा की बेटी सुगम शर्मा का तिलक लेकर इटावा गए थे। तिलकोत्सव के बाद सभी लोग लौट रहे थे, तभी रात लगभग ढाई बजे जगन्नाथपुर के अंधे मोड़ पर हादसे का शिकार हो गए थे।

जगन्नाथपुर का अंधा मोड़, जहां गहरा नाला है। अमृत विचार

इस दर्दनाक हादसे के बाद जगन्नाथपुर के अंधे पर सुरक्षा के उपायों को लेकर आवाज उठनी शुरू हो गई है। हालांकि जगन्नाथपुर गांव के पूर्व प्रधान रामलखन कठेरिया और सुभाष कुमार आदि लोगों का कहना है कि इस अंधे मोड़ पर अक्सर हादसे होते हैं। मोड़ के पास कोई स्पीड ब्रेकर अथवा संकेतक बोर्ड नहीं लगा होने से वाहन फर्राटा भरते हुए गुजरते हैं और हादसे का शिकार होते हैं। यह दीगर बात है कि इतना बड़ा दर्दनाक हादसा पहली बार हुआ है। इनका कहना है कि तीन साल पहले सड़क का डामरीकरण होने के बाद से ही यहां स्पीड ब्रेकर की मांग उठाई जा रही है, लेकिन लोक निर्माण विभाग कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

अब जब इतना वीभत्स हादसा हुआ है तो यह अंधा मोड़ अहम पहलू बनकर उभरा है, लेकिन लोक निर्माण विभाग इसके लिए पुलिस महकमे को जिम्मेदार ठहरा रहा है। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता हेमंत कुमार का कहना है कि कहीं भी सड़क पर स्पीड ब्रेकर, सावधानी का संकेतक बोर्ड अथवा रेलिंग लगाने का काम तभी किया जाता है, जब यातायात पुलिस और परिवहन विभाग की ओर से ब्लैक स्पॉट चिह्नित कर पीडब्ल्यूडी को पत्र भेजा जाता है।

बोले, जगन्नाथपुर के अंधे मोड़ को लेकर अभी तक कोई पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। वह इस बात से किनारा कसते हैं कि सड़क बनाते समय ही विभाग की टेक्निकल टीम की जिम्मेदारी बनती है कि ऐसे अंधे मोड़ पर सुरक्षा के उपाय करे। कुल मिलाकर अधिशासी अभियंता अपनी जवाबदेही से बचते हुए पुलिस को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं।

जल्द ही बनाए जाएंगे स्पीड ब्रेकर: सीडीओ

प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन ने बुधवार को अमृत विचार से बातचीत में कहा कि जगन्नाथपुर गांव के मोड़ पर जल्द ही स्पीड ब्रेकर बनाए जाएंगे। इसके लिए लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया गया है। मोड़ पर हादसे रोकने के लिए सुरक्षा के जरूरी उपाय किए जाएंगे।

डीएम ने पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन से मांगी रिपोर्ट

हादसे में छह लोगों की मौत होने के बाद जिलाधिकारी आलोक सिंह ने लोक निर्माण विभाग से आख्या मांगी है। जिलाधिकारी ने 'अमृत विचार' से बातचीत में कहा कि लोक निर्माण विभाग से इस बात की आख्या मांगी गई है कि खतरनाक मोड़ पर अब तक स्पीड ब्रेकर क्यों नहीं बनाया गया और कोई संकेतक क्यों नहीं लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी का जवाब मिलने के बाद अगला कदम उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर कहीं खतरनाक मोड़ है तो निश्चित रूप से वहां सुरक्षा के उपाय किए जाने चाहिए।

पीडब्ल्यूडी को लिखा जाएगा पत्र: एसपी

एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने 'अमृत विचार' से बातचीत में कहा कि जगन्नाथपुर के खतरनाक मोड़ पर स्पीड ब्रेकर बनाने के लिए पीडब्ल्यूडी को पत्र लिखा जाएगा। यहां पहली बार हादसा हुआ है। इस हादसे के लिए कहीं न कहीं ओवर स्पीड और ओवरलोडिंग वजह बनी है। उनका कहना है कि हादसों के डेटाबेस के आधार पर ब्लैक स्पॉट चिह्नित किया जाता है। जिले में 26 ब्लैक स्पॉट चिह्नित किए गए हैं, जिसकी सूची भेजी गई है। ज्यादातर ब्लैक स्पॉट हाईवे पर हैं। लोगों को भी वाहन चलाते समय सावधानी बरतनी चाहिए।

रैंकिंग में सुधार के लिए दिए गए सख्त निर्देश

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- 90 फीसदी से कम उपस्थिति पर प्रधानाध्यापक जिम्मेदार

अमृत विचार: बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा समय-समय पर दिए गए निर्देश के बाद परिषदीय स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ी है। वहीं दूसरी तरफ उपस्थिति बढ़ाने के बाद यह लगातार मेंटेन नहीं हो पा रही है जिसके कारण निरीक्षण में कभी उपस्थित ज्यादा तो कभी कम दिखती है। स्कूल में उपस्थित को लगातार मेंटेन करने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा नया आदेश जारी किया गया है। अब अगर कक्षा में बच्चों की उपस्थिति 90 फीसदी से कम हुई तो समस्त शिक्षक और प्रधानाध्यापक इसके जिम्मेदार होंगे। वह कार्यवाही के दायरे में आएंगे।

अफसरों ने एक बार फिर से बेसिक स्कूलों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाने पर जोर देना शुरू कर दिया है। बीएसए रिद्धी पाण्डेय ने कहा है कि कम से 90 फीसदी छात्र-छात्राएं स्कूल में शिक्षण कार्य के लिए उपस्थित होने चाहिए। इतना ही नहीं शिक्षकों की उपस्थिति भी शत प्रतिशत होनी चाहिए। शीतकालीन अवकाश के बाद खुले स्कूलों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति 60 फीसदी भी पूरी नहीं हो रही है लेकिन शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा 90 फीसदी उपस्थिति पर जोर दिया जा रहा है। बीएसए ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। बीएसए ने लिखा है कि सीएम डैश बोर्ड पर शिक्षक व बच्चों की उपस्थिति प्रदर्शित होती है जिसके आधार पर प्रदेश स्तर पर जनपद की रैंकिंग का निर्धारण होता है। जिसकी सतत् समीक्षा मुख्य तथा जनपद स्तर पर जिलाधिकारी द्वारा की जाती है। उक्त दोनों बिन्दुओं में विद्यालयों में शिक्षक की शत प्रतिशत व बच्चों की कम से कम 90 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य रूप से होनी चाहिये जिससे जनपद की रैंकिंग प्रदेश स्तर पर बेसिक शिक्षा के अन्तर्गत अच्छी रहे। उन्होंने बीईओ को निर्देश दिए हैं कि समस्त परिषदीय प्राथमिकध्उच्च प्राथमिक शासकीय सहायता प्राप्त एवं वे सभी विद्यालय जो बेसिक शिक्षा विभाग की योजनाओं से आच्छादित हैं में शिक्षकों की शत प्रतिशत उपस्थिति एवं विद्यालयों में पंजीकृत छात्र-छात्राओं की 90 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराएं।

पाइप लाइन की खोदाई से सड़क पर फिसलन

हल्की बरसात से सड़क पर फैला पड़ा कीचड़। अमृत विचार

संवाददाता, मूसानगर

अमृत विचार: गांव में पेयजल आपूर्ति के लिए बिछाई गई पाइप लाइन की खुदाई से फैली मिट्टी बरसात होने से हुआ कीचड़ ग्रामीणों के लिए बना मुसीबत।

विकास खण्ड अमरौधा क्षेत्र ग्राम पंचायत हलिया के गांव क्योंटरा बांगर में हाल ही में पेयजल आपूर्ति के लिए पाइप लाइन डालने का काम शुरू किया गया है। जो अभी पूरा भी नहीं हो पाया है। रविवार शाम से हुई बरसात से खुदाई कार्य से मेंन रास्ते और गलियों में कीचड़ जमा हो गया है। गांव के रामशंकर, रामकेश, संजय, गया प्रसाद, जयप्रकाश ने बताया कि गांव में कीचड़ की वजह से लोगों को पैदल चलना दुश्वार हो गया है। लोग फिसल कर गिर जाते हैं। जगह जगह पर गड्ढे हो गए हैं। जिनमें कीचड़ जमा है। गांव के अन्दर हुई मेन रास्ते में खुदाई से कीचड़ इतना अधिक है कि लोग अपने घरों से निकलने में कतराते हैं। रिमझिम रिमझिम हुई बरसात ने ग्रामीणों की मुश्किल बढ़ा दी है। लोग फिसलकर गिर रहे हैं।

हत्या में पांच भाइयों सहित सात को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- शिवली क्षेत्र के कल्याणपुर जुगराजपुर में हुई थी वारदात
- नलकूप में कुल्हाड़ी, लाठी-डंडों से किया गया था हमला

अमृत विचार: शिवली क्षेत्र के कल्याणपुर जुगराजपुर में छह साल पहले अपने ट्यूबवेल में बैठे युवक की रंजिश में एक ही परिवार के सात लोगों ने मिलकर कुल्हाड़ी और लाठी-डंडों से हमला कर हत्या करने के मामले में पांच भाइयों समेत सात लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। मामले की सुनवाई करते हुए जिला जज ने सभी आरोपियों को दोषी करार देते हुए बुधवार को उम्र कैद की सजा सुनाई और सभी अभियुक्तों पर अर्थदंड भी लगाया है।

जिला शासकीय अधिवक्ता राजू पोरवाल ने बताया कि शिवली क्षेत्र के कल्याणपुर जुगराजपुर गांव के रहने वाले रामस्वरूप ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें बताया गया था कि 15 अगस्त 2017 की सुबह उसका पुत्र खेत में अपने ट्यूबवेल पर बैठा था, उसी समय गांव के रहने वाले रामनारायण उर्फ लंबरी और उसके भाई प्रकाश, रमेश, अजमेर सिंह, सुरेश और अजमेर सिंह के पुत्र पंकज व नीरज लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी लेकर वहां पहुंचे और शैलेन्द्र को घेरकर हमला कर दिया। अभियुक्तों ने उसकी हत्या कर दी। वह शोर सुनकर मौके पर पहुंचा तो सभी अभियुक्त धमकी देते हुए भाग निकले।

पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके बाद मामले की गहराई से विवेचना करते हुए सभी आरोपियों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था। पुलिस की चार्जशीट और गवाहों के बयान के आधार पर अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए सभी अभियुक्तों को दोषी पाया। जिला जज जय प्रकाश तिवारी ने मामले की सुनवाई पूरी करने के बाद बुधवार को सभी सात आरोपियों को आजीवन कारावास की सुनाई और हर अभियुक्त पर 11-11 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। पीड़ित परिवार इंसाफ से खुश है।

दुष्कर्म के दोषी को दस साल का कठोर कारावास

कानपुर देहात। बरौर क्षेत्र के एक गांव में चार साल पहले घर में घुसकर महिला के साथ दुष्कर्म के मामले में अपर जिला जज / एफटीसी प्रथम की अदालत ने आरोपी को दोष सिद्ध करते हुए दस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है, साथ ही उस पर 13 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता अमित सिंह चौहान व अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि बरौर थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला ने रिपोर्ट में बताया था कि वह एक नवंबर 2019 को अपने घर में नहा रही थी। इसी बीच धमना कालपी जालौन निवासी सावंत उर्फ चंद्र मोहन गांव के ही योगेंद्र व उजागर के साथ घर में घुस आया। सावंत ने उसे दबोच कर जबरन दुष्कर्म किया। शोर मचाने पर बाहर बैठे उसके ससुर और गांव के लोगों के आने पर सभी भाग निकले। उसने बताया था कि एक साल पहले उसके पिता ने गांव के लोगों के बताने पर सावंत उर्फ चंद्रमोहन यादव के साथ उसकी शादी तय की थी, लेकिन बाद में उसके नशे का आदी होने की जानकारी पर शादी तोड़ दी गई थी। इससे आरोपी व उसके रिश्तेदार उससे खुन्नस मानते थे।

पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए सावंत उर्फ चंद्र मोहन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पीड़िता के बयान और साक्ष्यों के आधार पर आरोपी के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था। योगेन्द्र व उजागर के खिलाफ कोई साक्ष्य न मिलने पर उनके नाम हटा दिए गए थे। मामले की सुनवाई अपर जिला जज/एफटीसी प्रथम सुरेंद्र सिंह की अदालत में चल रही थी। बुधवार को अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी सावंत उर्फ चंद्रमोहन को दोषसिद्ध करते हुए दस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। उस पर 13 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा नहीं करने पर दोषी को 13 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

कोर्ट के आदेश पर छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज

पुखरायां। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने तीन युवकों के विरुद्ध पुत्रियों के साथ छेड़छाड़ करने का मामला न्यायालय के आदेश पर कोतवाली में दर्ज कराया है। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक महिला ने न्यायालय के आदेश पर भोगनीपुर कोतवाली में मामला दर्ज कराते हुए बताया कि गांव के नवल, सचिन, दीपू उसकी पुत्रियों के साथ आए दिन रास्ते में छेड़छाड़ करते हैं। जब वह विरोध करती है तो गालीगलौज करते हैं। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

अखंड पाठ के समापन पर भंडारा

संवाददाता, पुखरायां

अमृत विचार। मलासा क्षेत्र के डीघ गांव के संकट मोचन धाम हनुमान मंदिर का 34वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। अखंड पाठ के समापन के बाद हवन-पूजन और कन्याभोज के साथ भंडारे का आयोजन किया गया।

संयोजक हरिओम मिश्रा ने बताया कि संकट मोचन मंदिर में मंगलवार को पूजन के बाद अखंड पाठ शुरू हुआ। हनुमान जी का भव्य श्रृंगार किया गया। बुधवार को अखंड पाठ के समापन पर पं.राजकुमार द्विवेदी ने हवन पूजन कराया। कन्या भोज के बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जो देर रात तक चलता रहा। भंडारे में जलालपुर, मुरलीपुर, छतेनी, मोहम्मदपुर, नारायणपुर, अकबरनगर,जगदीशपुर, मलासा, सिंगरसीपुर आदि गांवों के श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। यहां राजेश शुक्ल, श्रवण मिश्रा, अश्विनी शुक्ला, राजू तिवारी, देवेंद्र सिंह, विश्वनाथ तिवारी, मलखान सिंह, गोविंद मिश्रा, कृपाशंकर, संजू मिश्र,सुनील शर्मा,पुष्पेंद्र सिंह, अखिलेश, बउअन यादव रहे।

भडारे से पहले कन्याओं को भोजन कराया गया। अमृत विचार

महिला की संदिग्ध हालात में गई जान

रनियां। गजनेर क्षेत्र के अहमदपुर स्योंदा में महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। वह सुबह उठीं और अचेत होकर गिर गईं। परिजन निजी अस्पताल लाए, जहां हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

अहमदपुर स्योंदा निवासी सुघर सिंह की पत्नी मीरा (55) घर पर ही अपनी जीविका चलाने के लिए छोटी सी दुकान चलाती थीं। पुत्र ओम प्रकाश व विकास का रो रो कर बुरा हाल है। बड़े पुत्र ओमप्रकाश ने बताया कि करीब पांच माह पहले पिता का साया उठ गया था।

हल्की बारिश से रास्ते में दलदल, निकलना दूभर

संवाददाता, रसूलाबाद

अमृत विचार: नगर पंचायत में हल्की बारिश में विकास कार्यों की हकीकत नजर आने लगती है। विभिन्न वार्डों की समस्या को देखा जाए तो बहुत ही दयनीय हालात है। रास्ते पर कीचड़ होने से लोगों को पैदल निकलना तक दुश्वार है।कस्बे के अधिकांश रास्तों के खस्ता हालात है। जगह-जगह गड्ढे भर पानी का जमाव होने से सड़को पर कीचड़ बजबजाता नजर आता है।

वहीं निराला नगर, सुभाष नगर, शास्त्री नगर, आजाद नगर रहीम नगर जैसे विभिन्न वार्डों में ज्यादातर रास्ते खराब है। रहीम नगर में बिल्हौर मार्ग से लेकर कानपुर मार्ग जोड़ने वाला रास्ता पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण लोगों को निकलने में परेशानी होती है। बीते दिनो हुई हल्की बारिश से सड़क पर कीचड़ दिखाई दिया। वार्ड के कमल सिंह ने बताया कि आधिकांश सड़के और नालिया क्षतिग्रस्त पड़ी है।

सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे हैं, जिससे लोगों को निकलने में परेशानी होती है। अक्सर बाइक सवार और पैदल निकलने वाले लोग फिसलकर गिर भी जाते है। वहीं मुन्नू सिंह ने बताया कि रहीम नगर ही नहीं बल्कि नगर पंचायत रसूलाबाद के प्रत्येक वार्ड में जगह-जगह पानी भरा नजर आता हैं। सड़को पर कीचड़ दिखाई देता है। गड्ढे होने से सड़के क्षतिग्रस्त है। जिससे लोगो को पैदल आवागमन करना तक दुश्वार होता हैं।

कीचड़ के बीच से निकलना हुआ मुश्किल। अमृत विचार

मुसीबत पांच हजार घरों को नहीं मिल रहा पानी, एक महीने से खराब पड़ी है पाइप लाइन, अधिकारियों की अनदेखी से जनता परेशान

शाहजहांपुर में पाइप लाइन क्षतिग्रस्त, घरों में पानी का संकट

संवाददाता, राजपुर

अमृत विचार: अमरौधा ब्लॉक के शाहजहांपुर कस्बे में करीब बीस बर्ष पहले ग्राम समूह पेयजल योजना के तहत बनवाई गई पानी की टंकी की पाइप लाइने क्षतिग्रस्त होने से शाहजहांपुर में दो बर्षो से पेयजल संकट हैं। करीब पांच हजार की आबादी को जल निगम की टंकी से पेयजल आपूर्ति होती थी। पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने से गांव में पेयजल समस्या है।

शाहजहांपुर गांव में वर्ष 1995 में ग्राम समूह पेयजल योजना के तहत 500 केएल की पानी की टंकी का निर्माण और दो नलकूपों का कराया गया था। टंकी से शाहजहांपुर गाँव के अलावा जाहगीरपुर की लगभग 10 हजार की आबादी को पेयजलापूर्ति की जाती है। करीब दो वर्ष पहले नलकूप संख्या दो से जुड़े शाहजहांपुर गाँव की पाइप क्षतिग्रस्त हो गई थी। वही नलकूप संख्या दो की लाइन जर्जर होने से आये दिन पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो जाती है जिससे गाँव के लोगों को पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है। मरुआ बस्ती में एक महीने से पेयजल संकट है। गांव के ऊषा, देवी, अनीता देवी, सोबरन, संतोष कुमार, अर्पित कुशवाहा, श्यामजीत, गुडडन त्रिवेदी ने बताया कि नलकूप संख्या दो से जुड़ी पाइप एक महीने पहले क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिससे लगभग तीन सौ घरों में पेयजलापूर्ति ठप्प है। ग्रामीणों को बस्ती से दो से तीन सौ मीटर दूर हैंडपंप में कतार लगाकर पानी की व्यवस्था करनी पड़ रही है। मोहल्ले की गंगावती, रेनू देवी, अभिलाषा देवी, सुनीता देवी, ओमकार, दयानंद, राजेन्द्र ने बताया कि मोहल्ले के अधिकांश हैंडपंप खराब है। राजेश कुमार के दरवाजे लगा हैंडपंप दो वर्षो से खराब है। लाखन सिंह मिस्त्री के दरवाजे से शिवकुमार के दरवाजे तक पाइप लाइन नहीं बिछाने से पानी की आपूर्ति नहीं है वही अमर सिंह के दरवाजे तक पाइप लाइन नहीं बिछाई गई है ऐसे में दो सैकडा से अधिक घरों में पानी की टंकी से पेयजलापूर्ति नहीं होती है।

क्षतिग्रस्त पड़ी पाइप लाइन। सालों से खराब पड़ा हैंडपंप। अमृत विचार

महिलाओं की जुबानी

दरवाजे पर लगे हैंडपंप की तीन वर्ष पहले ग्राम पंचायत के स्तर रीबोरिंग कराई गई थी। उसके बाद से अभी तक हैंडपंप नहीं लगाया गया। -ऊषा देवी

लगभग 10 वर्षों से पेयजल आपूर्ति की समस्या से जूझ रहे हैं। ब्लॉक अफसरों से लेकर तहसील तक कईबार समस्या बताई गई, उसके बाद भी दूर नहीं की गई। - गंगावती

पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने की जानकारी नहीं है। कर्मचारियों को भेजकर जांच कराई जाएगी।

-संजय कुमार, जेई जल निगम

भाजपा के मंडल अध्यक्ष का किया गया स्वागत

संवाददाता, मूसानगर

अमृत विचार: भारतीय जनता पार्टी की तरफ से मण्डल अध्यक्षों की सूची जारी की गई, जिसमें नवनिर्वाचित मण्डल अध्यक्ष का भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया।

कानपुर देहात के जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ल के द्वारा 18 मंडल अध्यक्षों की सूची जारी की गई। जिसमें नवनिर्वाचित मण्डल अध्यक्ष मुक्ता नगर से राहुल निषाद को नियुक्त किया गया बुधवार को मण्डल अध्यक्ष मूसानगर अच्युतानंद शास्त्री नगर व नगीना मोड़ पंहुचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनकर तो कहीं अंगवस्त्र भेंट कर मुंह मीठा करा कर जोरदार स्वागत किया गया। नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी द्वारा जो भी उन्हें जिम्मेदारी मिली है। उसे पूरी आत्मीयता के साथ निभाएंगे। जिसमें आप सभी के सहयोग की अपेक्षा करते हैं। स्वागत करने वालों में रामलाल निषाद, धर्मेंद्र निषाद, नीरज कुमार निषाद, चन्द्र भान निषाद,प्रिंस साहू,मुकेश सैनी, बलराम निषाद,ग्रीस चैहान,राज ठाकुर, आदि लोग शामिल रहे।

मंडण्ल अध्यक्ष का स्वागत करते लोग।

शहर की सड़कों पर गड्ढों का मुद्दा विधानसभा में गूंजा

पोल खोल

कानपुर। शहर में सड़कों के गड्ढे बड़ी समस्या हैं, लेकिन इनके समाधान को लेकर कोई ठोस पहल नहीं हो रही है। कागज पर तो सड़कें महीनों पहले गड्ढा मुक्त हो गई हैं लेकिन हकीकत तो सबके सामने है। शहर में 30 फीसद से अधिक सड़कों पर गड्ढे हैं। अनदेखी के कारण ही छोटे- छोटे गड्ढे बड़े हो जा रहे हैं और हादसे का सबब बन रहे हैं। कागजों पर सड़क बनाने वाले लोक निर्माण विभाग, नगर निगम के अफसरों के माथे पर बुधवार को उस समय बल पड़ गया जब पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने विधानसभा में कानपुर की टूटी सड़कों का मुद्दा उठाया। अब अफसर परेशान हैं कहीं सड़कों के गड्ढा मुक्ति कार्य की जांच न शुरू हो जाए। जांच होगी तो पोल खुलेगी और फिर कार्रवाई भी होनी तय है। कोयला नगर सनिगवां मार्ग की स्थिति बहुत ही खराब है। इस मार्ग पर कदम- कदम पर गड्ढे हैं। शिवकटरा- जाजमऊ मार्ग की स्थिति भी कुछ ऐसी ही है। जाजमऊ राष्ट्रीय राजमार्ग से सिद्धनाथ मंदिर जाने वाली सड़क की हालत तो बहुत ही खराब है। कई जगहों पर तो पूरी तरह से सड़क खत्म हो गई है। जाजमऊ पुरानी चुंगी, नई चुंगी मार्ग भी टूट गया है। श्याम नगर में भी कई सड़कें टूटी हैं तो फजलगंज औद्योगिक क्षेत्र में गड़रियनपुरवा की सड़कें टूट गई हैं। रावतपुर रोडवेज वर्कशॉप के सामने की सड़क भी टूट गई है तो चुन्नीगंज बस स्टेशन के सामने की सड़क भी टूट गई है। रावतपुर में जीटी रोड टूटी हुई है। नवाबगंज में विजय स्मृति गेस्ट हाउस के सामने की सड़क टूटी हुई है। लाल इमली से मर्चेंट चैंबर जाने वाली सड़क जगह- जगह टूट गई है। गोविंदनगर सीटीआई चौराहे की दोनों लेन तीन महीने से ज्यादा समय से टूटी हैं। शास्त्री चौक चौराहे की रोड पर बड़े गड्ढे हैं। फजलगंज कबाड़ी मार्केट शनि मंदिर के सामने सड़क महीनें से टूटी पड़ी है। विजय नगर सब्जी मंडी रोड भी बदहाल है।

ग्रीन पार्क चौराहा के पास टूटी सड़क — अमृत विचार

ग्रीन पार्क चौराहे के पास भी गड्ढे

वीआईपी रोड पर ग्रीन पार्क चौराहा के पास सड़क टूटी हुई है। स्थिति यह है कि यहां कीचड़ भी है। एक तो गड्ढा और दूसरे सीवर की वजह से फैला कीचड़ मुसीबत बन गया है। आए दिन फिसलकर दो पहिया वाहन सवार गिरते हैं और चुटहिल होते हैं। यहां से अफसरों व जनप्रतिनिधियों का काफिला निकलता है पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

स्टॉक एक्सचेंज के बाहर सड़क की हालत। — अमृत विचार

स्टाक एक्सचेंज के सामने की सड़क टूटी

सीवर ओवरफ्लो होने से टूटी स्टाक एक्सचेंज के सामने की सड़क भी टूट गई है। यहां आए दिन नाला ओवरफ्लो होता है। आसपास पानी भर जाता है और आवागमन में दिक्कत तो होती है। सड़क भी पूरी तरह से बर्बाद हो गई है। यहां आए दिन वाहन सवार गिर कर चुटहिल होते हैं।

फूलबाग से परेड रोड भी खराब

मालरोड पर बड़ा चौराहा के पास सड़क टूट गई है। इस सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे हैं। इस मार्ग को बनाने की जिम्मेदारी मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की है, लेकिन अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। ऐसी स्थिति में यहां आए दिन राहगीर और क्राइस्ट चर्च कॉलेज के छात्र- छात्राएं चुटहिल होते हैं।

बड़ा चौराहा के पास सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे। — अमृत विचार

अंबा नर्सिंग होम के पास सड़क खराब है। — अमृत विचार

अंबा नर्सिंग होम के सामने सड़क खराब

अंबा नर्सिंग होम के सामने की सड़क अभी दो माह पहले ही बनी थी, लेकिन यहां आए दिन सीवर लाइन के ओवरफ्लो होने की वजह से सड़क टूट गई है। स्थिति है यह है कि बजरी फैली हुई है। इस वजह से सड़क पर आए दिन बाइक सवार गिरते हैं और घायल होते हैं।

सिविल लाइंस में सड़कें टूटी हुई हैं। न तो अधिकारी ध्यान दे रहे हैं और न ही जनप्रतिनिधि। खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। सड़कें बननी चाहिए।

–संजय शाह, कांग्रेस नेता

कल्याणपुर व आसपास सड़कें अरसे से टूटी हुई हैं। सड़कों पर जो भी गड्ढे हैं वे हादसे का सबब बन रहे हैं। सड़कों की मरम्मत कराने की सख्त जरूरत है।

–आशीष मिश्रा, अधिवक्ता

कैनाल रोड के साथ ही फूलबाग, पनचक्की चौराहा, मालरोड समेत कई जगहों पर सड़कें टूटी हुई हैं। अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। इससे स्पाइन की समस्या है।

– प्रेम शंकर कश्यप

एक नजर

पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार किया

कानपुर। रावतपुर पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में अपना नाम अनुज तिवारी उर्फ पंडित निवासी आनंद नगर व हलीम कबाड़ी निवासी रावतपुर गांव बताया। आरोपियों के पास से एक चोरी की स्कूटी बरामद हुई है। जिसका चोरी का मुकदमा थाने में लिखा गया था।

पिकअप की टक्कर से सेवानिवृत्त फौजी की मौत

कानपुर। सचेंडी थाने के पास साइकिल से बैंक से लौट रहे 68 वर्षीय वृद्ध संतोष कुमार तिवारी को तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हैलट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना के बाद उनकी पत्नी सोमवती, बेटे संजय और अजय का रो-रोकर बुरा हाल था।

दमकल विभाग ने किया जागरूक

कानपुर। महानिदेशक अग्निशमन अविनाश चंद्रा के आदेश पर एफएसएसओ ने अपने-अपने क्षेत्रों में लघु उद्योगों का फायर ऑडिट, मॉक ड्रिल एवं प्रशिक्षण दिया। इस दौरान उन लोगों को कई प्रकार की जानकारियां दी गईं। जहां महिलाएं और बच्चे कार्य करते हैं, उन उद्योगों में खास सतर्कता बरतने का निर्देश दिया।

कुर्की नोटिस चस्पा किया गया

कानपुर। रायपुरवा पुलिस ने अवैध रूप से शस्त्र रखने में अनवरगंज के आजमबेग गढ़इया के रहने वाले राजू के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर जेल भेजा था। इसके बाद से वह लगातार फरार चल रहा था। जिसमें उसके खिलाफ गिरफ्तारी का आदेश जारी हो गया। इसके बाद भी उसके हाजिर न होने पर रायपुरवा पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर उसके घर पर कुर्की की कार्रवाई का नोटिस चस्पा किया है।

एफडीआर तकनीक से बनेंगी जिले की चार सड़कें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पीएमजीएसवाई के तहत सड़कें बनाने को मिली प्रशासकीय स्वीकृति

अमृत विचार। पीएमजीएसवाई (प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना) में जिले की चार सड़कों को मंजूरी मिली है। इन सड़कों का निर्माण एफडीआर (फुल डेप्थ रेक्लेमेशन) तकनीक से होगा। इन सड़कों की प्रशासकीय स्वीकृति हो गई है। प्रदेश सरकार से टेंडर के बाद कार्यदायी संस्था यूपीआरआरडीए निर्माण कार्य शुरू कराएगी।

ग्रामीण अभियंत्रण विभाग प्रखंड कानपुर के अधिशासी अभियंता एके पांडेय ने बताया कि गांगूपुर पिहानी हलियापुर से होते हुए अरौल-मकनपुर का नौ किमी मार्ग, बरीपाल सजेती मरहामाया का पुरवा होते हुए श्रीनगर मार्ग 21.30 किमी, घाटमपुर कुष्मांडा देवी मंदिर से गुच्चुपुर फरीदपुर होते हुए बनहरी मार्ग 5.30 किमी और राष्ट्रीय राजमार्ग रमईपुर से सेनिया मार्ग पर 6.45 किमी सड़क का निर्माण एफडीआर तकनीक से होना है। इन चारों सड़कों के निर्माण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति मिल गई है। इसके बाद प्रदेश सरकार से टेंडर प्रक्रिया पूरी की जाएगी। एफडीआर तकनीक से पीएमजीएसवाई के लिए टेंडर प्रक्रिया भी इंडिया लेवल पर होती है। सारी प्रक्रिया पूरी होने के बाद सड़कों का निर्माण कार्यदायी संस्था शुरू करा देगी। एफडीआर तकनीक से सड़क निर्माण में जर्मनी की मशीनें लगती हैं। एक साथ कई मशीनें काम करती हैं। उन्होंने बताया कि यह तकनीक पूरी तरह पर्यावरण के अनुकूल है। इसी कारण इसे प्रदेश सरकार बढ़ावा दे रही है। इस तकनीक से कम खर्च में सड़क बन जाती है।

इसके निर्माण में तारकोल का प्रयोग नहीं होता है। साथ ही पुरानी सड़क पर पड़ी गिट्टी समेत अन्य चीजों का इस्तेमाल दोबारा सड़क बनाने में कर लिया जाता है। ऐसे में ट्रांसपोर्टेशन पर खर्च नहीं होता है। इस तकनीक से बनी सड़क की उम्र भी ज्यादा होती है।

ऐसे काम करती है तकनीक

फुल डेप्थ रेक्लेमेशन (एफडीआर) एक प्रकार की मृदा-सीमेंट और फुटपाथ पुनर्वास विधि है। जिसमें मौजूदा खराब बिटुमिनस सतह और उसके अंतर्निहित आधार, सबबेस और सबग्रेड सामग्री को एक नई स्थिर आधार परत में पुनर्चक्रित करना है। इसमें पुरानी सड़क को मशीनों से उखाड़कर कर उसकी मिट्टी व गिट्टी को छोटे टुकड़ों में करके मिला दिया जाता है। इसके बाद उसमें मानक के मुताबिक सीमेंट व एक विदेशी केमिकल को मिलाकर सड़क को समतल किया जाता है। तीन चरणों में बनाई जाने वाली इस सड़क का दो बार लैब टेस्ट कराया जाता है।

क्या है एफडीआर तकनीक

इस तकनीक के तहत पुरानी सड़क का उच्चीकरण किया जाता है। इसमें सड़क की ही गिट्टी समेत अन्य चीजों का ही प्रयोग किया जाता है। पुरानी सड़क को जापान और नीदरलैंड की मशीन से सीमेंट और केमिकल को मिक्स करके बनाया जाता है। सड़क पर एक परत केमिकल की बिछाई जाती है। विदेशों में इसी तकनीक से ही सड़क को बनाया जाता है। इस तकनीक से बनी सड़क की लाइफ दस साल होती है।

एफडीआर तकनीक की रिसाइकिलिंग पद्धति

इस तकनीक में कच्ची सड़क को उखाड़कर सड़क से निकलने वाली सामग्री को प्लांट पर ले जाया जाता है। जहां सड़क के वेस्ट मैटेरियल में केमिकल व आवश्यक सामग्री मिलाकर नया मैटेरियल तैयार किया जाता है। सड़क को हवा के प्रेशर से साफ करने के बाद सड़क की नमी दूर की जाती है। इसके बाद बने मैटेरियल को सड़क पर डालकर रोलर चलाया जाता है और सड़क तैयार।

तेल गिरने की बात कहकर टप्पेबाजी

कानपुर। अनवरगंज थानाक्षेत्र में कार सवार युवक से शातिर ने टप्पेबाजी कर ली। शातिर ने पीड़ित से कार के इंजन से तेल गिरने की बात कही इसके बाद घटना को अंजाम दे दिया। पीड़ित ने अनवरगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस सीसीटीवी की मदद से आरोपी की तलाश में जुट गई है।

स्वरूपनगर निवासी आनंद ग्रोवर ने पुलिस को बताया कि मंगलवार सुबह वह जरीब चौकी की ओर से रूमा जा रहे थे। वह अनवरगंज पहुंचे थे कि तभी एक लड़के ने इंजन से तेल गिरने की बात कही। जिस पर उन्होंने डाकखाने के पास गाड़ी खड़ी कर दी और बोनट खोलकर देखने लगे। इसी दौरान दूसरी सीट पर रखा उनका बैग किसी ने पार कर दिया। बैग में 50 हजार रुपये, लैपटॉप और जरूरी दस्तावेज थे।

फजलगंज में भैंस लदा ट्रक पकड़ा, रिपोर्ट

कानपुर। फजलगंज पुलिस ने मंगलवार देर रात भैंस लदा ट्रक पकड़ा। जिसमें ठूंस-ठूंसकर भैंसें भरी गई थीं। प्रभारी निरीक्षक अमरनाथ विश्वकर्मा ने बताया पनकी निवासी अभिषेक कनौजिया की तहरीर के आधार पर ट्रक नंबर के आधार पर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। ट्रक नंबर के आधार पर चालक और मालिक का पता लगाया जा रहा है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि करीब 10 दिन पहले भी इसी थाना क्षेत्र में भैंस लदा ट्रक पकड़ा गया था जो श्याम नगर की ओर से पीछा करने पर भाग कर यहां आया था। भागने के चक्कर में उससे उस वक्त हादसा भी हो गया था।

बच्ची को बेड पर बैठा मां ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। पनकी थानाक्षेत्र में महिला ने बच्ची को बेड पर बैठाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर परिजन पहुंचे तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। इसके बाद कमरे का दरवाजा तोड़ा गया तो वह फांसी पर लटकी मिली।

जिला फतेहपुर के थाना ललौली के ग्राम दसौली निवासी रामलखन निषाद ने पुलिस को बताया कि उनकी 22 वर्षीय बेटी लक्ष्मी की शादी तीन साल पहले पनकी थानाक्षेत्र के महादेव नगर के रहने वाले सनी निषाद के साथ हुई थी।

लक्ष्मी की बेटी माही।

उन्हें 14 माह की बेटी माही है। लक्ष्मी के ससुर राजेश ने पुलिस को बताया कि सनी प्राइवेट ड्यूटी करता है। रात में सब कुछ ठीक था। इसके बाद बहू लक्ष्मी कमरे में बच्ची माही को अंदर लेकर चली गई। काफी देर बाद माही की तेज-तेज रोने की आवाज आई तो दरवाजा खटखटाया लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं आया। इसके बाद कमरे का दरवाजा तोड़ा गया। जहां रस्सी के सहारे बहू लक्ष्मी का शव फांसी के फंदे से लटका था और बच्ची बेड पर बैठे रो रही थी।

- कमरे का दरवाजा अंदर से बंदकर फांसी लगाई

लक्ष्मी के पिता का आरोप है कि पति ने उनकी बेटी की हत्या करने के बाद फांसी पर लटका दिया। इस संबंध में पनकी इंस्पेक्टर रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग की पुष्टि हुई है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

घर पर पथराव, आग लगाने की कोशिश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। चकेरी थानाक्षेत्र में मंगलवार देर रात अराजकतत्वों ने एक शिक्षक के घर पथराव कर दिया। आरोपियों ने आग लगाने का प्रयास किया। घटना को अंजाम देने के बाद तीन आरोपी स्कूटी से भाग निकले। इस दौरान पूरी वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस फुटेज निकलवाकर आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

श्याम नगर के सी ब्लॉक में रहने वाले शिक्षक राकेश पांडेय ने पुलिस को बताया कि उनका किसी व्यक्ति से विवाद नहीं है। मंगलवार देर रात स्कूटी सवार तीन युवक घर के सामने काफी देर खड़े रहे। इसके बाद युवकों ने घर पर पथराव किया। इसके बाद घर में पेट्रोल छिड़ककर आग का गोला फेंककर आग लगाने की कोशिश की। इसके बाद भाग गए। आरोपियों ने घर में कई बार झांकने का प्रयास किया। राकेश पांडेय ने बताया कि गनीमत रही कि घर में आग नहीं लगी।

जनसमस्या पांच साल पहले नमामि गंगे के तहत हुई थी मैनहोल की सफाई, तबसे रोज होता चोक

डेढ़ लाख की आबादी के लिए नासूर बना चोक नाला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। वार्ड 97 में सफी होटल से बकरमंडी जाने वाली मुख्य सड़क पर नरक फैला है। मैनहोल चोक होने के कारण सड़क और उससे जुड़ीं गलियों में जलभराव है। दुर्गंध के कारण लोगों का सांस लेना दुश्वार रहता है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि इस समस्या से करीब डेढ़ लाख की आबादी प्रभावित है। सभी अधिकारियों के संज्ञान में मामला है, मगर सुनवाई नहीं हो रही है।

बेकनगंज, कांजी मोहाल निवासी हाजी मोहम्मद अमीम ने बताया कि सफी होटल से बकरमंडी जाने वाली मुख्य रोड से क्षेत्र की अधिकांश आबादी निकलती है। इस रोड पर नाला है, जो लंबे समय से चोक है। सड़क पर जलभराव होने से 2018 में सफाई हुई थी। उस समय नमामि गंगे के तहत एक कंपनी ने सफाई कराई थी, मगर चोक मैनहोल साफ नहीं हो पाए थे। तब से समस्या लगातार बनी है। उसके बाद सफाई नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि अब तो मुख्य सड़क के साथ उससे जुड़ीं गलियों में भी नाले, मैनहोल का गंदा पानी जमा होने लगा है। आवागमन के समय लोग तरह-तरह के जुगाड़ करते हैं। इस दौरान दर्जनों बार अफसरों से गुहार लगा चुके है, मगर सुनवाई नहीं हुई है।

2018 से समस्या बरकरार

शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं

वार्ड 97 सफी होटल से बकरमंडी रोड पर सीवर का गंदा पानी सडकों पर भरा है। — अमृत विचार

वाटर सप्लाई के साथ शुरू होती मुसीबत

क्षेत्र के मो. मोहसिन, सलीम, शाने आलम ने बताया कि सुबह और शाम की समस्या गंभीर होती है। क्योंकि वाटर सप्लाई शुरू होते ही मैनहोल चोक हो जाते हैं और जलभराव होने लगता है। सुबह जलापूर्ति बंद होने के बाद दिन में करीब चार घंटे की राहत रहती है। इस बीच पानी उतर जाता है। शाम को जलापूर्ति होते ही फिर वही समस्या शुरू हो जाती है।

लोग गंदगी में गिरते

वार्ड 97 के मो. दानिस, मो. जीशान, उन्ना जौहरी ने बताया नगर आयुक्त, जलकल के अधिकारी सभी को इस समस्या की जानकारी है। सुबह-शाम जब जलभराव होता है, उसी समय बच्चों का स्कूल, कोचिंग, लोगों के काम पर जाने व आने का समय होता है। ऐसे में जलभराव, गंदगी में अब तक सैकड़ों लोग गिर चुके हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आशीर्वाद माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड अब अपने नये कार्यालय में 1 जनवरी 2024 से निम्न पते पर तारादेवी सिंह के मकान लखनऊ गोण्डा रोड जरवल रोड बहराइच से संचालित किया जा रहा है।

सूचना

मैंने अपना नाम Baboo से बदलकर Baboo Khan कर लिया है, अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/o PALE, ADD- N. NO. NAYA VILL- MOHAMMADPUR PARSA DEHARIYA, BHINGA SHRAWASTI - 271831 (U.P.)**

सूचना

सूचित हो कि मैने अपना नाम आदिल रिजवी से बदलकर मोहम्मद आदिल रिजवी रख लिया है। – **मोहम्मद आदिल रिजवी पुत्र स्व0 जायर हुसैन रिजवी, निवासी–396/407, ओल्ड 396/165, अंगूरी बाग, कश्मीरी मोहल्ला, थाना– सहादतगंज, लखनऊ।**

सूचना

सूचित हो कि मेरे सभी शैक्षिक अभिलेखों में मेरा नाम मुन्ना दर्ज है, जबकि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड व बैंक पास बुक में मेरा नाम मुन्ना राव दर्ज है। मुन्ना राव एवं मुन्ना दोनों मेरे ही नाम हैं। भविष्य में मुझे मुन्ना राव के नाम से ही जाना जाये। **मुन्ना राव सुत रामजीत निवासी ग्राम जगदीशपुर, पो0 व थाना– अखण्ड नगर जनपद सुल्तानपुर।**

सूचना

सूच्य हो कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा जायद आरिफ पुत्र आरिफ खान दर्ज है, जो गलत है जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरे पिता का नाम मोहम्मद आरिफ खान दर्ज है जो सही है।अतः अब से समस्त अभिलेखों में मेरे पिता का सही नाम ही पढ़ा व समझा जाए। जायद आरिफ पुत्र मोहम्मद आरिफ खान निवासी– ब्राह्मणी ओला बिसवां जिला–सीतापुर

सूचना

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2013 अनुक्रमांक 1787938 अंकपत्र व प्रमात्रपत्र तथा इण्टरमीडिएट वर्ष 2016 अनुक्रमांक 1338154 अंकपत्र व प्रमाणपत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं। **सुप्रियम पुत्र श्री कमलेश सिंह निवासी मोहल्ला लोहिया नगर, वार्ड नं. 4 दिबियापुर औरैया।**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मै मुन्ना लाल पुत्र भगवान बक्श सिंह उर्फ अमरेश कुमार सिंह पुत्र भगवान बक्श सिंह, निवासी बरोसा एक ही हू सरकारी अभिलेखो मे अमरेश कुमार सिंह पुत्र भगवान बक्श सिंह लिखा है घर का नाम मुन्ना लाल पुत्र भगवान बक्श सिंह है हमे आज से उपरोक्त दोनो नाम से जाना पहचाना जाए। – **अमरेश कुमार सिंह उर्फ मुन्ना लाल पुत्र भगवान बक्श सिंह, निवासी– बरोसा, थाना हरगांव, सीतापुर**

सूचना

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2000 अनुक्रमांक 1095900 अंकपत्र व प्रमात्रपत्र तथा इण्टरमीडिएट वर्ष 2002 अनुक्रमांक 0356636 अंकपत्र व प्रमाणपत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं। **सुशील कुमार सामनाड़ी पुत्र श्री प्रीतमदास एफ.एन.5–2, पी.एन. 298 ए, शास्त्री नगर यूटीसी हंसनगर कानपुर नगर– 208005**

सूचना

सूच्य हो कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम गौरी शंकर केडिया पुत्र छेदी लाल केडिया दर्ज है, जो गलत है जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरे पिता का नाम छेदी लाल दर्ज है जो सही है। अतः अब से समस्त अभिलेखों में मेरे पिता का सही नाम ही पढ़ा व समझा जाए। गौरी शंकर केडिया पुत्र छेदी लाल निवासी–महाराजा गंज मास्टर कॉलोनी बिसवां जिला– सीतापुर

सूचना

सूचित किया जाता है कि सन्दीप कुमार यादव पिता आत्मा राम यादव मेरा हाई स्कूल का अंक पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। जिसका अनुक्रमांक 2709379 है। मैंने वर्ष 2020 में हाई स्कूल परीक्षा उत्तीर्ण किया था। संदीप कुमार यादव पिता आत्मा राम यादव ग्राम संतरीदास कुट्टी बदरौली कैसरगंज जिला बहराइच का निवासी है।

Notice

I, Mrs. Safrun, wife of Mr. Firoz, residing in the village Bhanpur, post Hariharpur, tehsil and district Bahraich, state the following: My husband's previous name was Firdosh, and his passport was issued under this name. My husband's recorded name is Firdosh, and this same name is also mentioned on his Aadhaar card, PAN card, etc. My husband is now known and recognized by his official name, Firoz. Mrs. Safrun, wife of Firoz, residing in the village Bhanpur, post Hariharpur, tehsil and district Bahraich, Uttar Pradesh

इसी महीने से बोर्ड परीक्षाओं का महाकुंभ शुरू

चुनावी माहौल के साथ यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारी, पहले परीक्षा फिर चुनाव में ड्यूटी निभाएंगे अफसर

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। यूपी बोर्ड परीक्षाओं के साथ-साथ लोकसभा चुनाव की तैयारियां भी तेजी पर हैं। फरवरी माह में ही बोर्ड परीक्षाओं को महाकुंभ शुरू होने जा रहा है। इस बार लोकसभा चुनाव की आहट के साथ बोर्ड परीक्षा की तैयारी भी प्रशासन कर रहा है। अफसरों पर इस बार ड्यूटी का डबल बोझ है। पहले वह बोर्ड परीक्षा में सेक्टर मजिस्ट्रेट की ड्यूटी करेंगे। इसके बाद वह लोकसभा चुनाव में भी ड्यूटी निभाएंगे। हालांकि शिक्षा विभाग बोर्ड परीक्षा के लिए जिला प्रशासन के साथ तैयारियों में लगा है, लेकिन फिर भी विभागों में कर्मचारियों की कमी से त्रुटियां भी होने की संभावना बढ़ गई हैं।

फरवरी माह में बोर्ड परीक्षाओं का महाकुंभ शुरू होगा। यूपी बोर्ड, सीबीएसई बोर्ड, आईसीएसई समेत मदरसा आदि की परीक्षाएं आयोजित हो रही हैं। इनके समाप्त होते ही लोकसभा चुनाव की रणभेरी बज जाएगी। ऐसे में अधिकारी व कर्मचारी हैरान हैं, कारण है

- विभागों में कर्मचारियों की कमी होने से त्रुटियां भी होने की संभावना बढ़ गई

कि इन्हीं लोगों के ऊपर दोनों की जिम्मेदारी रहेगी। यही अधिकारी बोर्ड परीक्षा में भी सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी निभाएंगे और इन्हीं को लोकसभा चुनाव में भी लगाया जाएगा। इसी प्रकार शिक्षकों को भी दोहरी मार झेलनी पड़ेगी। शिक्षक पहले बोर्ड परीक्षा में कक्ष निरीक्षक की ड्यूटी करेंगे। इसके बाद वह लोकसभा चुनाव में पीठासीन व मतदान अधिकारी बनकर बूथों पर जाएंगे। ऐसी स्थिति में अप्रैल माह तक अफसरों, कर्मचारियों व शिक्षकों पर बोझ बढ़ गया है।

परिषदीय शिक्षक भी करेंगे ड्यूटी

बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों की भी ड्यूटी बोर्ड परीक्षा व लोकसभा चुनाव में लगाई जाएगी। इससे पहले उन्हें कई प्रशिक्षणों के दौर से गुजरना पड़ेगा। शासन की मंशा है कि सभी विद्यालय शत-प्रतिशत निपुण हों, लेकिन शिक्षकों को बोर्ड परीक्षा व चुनाव में व्यस्त रहने से बच्चे किस प्रकार निपुण होंगे। अन्य विभागों में इतने कर्मचारी भी नहीं हैं, जिनसे चुनाव कराया जा सके।

कई परीक्षा केंद्र संसाधन विहीन

यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए जो केंद्र बनाए गए हैं। इस बार माध्यमिक शिक्षा परिषद ने जीपीएस व गूगल मैप की मदद से परीक्षा केंद्र बनाए हैं। फिर भी कई केंद्र दूर हो गए हैं, जिससे परीक्षार्थियों को परेशानी होगी। इसके अलावा कई केंद्रों पर संसाधनों का अभाव है। जिला विद्यालय निरीक्षक शिवपूजन द्विवेदी ने बताया कि जिन केंद्रों पर अभी मानक अधूरे हैं, उन्हें जल्द पूरा कराया जाएगा।

अधिक अंक लाने को अब शिक्षक दे रहे परीक्षा के टिप्स

कार्यालय,संवाददाता फतेहपुर

- यूपी बोर्ड परीक्षाओं को लेकर बच्चों को तैयार कर रहे शिक्षक
- फिलहाल, 195 केन्द्रों में चल रही इंटर की प्रयोगिक परीक्षाएं

अमृत विचार। यूपी बोर्ड की 22 फरवरी से हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं शुरू हो रही है। इसमें इंटरमीडिएट के बच्चों की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 195 केन्द्रों में चल रही हैं। साथ ही बच्चे परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए पढ़ाई में जुटे हैं। वहीं अच्छे अंक लाने के लिए शिक्षक भी अपने-अपने विषय में बारीकियां समझा रहे हैं।

इंटरमीडिएट में बच्चे हिंदी विषय में पूरे वर्ष बहुत कम ध्यान देते हैं। परीक्षा काल निकट आते ही बच्चे हिंदी पर फोकस करते हैं। हिन्दी के शिक्षक कालीचरन ने हिंदी में अच्छे अंक लाने के लिए बच्चों को कुछ टिप्स दिए हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छे अंक लाने के लिए अपने लेखन कौशल पर विशेष ध्यान देना चाहिए। वहीं कवियों व लेखको की जीवनियां लिखते समय उनके महत्वपूर्ण बिंदुओं जन्म, मृत्यु, रचना आदि को विशेष महत्व देते हुए उन्हें हाईलाइट करते हुए लिखें। निबंध लिखते समय उचित शीर्षक का ध्यान रखें। अनिवार्य संस्कृत खण्ड में व्याख्या महत्वपूर्ण होती है। निबंध के लिए संभावित विषय पर्यावरण, विज्ञान, साहित्य व अमृत काल है। इन विषयों पर विद्यार्थी निबंध की तैयारी कर अच्छे से लिख सकते हैं। वहीं हिंदी जैसे विषय में बहु विकल्पीय प्रश्नों पर आधारित प्रश्नों को पहले और व्याख्या पर आधारित प्रश्नों जैसे निबंध, जीवनी, प्रार्थना पत्र आदि को बाद में लिखना चाहिए। व्याकरण के लिए बच्चों को रस, छंद व अलंकार की परिभाषा के साथ उदाहरण भी लिखना चाहिए।

एक्शन से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप

संवाददाता, औंग फतेहपुर

अमृत विचार। नेशनल हाईवे स्थित औंग में अधिग्रहीत जमीन पर पुनः कब्जा करने वाले अतिक्रमणकारियों में उस समय सनसनी फ़ैल गई जब मंगलवार की समीक्षा बैठक में डीएम ने चौड़ीकरण की दिक्कतों को शीघ्र निस्तारित करने व यातायात सुगम बनाने के लिए अधिग्रहीत भूमि पर विधिवत कब्जा करने के लिए उपजिलाधिकारी बिन्दकी को निर्देश दिए।

ज्ञात हो कि कस्बा औंग सहित कई गांवों व कस्बे में नेशनल हाईवे की कार्यदाई संस्था पीएनसी को निर्माणकार्य पूरा करने में काफी अड़चने आ रही हैं। जिससे औंग की अड़चनें हमेशा सुर्खियों में रही हैं। भूमि अधिग्रहण व बेदखली से सम्बन्धित किया गया राजस्व विभाग द्वारा मुंहदेखा व्यवहार शासन प्रशासन में सर्वविदित है। ग्रामीणों द्वारा औंग की सरकारी जमीन गाटा संख्या 782 व 783 को लेकर नेशनल हाईवे कार्यालय, आईजीआरएस, पीजी पोर्टल, हाईकोर्ट, लीगल फोरम सुप्रीम कोर्ट आदि में ग्रामीणों द्वारा 20 से अधिक शिकायतें की जा चुकी हैं, जिनमें कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

कुछ इस तरह से अव्यवस्थित हैं साइड लेन। अमृत विचार

मुसीबत बना संकरा सर्विस लेन

कस्बे में नेशनल हाईवे पुल के दोनों तरफ सर्विस लेन करीब एक मीटर संकरा बनाया गया है और यह एक मीटर भूमि जिसके सामने की है उसे ही गिफ्ट कर दी गई है। दोनों तरफ नाले में बना फुटपाथ भी गाटा संख्या 782, 783 में दो मीटर के स्थान पर सिर्फ एक मीटर ही बनाया गया है और ये एक मीटर भूमि भी उसी तरह गिफ्ट कर दी गई है। सर्विस लेन संकरा होने के कारण सिंगल बड़ी गाड़ियों के मुड़ने में कठिनाइयां हो रही हैं। फुटपाथ संकरा हुआ और उस कब्जा भी हो गया है जिससे पैदल चलने वालों के लिए कोई जगह नहीं बची है।

तीन मीटर जमीन से भ्रष्टाचार के संकेत

गिफ्ट की गई उक्त सरकारी भूमि की है। जिसमें अतिक्रमणकारियों को अभिलेखों में हेराफेरी करके भारी भरकम मुआवजा भी दिया जा चुका है। एक शिकायतकर्ता ने बताया है कि इससे सम्बन्धित शिकायतों की पत्रावलियां तहसील बिन्दकी, हाईवे कार्यालय, आईजीआरएस में देखी जा सकती हैं। जिस तरह से सर्विस लेन व फुटपाथ की बचाई गई तीन मीटर जमीन गिफ्ट कर दी गई है। उससे भ्रष्टाचार के बड़े संकेत उभर रहे हैं।

पति-बेटे की मौत हो गई, पोतियों से हुई दरिंदगी, डीएम से गुहार

संवाददाता फतेहपुर

- जिलाधिकारी से बुजुर्ग ने लगाई न्याय की गुहार
- बोली, ब्लैकमेल कर हड़प लिया गया सब कुछ

अमृत विचार। पति और बेटे की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। इसके बाद मेरे बेटे के दोस्त ने अपने साथियों के साथ मिलकर दो पोतियों के साथ दुष्कर्म किया। उसने इस घटना का वीडियो भी बना लिया। इसी वीडियो को दिखाकर हमारी संपत्ति हड़प ली। उसने ब्लैकमेल करते हुए हमारा जीना दुश्वार कर दिया। ऐसा आरोप लगाते हुए एक बुजुर्ग महिला कलेक्ट्रेट पहुंची।

सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला के रहने वाली 65 साल की बुजुर्ग महिला ने अपनी बहू और दो पोतियों के साथ जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया है। उसने एक व्यक्ति पर बड़ा आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देते हुए बुजुर्ग महिला ने प्रार्थना पत्र में लिखा है कि उसके पति ब्लॉक में सरकारी नौकरी करते थे। 27 दिसंबर 2020 को उनकी मौत हो गई। पति के मौत बाद इकलौता पुत्र की डेढ़ साल बाद सड़क हादसे में मौत हो गई। उसके बाद बहू रोजाना लड़ाई झगडा किया करती थी। जिस कारण मैं अपनी दो सगी नातिन को लेकर अलग रहनी लगी। नातिन के अच्छे भविष्य को लेकर मृतक पुत्र के दोस्त के डांस एकेडमी में करा दिया। इसी बीच मेरी बहू को बरगलाकर विवाद कराया और दोनों नातिन को भी अपने चंगुल में फंसाकर नाजायज फायदा उठाने लगा। उसके बाद 26 नवंबर 2022 से लेकर 25 नवंबर 2023 तक मुझे और मेरी दोनों नातिन को डरा धमकाकर घर पर बंधक बनाकर रखा था। इस दौरान युवक अपने दोस्तों के साथ घर आता था और शराब पीकर गलत हरकत करते थे और विरोध करने पर मारपीट किया जाता था। युवक ने डांस एकेडमी में मेरी दोनों नातिन से जबरन पूरा काम कराते थे और दोस्तों के बाद दोनों नातिनों के साथ दुष्कर्म कर वीडियो बना लिया था। इसके बाद वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर दो मकान को फर्जी बैनामा कराकर एक कार व बाइक को भी अपने कब्जे में ले रखा है। घर के सारे जेवर लेकर धमकी देते हुए दुष्कर्म का वीडियो वायरल करने की धमकी देते है।

पुलिस ने नहीं की कार्रवाई

पीड़ित बुजुर्ग महिला ने आरोप लगाया कि उसने जब इस बात की लिखित शिकायत 13 दिसंबर 2023 को कोतवाली पुलिस और उसके बाद जिले के अधिकारियों को दिया लेकिन कोई सुनवाई नही हुआ। वह लोगा सड़क पर आ गए है, परिवार के साथ जिलाधिकारी के चौखट पर जाकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित महिला ने कहा वह लोग अगर न्याय नही मिला तो मुख्यमंत्री के दरबार पहुंचकर शिकायत करेगी।

सरकारी पट्टा की जमीन पर दबंगों ने किया कब्जा

खागा, फतेहपुर। थाना खखरेरु क्षेत्र के हकीमपुर खंतवा गांव निवासी रामकली पत्नी वासुदेव की पहले से सरकारी जमीन पर पट्टा किया गया था जिस पर गांव के ही एक दबंग व्यक्ति द्वारा कब्जा कर भूमि में भवन निर्माण किया जा रहा है। जिसकी लिखित में शिकयती पत्र पीड़िता ने मुख्यमंत्री पोर्टल, उपजिलाधिकारी खागा व खखरेरु थाना प्रभारी प्रमोद कुमार राव को दी है।

पीड़ित महिला ने अपने बयान में कहा कि गांव का ही रहना वाला भू-माफिया दबंग किस्म का व्यक्ति फारूक अहमद पुत्र अजमत उल्ला, के द्वारा जबरन सरकारी पट्टा की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। जबकि वह पट्टा मेरे नाम पहले से एलाट है। अवैध कब्जा को लेकर ज़ब विरोध किया गया तो मौके से धक्का मारकर वहां से मुझे दौड़ा दिया गया।

इस बीच फारूक अहमद के पुत्र मासूक अहमद ने गोली मारने की धमकी देते हुए अभद्रता की गई।

डीएम के आदेश के बाद भी प्रदूषण उगल रही कम्पनी

संवाददाता, औंग फतेहपुर

अमृत विचार। नेशनल हाईवे स्थित तहसील बिन्दकी के ग्राम गोधरैली के निकट स्थापित त्रिमूर्ति वूड प्रोडक्ट नाम से चलने वाली फैक्ट्री आज भी काला धुंआ छोड़ती नजर आ रही है। जबकि माह दिसम्बर में डीएम के निरीक्षण के दौरान प्रदूषण उगल रही कंपनियों को बन्द करके उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश हुए थे। गांवों में अभी कहीं-कहीं से अपशिष्ट नहीं हटाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि रात में चोरी छिपे बस्ती से बाहर अपशिष्ट आज फेंका जा रहा है।

इसलिए बुलन्द हैं हौसले: ज्ञात हो कि उस समय डीएम ने कई जगह डाले गए अपशिष्ट का निरीक्षण किया था। जिसमें सम्बन्धित अधिकारी को जांच करने के बाद अपशिष्ट डालने वाले वाहन, कम्पनी तथा डलवाने वाले ठेकेदार के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के लिए आदेश दिए थे।

जिसमें अभी तक अपशिष्ट से सम्बन्धित कोई जांच या कोई एफआईआर नहीं हुई। इसी वजह से कंपनियां बेलगाम हो गई हैं।

कुछ इस तरह से धुआं उगलती हैं फैक्ट्रियां।

धुंआ कर रहा वातावरण को प्रदूषित

इस जहरीले धुएं से पूरे क्षेत्र में प्रदूषण व्याप्त हो रहा है। इससे स्वांस, दमा, अस्थमा तथा खांसी के मरीजों की परेशानी बढ़ रही हैं। इसके अतिरिक्त रबी की फसल गेहूं, तिलहन, दलहन तथा सब्जियों में भी यह प्रदूषण मिक्स हो रहा है। जिम्मेदार लोगों ने इस प्रकरण से किनारा कर लिया है, जबकि क्षेत्र के ग्रामीण इसे लेकर चिन्तित एवं भयभीत हैं।

सार-संक्षेप

बंधक बनाकर युवक के साथ की मारपीट, गाड़ी में की फायरिंग

फतेहपुर। मुकदमे में सुलह समझौता कराने का झांसा देकर युवक को चार पहिया में बंधक बनाकर मारा पीटा। युवक को झूठे मुक़दमे में फंसाने के पिस्टल से फायरिंग की। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया हैं। राधानगर निवासी मनीष शुक्ला ने बताया कि एक फरवरी को रुपेश तिवारी, ओम दुबे और शिवम तिवारी ने उसके साथ मारपीट की थी। जिसका मुकदमा राधानगर में दर्ज कराया था। सोमवार को याशु दुबे ने मुकदमे में सुलह समझौते के लिए पक्का तालाब स्थित अपनी दुकान पर बुलाया था। वह शाम को वहां पहुंचा। दुकान में मौजूद रुपेश तिवारी, सूर्या प्रकाश, गोलू सिंह उसे लेकर शालीमार होटल पहुंचे। होटल में पार्टी के बाद उसके साथ मारपीट की। बंधक बनाकर गाड़ी से राधानगर ले गए। रुपेश घर से पिस्टल लेकर आया और गाजीपुर थाना क्षेत्र के पहाड़पुर मोड़ के पास गाड़ी लॉक कर गाडी में फायरिंग की। झूठे मुक़दमे में फसाने के लिए मारपीट कर थाने लेकर पहुंचे। आरोपी पुलिस पर झूठा मुकदमा लिखने का दबाव बनाने लगे। मामले की जांच कर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। थानाध्यक्ष विनोद सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाई की गई हैं। एक आरोपी को पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया गया हैं।

पुलिस की वर्दी फाड़ी, थाने में आग लगाने की धमकी

किशनपुर। थाना क्षेत्र के सिल्मी गांव में मंगलवार देर रात विवाद की सूचना पर पहुंची पुलिस से एक व्यक्ति भिड़ गया। शराब के नशे भिड़े युवक ने सिपाही की वर्दी भी फाड़ डाली। किसी तरह से पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर रिपोर्ट दर्ज की है। सिल्मी गांव निवासी अनुज शुक्ला शराब के नशे में होकर गांव के ही शिवदीप सिंह के साथ गाली-गलौज कर रहा था। कुछ देर बाद शराबी और आक्रोशित हो गया और पूरे गांव वालों को गालियां देने लगा। इसी दौरान किसी ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर विजयीपुर चौकी पर तैनात दो सिपाही मौके पर पहुंचे। पुलिस के मौके पर पहुंचते ही अनुज और आक्रोशित हो कर पुलिसकर्मियों को भी गाली देने लगा। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने युवक को समझाने का प्रयास किया लेकिन वह पुलिस से ही भिड़ गया। गाली-गलौज करते हुए पुलिस कर्मियों से हाथापाई करने लगा और सिपाहियों की वर्दी फाड़ डाली। कुछ देर बाद मौके पर पहुंची थाने से पुलिस ने किसी प्रकार से आरोपी को हिरासत में लिया और पकड़कर थाने आई। थाने में भी काफी देर तक तांडव मचाता रहा और अपनी बड़ी पहुंच बताकर पुलिसकर्मियों को गाली गलौज कर थाने में आग लगा देने की धमकी देता रहा।

हाईवे किनारे मिला बुजुर्ग शख्स का शव

फतेहपुर। कानपुर-प्रयागराज हाईवे में बिलन्दा कस्बे के पास एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव मिलने से बुधवार को हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिल सकी।

थरियांव थाना क्षेत्र के हसवा चौकी क्षेत्र स्थित बिलंदा बाईपास के पास एक शव पड़ा देख लोगों में हड़कंप मच गया। में शव पड़े होने की सूचना गांव में फैल गई। पुलिस ने ग्रामीणों से पहचान कराई। लेकिन कुछ पता नहीं चल सका।

गर्मी में बेहतर बिजली देने को हो रही कवायद

कार्यालय, संवाददाता फतेहपुर

- बिजली विभाग द्वारा चलाया जा रहा अनुरक्षण माह
- विभागीय टीम ने सौ केवीए व अधिक क्षमता वाले ट्रांसफार्मर कर रहे चेक

अमृत विचार। गर्मी में शहरियों को बेहतर बिजली आपूर्ति देने के लिए बिजली विभाग में अनुरक्षण माह चल रहा है। जिसमें सौ केवीए से अधिक क्षमता वाले सभी ट्रांसफार्मरों का संतुलन व लोड चेक किया जा रहा है, जिससे उन्हें गर्मी से मुकाबला करने के लिए तैयार किया जा सके। ट्रांसफार्मरों के रेड, ब्लू व यलो फेस तथा न्यूट्रल को चेक करते हुए उन्हें संतुलित किया जा रहा है।

अधिशाषी अभियंता सदर राजमंगल यादव ने बताया कि शहर समेत अन्य क्षेत्रों में मौजूद 200 क्षमता वृद्धि वाली जगह नए ट्रांसफार्मर लगाये जाएंगे। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा चार सौ केवीए क्षमता के ट्रांसफार्मरों का निरीक्षण करते हुए उनके लोड की जांच की।

किसी फेस पर अधिक एम्पियर की सप्लाई पाई गई तो किसी पर कम लोड मिला। सभी ट्रांसफार्मरों के फेस को बैलेंस कराया जा रहा है। बताया कि हम शहर में स्थित सौ केवीए क्षमता से अधिक चिन्हित ट्रांसफार्मरों की जल्द ही जांच पूरी कर ली जाएगी।

निर्माणाधीन मकान में लें अस्थाई कनेक्शन

अधिशाषी अभियंता ने कहा कि हमारा लक्ष्य जिले में शासन की मंशा के मुताबिक विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना है। उपभोक्ता भ्रमित न हों। किसी भी तरह की समस्या होने पर सीधे मिलकर अपनी समस्या साझा कर सकते हैं। कहा कि घरेलू कनेक्शन से दुकानें न संचालित की जाएं। इसके लिए कामर्शियल कनेक्शन लिए जाएं। निर्माणाधीन मकान व प्रतिष्ठान के लिए अस्थाई कनेक्शन लें।

मौसम का मिजाज बुधवार सुबह से सूर्य के दर्शन हुए तो फिजां में खिली धूप बिखर गई, धूप खिलने से लोग काम पर लौटे

बारिश के बाद खिली धूप, लेकिन गलन बरकरार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- खिली धूप के साथ गलन भरी हवाओं ने कराया सर्दी का एहसास
- पहाड़ों पर बर्फबारी के असर से मैदानी क्षेत्र में भी पड़ने बढ़ी सर्दी

अमृत विचार। बीते तीन दिन से बारिश और बदली से भले ही लोगों को परेशानी हुई हो पर बुधवार का दिन धूप खिलने से लोगों के चेहरे खिले नजर आए। धूप से लोगों को बड़ी राहत मिली। हालांकि सर्द हवाओं से लोगों को गलन का एहसास होता रहा। स्कूली बच्चे सुबह ठिठुरते हुए स्कूल पहुंचे।

फरवरी माह में मौसम बार-बार बदल रहा है। बीते कई दिनों से बारिश और बदली के कारण धूप के दर्शन नहीं हुए। जिससे पारा काफी लुढ़क गया था। बारिश होने से फसलों पर भी आफत रही। सड़कों पर निकलना दूभर रहा। बुधवार सुबह से सूर्य देव के दर्शन हुए तो फिजां में खिली धूप बिखर गई। धूप खिलने से लोग काम पर लौटे। सुबह जो बच्चे स्कूल सर्दी में ठिठुरते हुए स्कूल जाने को मजबूर हुए लेकिन दोपहर को जब स्कूलों की छुट्टी हुई तो बच्चे भी खुश नजर आए। शहर के खेल मैदान, पार्क एवं घर की छतों एवं चौबारों में छोटों से लेकर बड़े तक धूप का आनंद लेते हुए नजर आए। हालांकि इस बीच गलन अपना एहसास कराती रही। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बर्फबारी का असर मैदानी क्षेत्रों में भी पड़ रहा है। इसी के कारण मैदानी क्षेत्रों में एक बार फिर गलन का एहसास हो रहा है। मौसम खुलने से सबसे ज्यादा खुश किसान नजर आए। खराब मौसम से सबसे ज्यादा चिंतित किसान थे। बुधवार को अधिकतम तापमान 22 डिग्री तो दिन में न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

बुधवार को निकली धूप में मैदान में खेलते बच्चे। अमृत विचार

अभी सर्दी से राहत नहीं

मौसम विभाग की मानें तो अभी कई दिन तक गलन भरी सर्दी पड़ने की सम्भावना है। बीते दिनों तापमान में सुधार होना शुरू हो गया था। जिससे अधिकतम तापमान 24 व न्यूनतम तापमान आठ से दस डिग्री तक पहुंच चुका था। लेकिन पहाड़ों पर होने वाली बर्फबारी व बारिश संग ओलावृष्टि से आने वाले समय में तापमान में गिरावट की संभावनाएं बन रहीं हैं। आने वाले समय में एक बार फिर से न्यूनतम तापमान छह से सात डिग्री तक पहुंच सकता है।

केशलता अस्पताल
फ्री "मेगा आर्थो स्पाइन एवं स्त्री रोग" कैंप
प्रिय नगरवासियों आपके शहर में "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" का आयोजन किया जा रहा है
दिनाँक : 6 / 7 / 8 फ़रवरी 2024 समय प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक
स्थान : केशलता अस्पताल , डेलापीर - बरेली
हड्डी एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ
डॉ. (प्रो.) वरुण अग्रवाल
मिनिमल इनवेसिव और एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जन, प्रो. ऑर्थोपेडिक्स, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रज्ञा मिश्रा
गायनी एंडोस्कोपी, लेप्रोस्कोपी और हिस्टेरोस्कोपी सर्जन, प्रो. गायनी, स्त्री रोग विशेषज्ञ रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली
FREE! "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" FREE!
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) सलाहकार चिकित्सक और कार्डियो - मधुमेह विशेषज्ञ
डॉ. अनुपम सेठ
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट एवं न्यूरोलॉजिस्ट
विशेष सुविधाएं
• नि:शुल्क परामर्श
• बी.एम.डी जॉच नि:शुल्क
• खून की जांचों पर भारी छूट
• एक्स-रे पर भारी छूट
• सभी दवाइयों पर भारी छूट
• आयुष्मान कार्ड धारकों का नि:शुल्क ऑपरेशन
• कैंप में रजिस्टर्ड मरीजों के ऑपरेशन पर भारी छूट
नि:शुल्क रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें : 9081800900, 8006460900

बारातियों पर चढ़ा लोडर नाच रहे बच्चे की गई जान

चार बच्चे गंभीर रूप से घायल, हुसेनगंज क्षेत्र में हुआ हादसा

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। बैंड बाजे की धुन पर नाचते गाते जा रहे बारातियों को तेज रफ्तार पिकअप रौंदता चला गया। हादसे में पांच बच्चे घायल हो गए, जिन्हें पुलिस ने नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने एक बच्चे को मृत घोषित कर दिया, जबकि चार बच्चों की हालत गंभीर देखकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। चीख पुकार के बीच चालक गाड़ी छोड़कर भाग गया।

हुसैनगंज थाना क्षेत्र के झारखंडी का पुरवा मजरे के मवई गांव के रहने वाले पप्पू पुत्र भोला के घर गणेशपुर गांव के रहने वाले बलराम पुत्र राम दास के यहां से बारात गई थी। देर रात अगवानी के लिए बैंड बाजे की धुन पर नाचते गाते बाराती चल दिये। इसी बीच बारात में गए कुछ बच्चे सड़क किनारे खड़े हो गए। उसी दौरान तेज रफ्तार से आए पिकअप ने बच्चों को कुचल दिया। हादसे के बाद बारातियों में चीख पुकार मच गई। लोगों ने पिकअप को दौड़ा लिया, आगे जाकर पिकअप चालक गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल पांच बच्चों को एम्बुलेंस के माध्यम से नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य हुसैनगज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने निकेश (14) निवासी शिवपुर मजरे गणेशपुर को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल सूरज, आयुष और सचिन समेत चार बच्चों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। थाना प्रभारी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि पिकअप को थाने में खड़ा करा दिया गया है। मृत बच्चे का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

अस्पताल में भर्ती कराए गए बच्चे।

निकेश।

- बैंड-बाजे पर डांस करते हुए जा रहे थे बाराती, तभी हुआ हादसा

शॉर्ट सर्किट से किराने की दुकान में लगी आग

संवाददाता फतेहपुर

- करीब पांच लाख रुपए का सामान जल कर राख

अमृत विचार। एक दुकान में बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। दुकान का सारा सामान जलकर खाक हो गया। बगल में पुलिस चौकी होने से मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने फायर ब्रिगेड टीम को सूचना दिया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने आग पर काबू पाया। पीड़ित दुकानदार ने बताया कि लगभग पांच लाख रुपए का सामान जलकर खाक हुआ है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के बाकरगंज पुलिस चौकी के बगल में एक किराने की दुकान स्थित है दुकानदार देर रात करीब दस बजे दुकान बंद कर घर चला गया।इसी बीच दुकान के अंदर से धुंआ उठता देखकर आस पास के दुकानदार ने चौकी में मौजूद पुलिस कर्मियों को बताया। पुलिस कर्मी के सूचना पर पहुंचे दुकान मालिक ने शटर खोला तो दुकान के अंदर आग लगी थी। आस पास के लोगों ने बाल्टी से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। इसी बीच पुलिस पहुंच गई।

आग पर काबू पाने का प्रयास करते दमकलकर्मी। अमृत विचार

वोट जरूर डालने को किया जागरूक

मतदाता जागरुकता के तहत हुई पोस्टर प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- मतदाताओं को जागरुक करने के लिए हुआ कार्यक्रम
- महर्षि विद्यालय में कराई गई पोस्टर प्रतियोगिता

अमृत विचार। वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम, जैसी भावनाओं के साथ मतदाताओं को जागरुक किया गया। स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जिलाधिकारी सी. इंदुमती के मार्गदर्शन के अनुसार मंगलवार को स्वीप आइकॉन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।

शहर के महर्षि विद्या मंदिर इंटर कालेज में मतदाता जागरूकता पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अमृत प्रभात यादव कान्धी नायब तहसीलदार व लक्ष्मी बाजपेयी हसवां नायब तहसीलदार उपस्थित रहीं। डॉ अनुराग द्वारा बच्चों के माध्यम से अभिभावकों, रिश्तेदारों व पड़ोसियों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही अन्य लोगों को भी प्रेरित करने के लिये समझाया गया। वहीं नायब तहसीलदार लक्ष्मी बाजपेयी ने सभी को मतदाता शपथ भी दिलाई कि हम सभी लोगों को जागरूक करेंगे व वृद्ध, दिव्यांगजन को मतदान स्थल तक पहुंचाने में मदद करेंगे। मतदाता जागरूकता पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम वैष्णवी अग्रहरि, द्वितीय साक्षी सचान व तृतीय स्थान पर वर्तिका निषाद रहीं। प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी सहित सभी अध्यापक, अध्यापिकाएं व प्रमुख सहयोगी चैतन्य कुमार, अंजू वर्मा आदि मौजूद रहे।

हाईवे किनारे कबाड़ की दुकान में उतर रहा सामान

संवाददाता फतेहपुर

- खुलेआम ट्रकों से सरिया, कोयला, डीजल, लोहे के चादर की जा रही चोरी
- खागा कोतवाली क्षेत्र के हाईवे के पास अवैध कांटा में हो रहा यह खेल

अमृत विचार। खागा कोतवाली क्षेत्र में हाईवे किनारे फ्लाईओवर के पास कबाड़ की एक दुकान का संचालन किया जा रहा है। जहां बड़े पैमाने पर चोरी का माल खरीदा व बिक्री किया जा रहा है। जरायम के कारोबार में एक चर्चित ढाबे के बगल में स्थित खुले कबाड़ की दुकान में हाईवे से गुजरने वाले ट्रकों व टैंकर से चोरी का माल खुलेआम खरीद-फरोख्त का कारोबार चल रहा हैं।

खागा कोतवाली के इस्कुरी गांव के पास हाईवे किनारे खुली कबाड़ की एक दुकान में अवैध रूप से कांटा लगाकर हाईवे से गुजरने वाले वाहनों से माल चोरी किया जा रहा है। ट्रकों से सरिया, लोहे के चादर, कोयला, डीजल की खुलेआम चोरी की जा रही है। ट्रकों के चालक व खलासी द्वारा इस काम को अंजाम दिया जा रहा है। उनकी मदद से यहां के एक कबाड़ की दुकान खोल एक व्यक्ति कर रहा है, जो कि चोरी के सामान की खरीद फरोख्त के लिए चर्चित भी है। यहां रात के अंधेरे से लेकर दिन के उजाले में कबाड़ की दुकान में हर दिन लाखों का कारोबार होता है। खास बात यह है कि इस खेल में आसपास क्षेत्र में खासी पैठ रखने प्रभावशाली लोगों का हाथ होता है। ट्रक, टैंकर आदि के चालक खलासी से सांठगांठ कर इस अवैध कारोबार को अंजाम दिया जा रहा है। स्थानीय लोगों की मानें तो इसमें पुलिस की भी मिलीभगत है, जिससे अवैध कारोबार इन दिनों खूब फल-फूल रहा है।

महिला ने फांसी लगाकर दी जान हत्या का आरोप

फतेहपुर। हथगांव थाना क्षेत्र के भुनई का पुरवा में मंगलवार की देर शाम संदिग्ध अवस्था में महिला ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतका के परिजनों ने ससुरालीजनों पर दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या कर शव को फांसी पर लटकाए जाने का आरोप लगाया है।

हथगाम थाना क्षेत्र के भुनई का पुरवा गांव निवासी द्वारिका प्रसाद यादव की पत्नी आरती देवी ने मंगलवार की देर शाम घर के अंदर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पोस्टमार्टम हाउस में मृतका के पिता रामभवन निवासी गहरूपुर ने बताया कि उसने अपनी पुत्री की शादी 20 मई 2022 में द्वारिका प्रसाद यादव के साथ की थी। कुछ माह बाद ससुरालीजन बाइक, सोने की अंगूठी, चेन व एक लाख रूपये की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे।

बंद बोरी में कुएं से मिला युवती का शव, हत्या कर फेंकने की आशंका

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। जंगल के कुएं में बंद बोरी से पुलिस ने एक युवती का हत्यायुक्त शव बरामद किया हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। युवती की पहचान के लिए पुलिस ने आसपास के थानों व जिलों की पुलिस से से संपर्क किया हैं। अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा ने घटना स्थल पहुंचकर जांच की है।

सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के हसनपुर कसार गांव के जंगल में एक कुएं में बुधवार की दोपहर लोगों ने एक बोरी पड़ी देखी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस ने कुएं में बंद पड़ी बोरी से 24 वर्षीय युवती का शव निकाला। एएसपी ने घटनास्थल पहुंच लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने आस पास के ग्रामीणों से युवती की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन देर शाम तक युवती की पहचान नहीं हो पाई हैं। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि युवती की गला दबाकर हत्या की गई होगी उसके बाद शव को बोरी में बांध कर जंगल के कुएं में फेंक दिया गया हैं। एएसपी ने बताया कि शव कि शिनाख्त के लिए आसपास के थानो व जिलों की पुलिस से संपर्क किया गया हैं। जल्द शिनाख्त कर घटना का खुलासा किया जायेगा। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

घटनास्थल पर जांच करती पुलिस फोर्स। अमृत विचार

- एएसपी ने मौके पर पहुंच की जांच-पड़ताल
- शव की शिनाख्त में जुटी पुलिस

सार-संक्षेप

सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी राजपा

फतेहपुर। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए राजनैतिक दलों ने अभी से पार्टी को मजबूत करते हुए लोकसभा सीट पर कब्जा करने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। राष्ट्रीय जनवादी पार्टी सोशलिस्ट के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में एक मैरिज हॉल में सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुन्नी सिंह राठौर और विशिष्ट अतिथि प्रताप सिंह फौजी मौजूद रहे। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुन्नी सिंह राठौर ने सम्मेलन में आए कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में केंद्र में काबिज भाजपा की सरकार ने सबका साथ सबका विकास की बात करते हुए 10 साल सरकार चला, लेकिन सबका साथ सबका विकास तो नहीं हुआ बल्कि सरकारी संस्थानों को जरूर बेच दिया। आज देश के एक बड़े तबके को आजादी के 76 साल भी विकास की धारा से जोड़ नहीं सके। विशिष्ट अतिथि प्रताप सिंह फौजी ने कहा कि भाजपा सरकार ने कहा था कि बेरोजगार युवाओं को नौकरी दी जाएगी। सरकारी कार्यालय में भ्रष्टाचार खत्म किया जाएगा, लेकिन न तो भ्रष्टाचार खत्म हुआ और न ही बेरोजगार युवाओं को नौकरी मिली। उन्होंने कहा कि किसानों को गन्ना का उचित मूल्य न देने भी एक गंभीर समस्या है। सरकार ने इस बार फिर से झूठे वादे कर जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि इस बार फतेहपुर जिले से लोकसभा चुनाव में एक एक मजबूत प्रत्याशी को मैदान में उतरा जाएगा। इस मौके पर जगदीश सिंह, चन्द्रपाल सिंह, धर्मराज सिंह, जिला प्रभारी वीरान सिंह, सत्य प्रकाश सिंह, गोरेलाल सिंह, जगदीश सिंह, डॉक्टर अमृत सिंह आदि मौजूद रहे।

सर्पदंश से किसान की मौत, मचा कोहराम

बिंदकी। खेत में खाद डाल रहे किसान को अचानक सर्प ने डस लिया। सर्पदंश से किसान की हालत बिगड़ी और थोड़ी देर बाद ही मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के कोरईया गांव में राम धीरज गांव में खेती किसानी करता था। तभी अचानक उसे सर्प ने डस लिया। सर्पदंश से किसान राम धीरज की हालत बिगड़ी और थोड़ी देर बाद ही उसकी मौत हो गई। इस मामले में मृतक राम धीरज के पुत्र अनिल कुमार ने पुलिस को तहरीर दी और मामले की जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं परिजनों में कोहराम मचा रहा।

टायर फटने से पलटा ई-रिक्शा

बिंदकी। कोतवाली क्षेत्र के जाफराबाद निवासी रामशंकर नगर के ललौली चौराहे से रिक्शे में चार कुंतल सरिया लादकर खजुहा ले जा रहा था। तभी मुगलरोड स्थित कोतवाली परिसर के सामने ई-रिक्शा का टायर अचानक फट गया। ई-रिक्शा का टायर फटने से अनियंत्रित होकर पलट गया। रिक्शा पलटा देख मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने रिक्शा को सीधा कर दबे चालक को सकुशल निकाला।

खखरेरु नपं अध्यक्ष दलबल के साथ भाजपा में शामिल

खागा फतेहपुर। लोकसभा चुनाव नजदीक आते ही पाला बदलने का खेल शुरू हो गया है। जिले के खखरेरु नगर पंचायत अध्यक्ष अपने दलबल के साथ बुधवार को भाजपा में शामिल हो गए। लखनऊ में पार्टी की सदस्यता लिया। भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने इसकी पुष्टि की है।खखरेरु नगर पंचायत के चेयरमैन ज्ञान चंद्र केशरवानी अपने आधा सैकड़ा साथियों के साथ लखनऊ स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, प्रदेश उपाध्यक्ष अमर पाल मौर्या की उपस्थिति में जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल एवं खागा विधायक कृष्णा पासवान के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। ज्ञान चन्द्र केशरवानी नवगठित खखरेरु नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए निर्दलीय प्रत्याशिता के साथ उतरे थे और विजय हासिल किया था। अब इन्होंने भाजपा की सदस्यता लेते हुए भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। इनके साथ प्रशांत केशरवानी समेत करीब आधा सैकड़ा भी भाजपा की सदस्यता ली। पार्टी के लोगों ने इन सभी को बधाई दी है।

सर्दी लगने से गई महिला की जान

जहानाबाद। थाना क्षेत्र बुढ़वा गांव निवासी शिवकरन गुप्ता की पत्नी शिवकांति की सर्दी लगने से मौत हो गई है। शिवकरन के बड़े भाई जयकरन गुप्ता ने बताया कि बुधवार सुबह अचानक सर्दी लगना महसूस हुआ तो उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मचा रहा।

अयोध्या के लिए रवाना हुए भाजपाई

संवाददाता, असोथर फतेहपुर

अमृत विचार। अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह होने के बाद लोगों में अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन करने का उत्साह चरम पर है। बुधवार को रामलला के दर्शन के लिए भाजपा के मंडल महामंत्री राघवेंद्र सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता अयोध्या रवाना हुए।

नगर पंचायत से एक बस से आधा सैकड़ा भाजपा कार्यकर्ता रामलला के दर्शन करने रवाना हुए। जिसमें भाजपा सांसद प्रतिनिधि शिवप्रताप सिंह चौहान ने हरी झंडी दिखाकर बसों व चार पहिया वाहनों को रवाना किया। नगर अध्यक्ष नीरज सिंह सेंगर ने कहा कि हम सौभाग्यशाली है कि उन्हें रामलला के ऐसे दर्शन करने का मौका मिल रहा है। यह सिर्फ इसलिए पार्टी की ओर से क्षेत्रीय पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, मंडल, शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को अयोध्या में नव निर्मित भगवान श्रीराम मंदिर के दर्शन कराने के लिए बसों की व्यवस्था की गई है।

शिव प्रताप सिंह, गौरव सिंह गौतम, जयदेव सिंह गौतम, विवेक मिश्रा, सौरभ अग्निहोत्री, कुमार गौरव आर्य,अजय विक्रम सिंह, कोमल मौर्य, कामता आदि रहे।

अयोध्या धाम जाने के लिए वाहनों में सवार भाजपाई। अमृत विचार

सूने घर में चोरों का धावा लाखों का माल पार किया

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। एक सूने घर पर अज्ञात चोरों ने दरवाजे का ताला तोड़कर अलमारी में रखे लाखों रुपए का जेवर लेकर फरार हो गए। पीड़ित महिला जब घर पहुंची तो घर में हुई चोरी की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई में जुट गई। पीड़ित महिला ने बताया कि वह अपने मायके एक शादी समारोह में गई थी।

गाजीपुर थाना क्षेत्र के शाह चोकी के शाह पुरवा की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसके पति हिमाचल में मजदूरी करते है। वह घर पर बच्चों के साथ रहती है। 13 जनवरी को अपने मायके एक शादी समारोह में गई थीं। कई दिनों बाद जब घर बुधवार को वापस आयी तो घर के बाहर का दरवाजा टूटा हुआ था। जब घर के अंदर पहुंची तो कमरे में रखे अलमारी का लॉक टूटा पड़ा था और अलमारी में रखे करीब दो लाख रुपए के जेवर अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया है। थाना प्रभारी विंनोद मिश्रा ने बताया कि जांच की जा रही है। जल्द ही चोरी की घटना की खुलासा कर दिया जाएगा।

सड़क हादसों में तीन घायल

फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के समदाबाद गांव निवासी कुलदीप अपने मित्र मनोज के साथ बाइक से शहर किसी काम से आया था। देर शाम वापस लौटते समय वह शहर के जेल रोड के पास पहुंचे तभी अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से घायल हो गए। इसी तरह सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के चक अब्दुल्लापुर गांव निवासी राकेश बाइक से कानपुर गया था। वापस लौटते समय जब वह शहर क्षेत्र के एआरटीओ कार्यालय के पास पहुंचा, तभी बेकाबू वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने उन्हें सदर अस्पताल में भर्ती कराया है।

प्रशिक्षण | डायट परिसर में आयोजित किया गया नेतृत्व संवर्धन प्रशिक्षण

नेतृत्व क्षमता सीख रहे राजकीय प्रधानाचार्य

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। शहर के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं प्रधानाध्यापकों का पांच दिवसीय नेतृत्व क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें उप शिक्षा निदेशक नजरुद्दीन अंसारी ने मार्गदर्शन दिया।

प्रशिक्षण का शुभारम्भ प्राचार्य ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया। उसके बाद प्रशान्त द्विवेदी, अरुण सिंह, विनय कुमार मिश्र, संजीव सिंह, केपी सिंह आदि के द्वारा प्राचार्य डायट एवं जिला विद्यालय निरीक्षक का स्वागत बुके देकर किया गया। प्राचार्य डायट ने प्रशिक्षण के उद्देश्यों एवं महत्व पर सभी का ध्यान आकर्षित किया। जिला विद्यालय निरीक्षक शिवपूजन द्विवेदी ने विद्यालय प्रबंधन में आने वाली समस्याओं का समाधान करने के विभिन्न तरीकों एवं समन्वय स्थापित करते हुए विद्यालय का संचालन करने का सुझाव दिया। सन्दर्भदाता प्रशान्त कुमार द्विवेदी, प्रधानाचार्य पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज लतीफपुर एवं अरुण कुमार सिंह प्रधानाध्यापक उमावि कोर्राकनक ने विद्यालय नेतृत्व दृष्टिकोण, प्रशासन प्रबन्धन नेतृत्व, परिवर्तन के लिए नेतृत्व, विद्यार्थियों में क्षमताओं का विकास और लीड इंडिया लीड तथा मकड़ जाल आदि गतिविधि कराते हुए प्रशिक्षण को रुचिपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया।

14 प्रशिक्षण में मौजूद प्रधानाचार्य एवं प्रधानाध्यापक। अमृत विचार

- पांच दिवसीय कार्यक्रम में डायट प्राचार्य ने दिया मार्ग दर्शन

> 'इस प्रशिक्षण में कुल 45 प्रधानाचार्यों, प्रधानाध्यापक प्रतिभाग कर रहे हैं। जिसमें लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित पीईएस भी शामिल हैं।'
> -विनय कुमार मिश्र, प्रशिक्षण प्रभारी

सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

औंग। कानपुर से शहर की ओर जा रहा बाइक सवार युवक बुधवार सुबह हादसे का शिकार हो गया। रामपुर मोड़ के पास ट्रक की टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

कौशाम्बी जनपद के शहीदाबाद मजरा नारा निवासी शारूफ पुत्र ओहन बुधवार को कानपुर की ओर से प्रयागराज की तरफ जा रहा था। तभी वह औंग क्षेत्र के रामपुर मोड़ से पहले एक फैक्ट्री के सामने पहुंचा था कि तभी तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस की सूचना पर पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों में कोहराम मचा रहा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

वार्षिकोत्सव में झूमे स्कूलों के बच्चे

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। कांवेंट स्कूलों की तर्ज पर बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों में भी वार्षिकोत्सव एवं शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। वार्षिकोत्सव में जहां बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया तो वहीं गोष्ठी में शिक्षकों ने अभिभावकों को बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। अभिभावक ने भी शिक्षा को लेकर अपने सुझाव रखे।

बीएसए पंकज यादव के मार्गदर्शन में 7 से लेकर 9 फरवरी तक विद्यालयों में वार्षिकोत्सव एवं पीटीएम का आयोजन किया जाना है। पहले दिन बुधवार को जिले के 13 ब्लाकों के 47 न्याय पंचायतों में स्थित परिषदीय विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। वार्षिकोत्सव को लेकर स्कूली बच्चों में गजब का उत्साह रहा। अपने स्कूल के शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। वहीं पीटीएम में शिक्षकों ने अभिभावकों शिक्षा विभाग की योजनाओं की जानकारी देकर लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। तो वहीं अभिभावकों ने भी अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा के लिए अपने अपने सुझाव भी रखे। डीसी अखिलेश सिंह ने बताया कि पहले दिन 47 न्याय पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। शेष विद्यालयों में 8 एवं 9 फरवरी को आयोजित किए जाएंगे।

वार्षिकोत्सव में कार्यक्रम प्रस्तुत करते नौनिहाल छात्र। अमृत विचार

उत्कृष्ट बच्चों को किया गया पुरस्कृत

धाता। नगर में स्थित प्रथम प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को वार्षिक उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि सभासद प्रतिनिधि मोहम्मद कलीम रहे। प्रधानाध्यापक सारिका केशरवानी ने कहा कि प्रयास है कि बच्चों का भी सर्वांगीण विकास किया जा सके। छात्र-छात्राओं ने लोक गीत, लोक नृत्य, कविताएं, पर्यावरण जागरूकता संदेश, समूह गान, स्वच्छता गीत की प्रस्तुत किए। छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया।

एक नजर

व्योम बने नेहरू युवा केंद्र जिला सलाहकार समिति के सदस्य

छिबरामऊ, कन्नौज। भाजपा युवा मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी व्योम शुक्ला को केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने सामाजिक सेवा, युवा कार्य, शिक्षा, संस्कृति के क्षेत्र से प्रतिष्ठित व्यक्तित्व के श्रेणी के अन्तर्गत नेहरू युवा केंद्र संगठन से संदर्भित युवा कार्यक्रम पर जिला सलाहकार समिति का सदस्य नामित किया है। इसकी जानकारी होते ही युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सहित उनकी पूरी टीम ने फूल माला पहना तथा मिठाई खिलाकर मुबारकबाद दी।

व्योम शुक्ला।

छात्र गुटों में जमकर हुई मारपीट, दो छात्र घायल

सौरिख,कन्नौज। नगर के एक कोचिंग सेंटर में पढ़ने वाले दो छात्र गुटों के बीच किसी बात को लेकर जमकर मारपीट हुई। इसमें दो छात्रों के सिर फट गए। परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। नगरिया तालपार स्थिति एक कोचिंग सेंटर में अंग्रेजी भाषा की कोचिंग पढ़ने वाले हाईस्कूल के छात्र देव व जितेंद्र की दो अन्य छात्रों उत्कर्ष व प्रखर से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद उत्कर्ष ने फोनकर अपने साथियों को बुला लिया और जमकर मारपीट हुई। इससे देव व जितेंद्र के सिर फट गए। घटना की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया और मामले की शिकायत पुलिस से की। थाना प्रभारी सचिन सिंह ने बताया कि पढ़ने वाले दो छात्र गुटों के बीच मारपीट हुई है तहरीर मिलने पर जांच की जाएगी।

युवक से मारपीट

गुरसहायगंज, कन्नौज। ग्राम तेराजाकेट निवासी रामबाबू का कहना है कि मामूली विवाद को लेकर 05 फरवरी की दोपहर लगभग 03 बजे पड़ोसी गांव रजलामऊ निवासी युवक ने उसे रास्ते में रोक लिया और गाली गलौज की। मना करने पर उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पानी के विवाद में मारपीट

गुरसहायगंज, कन्नौज। ग्राम नंगापुरवा निवासी अजय कुमार का कहना है कि पानी भरने के विवाद में 06 फरवरी की सुबह गांव के तीन लोगों ने उसके साथ गाली गलौज की। मना करने पर उसे व बीच बचाव करने आई उसकी बहन रुचि को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया।

कूटरचित अभिलेखों से नौकरी पर सहायक अध्यापक बर्खास्त

शैक्षिक प्रमाणपत्रों में जन्मतिथि में मिला अंतर, आधार कार्ड में भी पाई गई गड़बड़ी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। कूटरचित अभिलेखों से नौकरी पाए एक और सहायक शिक्षक को बर्खास्त कर दिया गया है। करीब 37 महीने तक उसने जनपद में नौकरी की। शैक्षिक प्रपत्रों के सही न होने के बाद नोटिस जारी हुई लेकिन उसके बाद वह साक्ष्य देने उपस्थित नहीं हुआ। सत्यापन में अभिलेख गलत पाए गए। इसके बाद बीएसए ने बर्खास्तगी की कार्रवाई की। साथ ही सौरिख बीईओ को रिपोर्ट दर्ज कराने के आदेश दिए हैं।

बीएसए उपासना रानी वर्मा ने ब्लॉक सौरिख के प्राथमिक स्कूल बीलमपुर के सहायक अध्यापक देवेंद्र सिंह पुत्र श्यामवीर निवासी शिवनगर, जलेसर रोड जनपद फिरोजाबाद को बर्खास्त कर दिया गया है। बताया गया है कि पांच दिसंबर 2020 में उसे नियुक्ति पत्र जारी किया गया था। सात दिसंबर को बीएसए कार्यालय में देवेंद्र सिंह ने सहायक अध्यापक पद पर कार्यभार ग्रहण किया। उसके बाद अभिलेखों की जांच में वह कूटरचित/फर्जी पाए गए। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के प्रमाण पत्रों की सत्यापन आख्या फर्जी निकली। आधार कार्ड का क्यूआर कोड स्कैन करने पर नाम राजकुमार पुत्र रामसेवक व पता आसदेवमई नूरपूर पोस्ट थानूमई थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद निकला। प्रमाण पत्रों में अंकित जन्मतिथि में अंतर निकला। इसके अलावा आख्या में स्थाई पता, फोटो, स्कूल व पिता का नाम भी अलग-अलग निकला। बीएसए ने जारी किए आदेश में यह भी कहा है कि अगर बर्खास्तगी पर आपत्ति हो तो वह बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव के यहां अपील कर सकते हैं।

तीन सालों में 27वां शिक्षक बर्खास्त

- वर्ष 2020 से सूबे में 69 हजार शिक्षकों की भर्ती हुई थी, उसी दौरान जनपद में करीब 1450 सहायक अध्यापक मिले थे। इसमें अभिलेखों की जांच में 26 शिक्षक गलत तरीके से नौकरी करते पाए गए। उनको पूर्व में बर्खास्त किया जा चुका है। अब बीएसए ने एक और बर्खास्तगी कर दी है। इससे कार्रवाई की संख्या 27 पहुंच गई है। बीएसए का कहना है कि सभी चरणों की भर्तियों के शिक्षकों के एरियर आहरण पूर्व अभिलेखीय जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित कर दी गई है। जो पुन: एरियर आदेश में शेष रह गए शिक्षकों के अभिलेखों के सत्यापन के बाद रिपोर्ट बीएसए को देगी। उसके बाद ही आगे की प्रक्रिया चलेगी।

फर्जीवाड़ा में फिरोजाबाद-कन्नौज कनेक्शन का वर्चस्व

- जनपद में अब तक 27 सहायक अध्यापकों पर फर्जीवाड़ा करके नौकरी पाने में कार्रवाई हो चुकी है। इसमें ज्यादातर आरोपी फिरोजाबाद जिले के ही रहने वाले हैं। बुधवार को जिस पर बर्खास्तगी हुई है, वह भी फिरोजाबाद का ही निवासी है। इस पर भी कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं हैं कि आखिर कन्नौज-फिरोजाबाद का फर्जीवाड़ा करने में कनेक्शन किस तरह हावी है।

बोर्ड परीक्षा: 3.48 लाख उत्तरपुस्तिकाएं आईं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। जिले के 100 केंद्रों पर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के 51,784 परीक्षार्थी इम्तिहान देंगे। 22 फरवरी से शुरू होने वाली यूपी बोर्ड परीक्षाओं के लिए कुल तीन लाख 48 हजार उत्तरपुस्तिकाओं का इंतजाम किया गया है। बुधवार से वितरण शुरू भी हो गया है। 12 केंद्रों को संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। इस बार अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्र नहीं बना है।

डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि केंद्र व्यवस्थापकों व वाह्य केंद्र व्यवस्थापकों की नियुक्ति कर ली गई है। सचल दल का गठन किया जा रहा है। हाईस्कूल में 1.37 लाख अ कॉपियां व 54 हजार ब कॉपियां आ गईं हैं। इंटरमीडिएट में 1.21 लाख अ और 36 हजार ब कॉपियां आ चुकीं हैं। शहर के लाला श्याम लाल इंटर कॉलेज से उत्तरपुस्तिकाओं का वितरण शुरू हो गया है। प्रधानाचार्य आशीष शुक्ल ने बताया कि इस बार केंद्र व्यवस्थापक व सह केंद्र व्यवस्थापक को स्वयं उपस्थित होकर कॉपियां प्राप्त करनी हैं। हर रोज 15-15 परीक्षा केंद्र व्यवस्थापक बुलाए गए हैं। कॉपियां प्राप्त करने के बाद उसकी गिनती होगी। उसके लिए टीम लगी है। अगर कॉपियों में कोई दिक्कत है तो उसे मौके पर ही बदल दिया जाएगा। वितरण के पहले दिन डीआईओएस ने निरीक्षण भी किया।

बताया गया है कि फिलहाल प्रश्न पत्र नहीं आए हैं। आने के बाद पुलिस सुरक्षा के बीच परीक्षा केंद्रों पर पहुंचाया जाएगा। इस बार हाईस्कूल में 27145 और इंटरमीडिएट में 24639 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा केंद्रों में राजकीय का एक, सहायता प्राप्त 44 और वित्तविहीन 55 माध्यमिक विद्यालय शामिल हैं।

कॉपियों के वितरण स्थल पर जानकारी लेते डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह। अमृत विचार

- यूपी बोर्ड परीक्षाओं के लिए 12 केंद्र बनाए गए संवेदनशील
- लाला श्याम लाल इंटर कॉलेज से उत्तरपुस्तिकाओं का वितरण शुरू

पागल सियार के हमले से कई ग्रामीण हुए घायल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। हरदोई जनपद के एक गांव में पागल सियार ने कई लोगों को काट कर घायल कर दिया। उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती कराया गया। सियार के खौफ से लोगों ने खेतों पर जाना बंद कर दिया है।

हरदोई जनपद के थाना मल्लावा गांव रतेपुर्वा निवासी लक्ष्मन(75) पुत्र हंसू बुधवार को सुबह खेत की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह गांव से करीव दो सौ मीटर की दूरी पर पहुंचे उसी समय खेत से निकले सियार ने उन पर हमला बोल दिया। सियार ने उनको गिरा कर मुह, हाथ व पैर में कई जगह काट कर घायल कर दिया। चिल्लाने की आवाज सुन कर गांव के कई लोग लाठी लेकर मौके पर पहुंचे तो वह खेतों से होकर भाग निकला। इसी तरह गांव के ही निवासी राम सनेही (30) के अलावा गांव के करीब पांच लोगों को सियार काट चुका है। बुधवार को उक्त लोग जिला अस्पताल पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले इमरजेंसी में घाव पर मरहम पट्टी बंधवाई व टांके लगवाये। सियार के खौफ से गांव के लोगों ने खेतों पर जाना ही बंद कर दिया है। राम सनेही का कहना था कि खेत पर अकेले जाने पर पागल सियार हमला बोल कर घायल कर देता है। इसलिये अब लोग एक साथ लाठी लेकर खेतों पर जाते हैं।

जिला अस्पताल में भर्ती हरदोई जनपद के वृद्ध लक्ष्मन। अमृत विचार

- पागल सियार की दहशत से लोग लाठी लेकर जाते हैं खेतों पर

बुजुर्ग की हत्या में दंपति समेत तीन को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। अपर सत्र न्यायाधीश ने बुजुर्ग की हत्या में दोषी दंपति समेत तीन लोगों को आजीवन कारावास तथा 15-15 हजार रुपये जुर्माने की सजा से दंडित किया है। जुर्माना अदा न करने पर एक-एक साल की जेल और भुगतनी होगी। विचारण के दौरान एक अभियुक्त की मौत हो गई थी।

शासकीय अधिवक्ता संत कुमार दुबे ने बताया कि 27 जून 2019 को मोरपाल निवासी ग्राम मुर्रा थाना सौरिख ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके पिता मथुरा प्रसाद पुत्र नाथूराम (70) दिन के करीब 11 बजे खेत से घर आ रहे थे। वह गांव में अंकुश पुत्र गुड्डू के दरवाजे के सामने से निकले तो गांव के ही कृष्णकांत, शिवशंकर उर्फ पप्पू पुत्रगण महेश्वरदयाल, आनंद स्वरूप पुत्र प्रयाग नरायन व रानी देवी पत्नी आनंदस्वरूप पुरानी रंजिश को लेकर पिता को गंदी-गंदी गाली देने लगे। विरोध करने पर सभी ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। बचाने पहुंचे भाई धर्मपाल व भतीजी अंजली को भी पीटा। मारपीट में आई गंभीर चोटों के कारण पिता की मृत्यु हो गई। पुलिस की तरफ से आरोप पत्र पेश किया गया। सुनवाई के दौरान अभियुक्त कृष्णकांत की मौत हो गई। इस दौरान छह गवाह पेश किए गए। अपर सत्र न्यायधीश/एफटीसी द्वितीय हरेंद्र नाथ ने शिवशंकर उर्फ पप्पू, आनंद प्रकाश व रानी देवी को उम्रकैद तथा 15-15 हजार रुपये जुर्माने की सजा से दंडित किया। जुर्माना अदा न करने पर प्रत्येक को एक-एक साल के साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। अभियुक्तों द्वारा जेल में बिताई अवधि भी इस सजा में समायोजित की जाएगी।

- रंजिश में तीन साल पहले जून में सौरिख थाना क्षेत्र में हुई थी वारदात
- न्यायाधीश ने सभी आरोपियों पर 15-15 हजार का लगाया जुर्माना
- न्यायालय में विचारण के दौरान एक अभियुक्त की हो चुकी मौत

न्यायालय के आदेश पर दलित से छेड़छाड़ की रिपोर्ट

सौरिख, कन्नौज। गांव के दबंगों ने घर में घुसकर दलित महिला को दबोच कर अश्लील हरकतें कीं। न्यायालय के आदेश से रिपोर्ट दर्ज की गई है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दलित महिला घर में अकेली थी। पति ग्राम पंचायत अलीपुर में सफाई कर्मी है। वह काम करने गया था। उसी दौरान गांव के ही अंशु, सर्वेश, गोपाल शराब के नशे में घर में घुस आए और महिला को दबोच कर अश्लील हरकतें करने लगे। उसने शोर मचाया तो चाकू से हमला कर दिया। शोर सुन कर नगला झावर निवासी आसाराम आ गए। उन्होंने ललकारा तो हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। तब तक पति आ गया। परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इस पर न्यायालय से गुहार लगाई।

दुष्कर्म के प्रयास में दोषी को 10 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ने किशोरी से दुष्कर्म के प्रयास के मामले में अभियुक्त को दोषी पाते हुए 10 साल के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 20 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर आठ माह की कैद और भुगतने का आदेश दिया है। विशेष अभियोजक किशोर दोहरे ने बताया कि 10 मई 2017 को तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह 9 मई 2017 की सुबह गांव के ही राधेश्याम के के मक्का के खेत से किनारे शौच के लिए गई थी। शौच के बाद गांव का ही रामखिलावन आ गया और उसे जबरदस्ती खेत में खींचकर बलात्कार की नीयत से गिरा दिया। उसने विरोध कर शोर मचाया तो पिता दौड़े और वहीं खेत के पास घास छील रहे सुभाष पुत्र लाखन ने भी महेंद्र को भागते देख लिया। महेंद्र ने भागते समय गाली देते हुए आइंदा न बच पाने और जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद उसने व उसके पिता ने आरोपी की मां व ग्राम प्रधान को घटना की जानकारी दी। इस पर मां ने धमकाकर उसे घटना वाले दिन थाने नहीं आने दिया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद विवेचना की और आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया। अभियुक्त का सजायावी वारंट बनाकर जिला जेल भेजने का आदेश दिया। सुनवाई के बाद आरोपी महेंद्र को दोषी पाते हुए विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अलका चौधरी ने 10 साल के कठोर कारावास तथा 20 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

- अभियुक्त पर 20 हजार जुर्माना भी लगाया गया

आखिर बदले गए कन्नौज के सेक्टर मजिस्ट्रेट, 13 को मिली जिम्मेदारी

खबर का असर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। माध्यमिक शिक्षा परिषद की प्रयोगात्मक परीक्षाओं में 13 अधिकारियों को सेक्टर मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी दी गई है। इसमें लखनऊ के लिए काफी दिनों पहले ही कार्यमुक्त हो चुके नगर शिक्षा अधिकारी पदम शेखर मौर्य की भी ड्यूटी लगा दी गई थी। अमृत विचार ने 30 जनवरी के अंक में इसे प्रमुखता से प्रकाशित किया। उसके बाद ड्यूटी में बदलाव कर दिया गया।

नौ फरवरी तक चलने वाली यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाओं में बीईओ, बीडीओ व एडीओ समेत कुल 13 अफसरों को सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया गया है। सभी अधिकारियों को 197 केंद्रों पर होने वाली प्रयोगात्मक परीक्षाओं पर नजर रखनी है। जिले से बाहर तैनाती के लिए कार्यमुक्त हो चुके शिक्षा विभाग के अधिकारी की ड्यूटी लगाने को लेकर अमृत विचार ने शीर्षक 'पोस्टिंग लखनऊ में और कन्नौज के बनाए गए सेक्टर मजिस्ट्रेट' से खबर प्रकाशित की थी। पदम शेखर मौर्य के स्थान पर नए आदेश में पीओ डूडा गिरीश चंद्र को सेक्टर मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी दी गई है।

2241 कक्ष निरीक्षकों की जरूरत: यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 22 फरवरी से शुरू होकर नौ मार्च तक चलेंगी। 100 परीक्षा केंद्रों पर 2241 कक्ष निरीक्षकों की दरकार है। इसमें 1200 से 1300 शिक्षक बेसिक शिक्षा विभाग से मांगे जाएंगे।

अन्य अध्यापक माध्यमिक शिक्षा विभाग से लगेंगे। डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह का कहना है कि उसकी प्रक्रिया चल रही है। सेक्टर, स्टेटिक और जोनल मजिस्ट्रेट की ड्यूटी कलक्ट्रेट से लगेगी।

पोस्टिंग लखनऊ में और कन्नौज के बनाए गए सेक्टर मजिस्ट्रेट

अमृत विचार में 30 जनवरी को प्रकाशित खबर।

तहसीलों में आपदा प्रशिक्षण कल से

कन्नौज। आपदाओं से बचाव के लिए जनपद के कुल 1887 प्रतिभागियों को 20 मास्टर ट्रेनर की ओर से प्रशिक्षण दिया जाएगा। नौ से 13 तक पहली पाली का प्रशिक्षण सुबह 10 और दूसरी पाली का दोपहर एक बजे से चलेगा।

नौ फरवरी को छिबरामऊ क्षेत्र में ऋषि भूमि इंटर कॉलेज में छह मास्टर ट्रेनर की ओर से प्रशिक्षण मिलेगा। 12 फरवरी को तिर्वा में डीएन इंटर कॉलेज में भी छह और कन्नौज तहसील क्षेत्र के लिए 13 फरवरी को चौधरी विश्वनाथ सिंह इंटर कॉलेज गोवर्धनी देवी तिराहा में आठ मास्टर ट्रेनर की ओर से प्रशिक्षण दिया जाएगा। एडीएम आशीष सिंह की ओर से सीएमओ, डीपीआरओ, बीएसए, जिला कार्यक्रम व तीनों तहसीलों के एसडीएम को पत्र भेजकर सहयोग मांगा गया है। प्रशिक्षण देने के लिए शिक्षक, प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव नामित किए गए हैं।

सिपाही सचिन के उपचार में लापरवाही नहीं हुई उजागर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। शातिर बदमाश की गोली लगने से मौत का शिकार हुए सिपाही सचिन राठी के उपचार में लापरवाही की जांच स्वास्थ्य विभाग के दो अधिकारियों ने की। एएसपी की तहरीर पर प्रभारी डीएम ने आदेश कर सीएमओ से जांच कराने को कहा। बहते रक्त को रोकने में प्रयोग होने वाले जिस इंजेक्शन के न होने की बात कही गई वह अस्पताल में उपलब्ध मिला।

बिशुनगढ़ थाना के गांव धरनी धरनपुर नगरिया में शातिर अपराधी मुनुआ यादव की गोली से घायल हुए सिपाही सचिन राठी को सबसे पहले सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां प्रथमिक उपचार के बाद उसे कानपुर रेफर कर दिया गया जहां उसकी मौत हो गई। मामले में मौत का कारण अधिक रक्तश्राव होने की बात सामने आई थी। हर किसी ने सौ शैया अस्पताल के डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए ब्लीडिंग रोकने के लिये लगने वाले इंजेक्शन इमेक्सिन के न होने व सिपाही को न लगाने की बात कही गई थी। मृत सिपाही के परिजनों ने भी विभागीय उच्च अधिकारियों से लापरवाह स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। इस पर एएसपी संसार सिंह ने प्रभारी डीएम को पत्र भेजा। जिस पर सीएमओ डा. विनोद कुमार को आदेश किया गया। सीएमओ ने एसीएमओ डा. एके जाटव व डा. एसके सिंह का पैनल बना कर सौ शैया अस्पताल की जांच कराई।

- स्वास्थ्य विभाग के दो अधिकारियों के पैनल ने की जांच
- जिस इंजेक्शन के न होने की बात कही वह मौजूद मिला

सार-संक्षेप

भंडारे में प्रसाद प्राप्त करते लोग। अमृत विचार

भागवत कथा के समापन पर भंडारा

कन्नौज। नगर के मोहल्ला कुतुलुपुर और नसरापुर के बीच श्रीमद्भागवत कथा के समापन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। बुधवार की सुबह से शाम तक सैकड़ों लोगों ने प्रसाद प्राप्त किया। यजमान हरिबाबू सैनी, धर्मपत्नी राधा देवी तथा एनईआर बरेली के अधिकारी भैयालाल, ग्रीश बाबू, जीतू, बबलू, अंशू, पलक, गौरी व कन्हैया आदि के साथ भक्तों को प्रसाद वितरण करते रहे।

एसपी के साथ प्रशंसा पत्र के साथ निरीक्षक व दरोगा। अमृत विचार

निरीक्षक व दरोगा को प्रशंसा चिह्न, प्रशस्तिपत्र से सम्मान

कन्नौज। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश की ओर से जिले के दो पुलिसकर्मियों को उत्कृष्ट कार्य के लिये प्रशंसा चिन्ह व प्रशस्ति पत्र पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने अलंकृत कर सम्मानित किया। देश के 75 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर पुलिस महानिदेशक ने जनपद में तैनात निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा व उप निरीक्षक अजब सिंह को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु उत्तर प्रदेश प्रशंसा चिन्ह प्रदान किया गया था। पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक ने प्रशंसा चिह्न व प्रशस्ति पत्र से अलंकृत कर सम्मानित किया गया।

स्मार्ट फोन बांटे, 108 युवाओं को जॉब ऑफर

कन्नौज। आईटीआई बेहरिन के प्रधानाचार्य मोहम्मद परवेज ने बताया कि एक दिवसीय रोजगार मेला परिसर में लगा। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदारिया ने दीप प्रज्जवलित कर किया। साथ ही 114 छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन बांटे गए। मेला में 375 युवाओं ने प्रतिभाग किया। छह कंपनियों की ओर से 108 युवाओं को जॉब ऑफर की गई।

छूटा पसीना मार्च माह तक करना 30 हजार लोगों के मोतिया बिंद ऑपरेशन, अभी तक छह हजार में सिमट कर रहा आंकड़ा

जिले में लक्ष्य के सापेक्ष कोसों दूर राष्ट्रीय नेत्र ज्योति अभियान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। जिले में राष्ट्रीय नेत्र ज्योति अभियान लक्ष्य से भटक गया है। 30 हजार मोतिया बिंद के आपरेशन के लक्ष्य को छूने में विभाग को पसीना छूट रहा है। जिले की खराब स्थिति को लेकर प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण व शिक्षा ने नाराजगी जताते हुए एडीएम समेत सीएमओ को पत्र भेजा है। जिस में तेजी लाने के निर्देश दिये गये हैं।

जिले में राष्ट्रीय नेत्रज्योति अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत स्वास्थ्य विभाग, एनजीओ व निजी संस्थाओं माह जनवरी से दिसंबर 2024 तक मोतिया बिंद के के 17194 मरीजों के आपरेशन करने के लक्ष्य दिया गया था। इस के सापेक्ष विभाग ने छह हजार मरीजों के मोतिया बिंद आपरेशन करने का लक्ष्य प्राप्त किया।

अब प्रमुख सचिव ने विभागीय समीक्षा करने के बाद जिले के लक्ष्य को 30,000 कर दिया है। इस में स्वास्थ्य विभाग को 6,000 मरीजों के आपरेशन, एनजीओ को 6,000 मरीजों के आपरेशन व निजी संस्थाओं को 18,000 मोतिया बिंद के आपरेशन करने के लक्ष्य दिया गया था। इस में स्वास्थ्य विभाग की प्रगति सबसे खराब बताई गई है। इसी को लेकर प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण व शिक्षा ने नाराजगी जताते हुए जिलाधिकारी व सीएमओ को पत्र लिखा है।

इस में कहा गया है कि जिले में नेत्र ज्योति कार्यक्रम का प्रगति ठीक नहीं है। जनवरी से सुरू हुआ कार्यक्रम मार्च तक चलेगा। इस अवधि में दिये गये लक्ष्य को हर हाल में पूरा कर लिया जाये। मोतिया बिंद के मरीजों की खोज कर उनके आपरेशन किये जायें। इस संबंध में सीएमओ ने बताया कि बुधवार को नोडल अदिकारी डा. जितेंद्रनाग व अपर शोधअधिकारी वाईके मंजुल ने विभागीय समीक्षा कर संबंधित को तेजी लाने के निर्देश दिये हैं।

समीक्षा बैठक में अपर शोध अधिकारी वाईके मंजुल व डा. एसके कटियार।

संसाधनों की कमी से नहीं मिल रहे मोतिया बिंद के मरीज

कन्नौज। स्वास्थ्य विभाग ने मोतिया बिंद के मरीज तलाश कर उनके मोतिया बिंद आपरेशन का लक्ष्य तो बढ़ा दिया पर संसाधन कम कर दिये। विभाग की माने तो निजी संस्थाएं मोतिया बिंद के आपरेशन कराने के लिए खुद के वाहन से पहले प्रचार प्रसार करते हैं। इसके बाद मरीजों को आपरेशन के दौरान काना समेत अन्य सुविधाए देते हैं। इसी लिये उनके पास मरीजों की अधिक भीड़ रहती है। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने मरीजों को लाने व घर छोड़ने की भी सुविधा को समाप्त कर दिया है। इसी लिये स्वास्थ्य विभाग को मोतिया बिंद के मरीज नहीं मिल रहे हैं।

संसाधन बढ़ाने नहीं नाम से लुभाने की राजनीति

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- तीन बार बदला जा चुका है मेडिकल कॉलेज का नाम
- मेडिकल कॉलेज से भी रेफर कर दिए जाते हैं मरीज

मेडिकल कॉलेज में तैयार खड़ा कार्डियोलाजी का भवन। अमृत विचार

अमृत विचार। जिले में मेडिकल कॉलेज बनने के बाद लोगों को आस जगी थी कि अब गंभीर स्थिति में कानपुर या लखनऊ का मुंह ताकना नहीं पड़ेगा। कुछ दिन यह उम्मीद सच होती भी दिखी लेकिन समय बीतने के साथ धूमिल पड़ने लगी। जबसे यह संस्थान तैयार हुआ तब से तीन बार नाम बदला गया और एक बार फिर से यही हो रहा है। किसी का भी ध्यान यहां संसाधन बढ़ाने पर नहीं है। हालत यह है कि आधुनिकतम सुविधाएं होने के बाद भी संचालन न होने से यहां से आज भी मरीजों को रेफर किया जाता है।

राजकीय मेडिकल कॉलेज चालू हुए लगभग डेढ़ दशक हो चुका है लेकिन अभी भी सभी सुविधाएं व संसाधन उपलब्ध नहीं हैं। वोटों की राजनीति के चलते शासन की तरफ से नाम बदलने पर फोकस किया जा रहा है। आम जनता का कहना है कि अच्छा होता कि सरकारें यहां आधुनिकतम सुविधाओं को उपलब्ध कराने में रुचि दिखातीं। यहां आठ साल से बने खड़े कैंसर, हृदय रोग संस्थान चालू नहीं हो सके हैं। हालांकि करीब 11 महीने पहले यहां कार्यभार संभालने वाले प्राचार्य डॉ. सीपी पाल ने अपने प्रयास से कैंसर की ओपीडी शुरू करवा दी है। साथ ही आपरेशन की संख्या भी बढ़ी है। प्राचार्य ने बताया कि मेडिकल कालेज की जर्जर सड़कों को बनवाने का प्रस्ताव भेजा है। उनका कहना है कि कैंसर, हृदय रोग अस्पताल में पद सृजन के साथ उपकरण, कलर अल्ट्रासाउड, एक्सरा मशीन, न्यूरो सर्जन की तैनाती समेत पीजी की 57 सीटे मांगी हैं।

बताया कि पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई प्रारंभ होने के साथ ही फैकल्टी की समस्या लगभग समाप्त हो जाएगी। बताया कि वह अपने स्तर से प्रयास रत हैं। जल्द ही नर्सिंग स्टाफ की कमी भी पूरी कर ली जाएगी। कैंसर व हृदयरोग अस्पताल पद सृजन के बाद ही प्रारंभ हो सकेंगे। इसके साथ ही कैंसर के इलाज को रेडियोथेरेपी की मशीनों की भी मांग शासन से की गई है जिससे स्थानीय लोगों को लाभ दिया जा सके। हालांकि मेडिकल कॉलेज में संसाधन बढ़ाने की बात मुख्यमंत्री की सभा में रखी गई लेकिन चुनाव की पूर्वसंध्या पर नामकरण की राजनीति ज्यादा रही।

दीपक बने बसपा के जिला प्रभारी व बबलू जिलाध्यक्ष

छिबरामऊ। बहुजन समाजवादी पार्टी के उच्च पदाधिकारियों ने नगर के तेजतर्रार युवा नेता दीपक कठेरिया एडवोकेट को जिला प्रभारी तथा बबलू गौतम को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है।

नगर के मोहल्ला सैयद बाड़ा निवासी जिला प्रभारी दीपक ने कहा जो उन्हें जिम्मेदारी सौंपी गई है उसे निष्ठापूर्ण, ईमानदारी व लगन से निभाएंगे। वहीं जिलाध्यक्ष बबलू गौतम ने भी बहन मायावती का आभार जताया। शुभचिंतकों ने उन्हें फूल मालाएं पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर ढेर सारी बधाइयां दी। इस दौरान सतेन्द्र भारती एडवोकेट, सतेन्द्र बौद्ध एडवोकेट, सुधीर कुमार मौर्या, संजय भारती, मनोज जाटव, अजीत एडवोकेट, दिलीप कठेरिया, राहुल कुमार, निर्मल श्रीवास्तव व रामसिया कठेरिया मौजूद रहे।

लगाई जाएगी बाबा साहेब की प्रतिमा

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

मेडिकल कॉलेज गेट। अमृत विचार

- समाज कल्याण राज्यमंत्री के पत्र पर प्राचार्य ने जगह की चिह्नित

अमृत विचार। मेडिकल कॉलेज का नाम बदलने के साथ ही यहां 12 फीट ऊंची बाबा साहेब की प्रतिमा लगेगी। समाज कल्याण राज्य मंत्री के पत्र पर कॉलेज प्रशासन ने जगह चिन्हित कर पत्र शासन को भेज दिया।

तत्कालीन सपा सरकार ने 2005 में तिर्वा के बहादुरपुर गांव के पास खाली पड़ी पांच सौ बीघा जमीन पर राजकीय मेडिकल कॉलेज निर्माण के लिए मुख्यमंत्री मुलायम सिंह ने शिलान्यास किया था। वर्ष 2006 में निर्माण के बाद प्रदेश की सत्ता मे आई बसपा सरकार ने राजकीय मेडिकल कॉलेज का नाम बदलकर डाक्टर भीमराव आंबेडकर के नाम पर कर दिया। बसपा सरकार जाने के बाद साल 2012 में सपा सरकार बनने के बाद सीएम बने अखिलेश यादव ने फिर से राजकीय मेडिकल कॉलेज कर दिया। तीन फरवरी को कन्नौज पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर से इसे बाबा साहेब डाक्टर भीमराब आंबेडकर के नाम किए जाने की घोषणा कर दी। इसके साथ ही समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री असीम अरुण ने कॉलेज प्रशासन को पत्र भेजकर गेट के सामने परिसर में 12 फीट ऊंची बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापित के लिए जगह चिन्हित करने के निर्देश दिए। इस पर कॉलेज प्रशासन ने प्रतिमा स्थापित के लिए जगह चिहित कर शासन व चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक को पत्र भेज दिया। प्राचार्य डॉ. सीपी पाल ने बताया कि राज्य मंत्री के निर्देश पर प्रतिमा के लिए जगह चिन्हित कर पत्र शासन को भेज दिया। शासनादेश आने के बाद नाम बदलने व प्रतिमा लगवाने का काम शुरू होगा।

बिजली काटने पर महिलाओं ने लगाया जाम

शहर के मोहल्ला कुतलूपुर का मामला, एसडीएम व भाजपा नेता के आश्वासन दिये जाने पर मानीं

बिजली जोड़े जाने की मांग कर जीटी रोड पर जाम लगा कर हंगामा करती महिलाएं व मौजूद पुलिस। अमृत विचार

हंगामा कर रहीं महिलाओं को समझाते एसडीएम अविनाश गौतम, एसडीओ आकाश गुप्ता, भाजपा नेता कन्हैया दीक्षित व अन्य। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- मोहल्ले में कैंप लगा कर दिये जाएंगे निशुल्क बिजली कनेक्शन

अमृत विचार। अवैध रूप से जलाई जा रही बिजली काटे जाने पर शहर के मोहल्ला कुतलूपुर की महिलाएं भड़क गईं और जीटी रोड पर जाम लगाकर हंगामा कर दिया। करीब दो घंटे रोड जाम से वाहनों की कतार लग गई। यातायात पुलिस ने रुट डायवर्ट कर वाहनों को शहर के अंदर व पाल चौराहा से निकाला। जानकारी पर पहुंचे एसडीएम, बिजली विभाग के एसडीओ व भाजपा नेता के आश्वासन पर महिलाओं ने जाम खोला। बिजली तत्काल जोड़ने और गुरुवार से मोहल्ले में कैंप लगा कर निशुल्क कनेक्शन देने का भरोसा दिलाया।

शहर के मोहल्ला कुतलूपुर गिहार बस्ती में लंबे समय से अधिकतर परिवार अवैध रुप से बिजली का उपयोग करते आ रहे हैं। अब नई लाइन डाले जाने से पुराने तारों का हटा दिया गया है। लाइनमैन उन लोगों की ही केबिल जोड़ रहे हैं जिनके वैध कनेक्शन हैं। अन्य घरों की बिजली नहीं जोड़ी गई है। इसी बात से नाराज गिहार बस्ती की सैकड़ों महिलाएं बुधवार को दोपहर में मकरंदनगर में जीटी रोड एकत्र हो गये।

महिलाएं बच्चों को लेकर जीटी रोड पर बैठ गईं और जाम लगा दिया। पुलिस ने समझाने का प्रयास किया तो उन्होंने एक न सुनी। इसके बाद मामले की जानकारी कोतवाली प्रभारी को दी गई तो उन्होंने भी महिलाओं को समझाया पर वह नहीं मानीं।

इसके बाद कोतवाल विष्णुकांत तिवारी ने गिहार समुदाय के नेता शेखर गिहार से बात की। उनके कहने पर महिलाओं ने जाम खोल दिया और जीटी रोड किनारे बैठ गईं। सूचना पर एसडीएम सदर अविनाश गौतम मौके पर पहुंचे। उन्होंने महिलाओं की समस्या सुनी। महिलाओं बिजली जोड़े जाने की मांग रखी। इसी बीच भाजपा नेता कन्हैया दीक्षित पहुंचे। उन्होंने एसडीएम के साथ लोगों को समझाया। एसडीएम ने फोन पर नगर पालिका से दो टैंकर पानी मोहल्ले में रखवाने के लिये ईओ को निर्देश दिये। एसडीएम के कहने पर एसडीओ आकाश गुप्ता भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने एसडीएम के सामने मोहल्ले में कैंप लगा कर कनेक्शन देने को अश्वासन दिया और तुरंत बिजली जोड़ने की बात कही। इसके बाद महिलाएं व अन्य लोग घरों को चले गये।

डायट की वरिष्ठ प्रवक्ता पर भाकियू बलराज आक्रोशित

छिबरामऊ। काफी समय से भाकियू बलराज जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान छिबरामऊ की डाइट वरिष्ठ प्रवक्ता अलका शर्मा पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए उनके निलंबन की मांग कर रहा है। संगठन ने बुधवार को एसडीएम उमाकांत तिवारी को ज्ञापन देकर दो दिन में कार्रवाई न होने पर विशाल धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

ज्ञापन में कहा गया है कि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान छिबरामऊ के प्राचार्य हरि सिंह शाक्य एवं वरिष्ठ प्रवक्ता अलका शर्मा द्वारा बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया गया। वरिष्ठ प्रवक्ता डायट में न ही समय से जाती और न ही उपस्थिति रजिस्टर में साइन करती हैं। सरकारी धन का दुरूपयोग कर रही है। इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से हुई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। कहा कि दो दिन के अन्दर वरिष्ठ प्रवक्ता पर कार्रवाई नहीं हुई तो बहुत बड़ा धरना प्रदर्शन तहसील में होगा। इस दौरान प्रदेश महामंत्री सौरव यादव, युवा जिला अध्यक्ष स्वदेश शाक्य, जिला महासचिव श्यामवीर रहे।

जिले के 33वें सीडीओ बने रामकृपाल चौधरी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- बुधवार को विकास भवन पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया
- डीएम से मिले, अधिकारियों से परिचय कर की बैठक

रामकृपाल चौधरी। अमृत विचार

अमृत विचार। जनपद के 33वें सीडीओ के रूप में रामकृपाल चौधरी ने बुधवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने अधिकारियों से परिचय और विकास कार्यों पर भी चर्चा की। पहली जनवरी 2024 से यह पद रिक्त चल रहा था। 38वें दिन तैनाती हो सकी।

जिले में आने के बाद सीडीओ सरकारी आवास पहुंचे। उसके बाद विकास भवन पहुंचकर अपने कार्यालय में अधिकारियों से बातचीत की। संबंधित महकमों की प्रगति पर भी चर्चा की। सीडीओ ने कलक्ट्रेट में डीएम शुभ्रान्त शुक्ल से मिलकर योगदान आख्या दी। विकास भवन सभागार में जिलास्तरीय व ब्लॉक स्तरीय अफसरों से परिचय व चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि शासन की नीतियों को आगे बढ़ाया जाएगा। मनरेगा, डीआरडीए में आवास, पशु पालन समेत अन्य सरकारी महकमों में खास काम किया जाएगा।

डीडीओ से हटी दो पदों की जिम्मेदारी

डीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी के पास से प्रभारी सीडीओ और छिबरामऊ बीडीओ पद की जिम्मेदारी हट गई है। उनके पास मूल पद समेत कुल चार विभागों का काम था। अब सहायक बचत निदेशक का अतिरिक्त प्रभार रह गया है। नए सीडीओ रामकृपाल चौधरी व बीडीओ दीपांकर आर्य के छिबरामऊ में तैनाती मिलने के बाद डीडीओ पद से दो जिम्मेदारी हटीं हैं।

लापरवाही से प्रसव के बाद महिला की मौत का आरोप

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

अमृत विचार। जच्चा बच्चा केंद्र पर प्रसव के बाद अधिक रक्तस्राव हो जाने के कारण महिला की हालत बिगड़ गई। परिजन उसे फर्रुखाबाद ले गए। उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ तो गंभीर हालत में लखनऊ के अस्पताल में भर्ती कराया। वहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इससे परिजनों में चीख पुकार मच गई। परिजनों ने एएनएम पर गलत उपचार के कारण महिला की मौत का आरोप लगाया है।

सिमरन।

कस्बा समधन के मोहल्ला सैयदवाडा निवासी मो. आसिफ की पत्नी सिमरन (30) को 04 फरवरी की रात लगभग 09 बजे प्रसव पीड़ा होने लगी। इस पर पति आसिफ सिमरन को लेकर समधन स्थित जच्चा बच्चा केंद्र ले गया। यहां एएनएम व सहायक ने प्रसव कराया।

इसके बाद अधिक रक्तस्राव होने से महिला की हालत बिगड़ गई। परिजन उसे पहले फर्रुखाबाद और फिर लखनऊ ले गए जहां बुधवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। महिला के पति न आरोप लगाया कि कर्मियों की लापरवाही से उसकी पत्नी की मौत हुई है। घटना के बाद एएनएम व सहायक केन्द्र पर ताला लगाकर फरार हो गई। परिजनों ने बताया कि महिला के दो बच्चे है।

एसडीएम ने लिया मतदान केंद्रों का जायजा

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

नगर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में इंचार्ज प्रधानाध्यापक से पूछताछ करते एसडीएम।

- अव्यवस्थाओं को दूर करने के दिए निर्देश

अमृत विचार। आगामी लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए एसडीएम ने नगर के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान अव्यवस्थाओं को दूर करने के निर्देश दिए।

बुधवार को उप जिलाधिकारी उमाकांत तिवारी ने आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के लिए नगर में बनाए गए मतदान केन्द्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होने बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए 12 मतदान केन्द्र पर 36 बूथों को बनाया गया है। उन्होने नगर के जीटी रोड स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय, इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय, सरोजनी देवी आर्य बालिका इंटर कॉलेज, गीता इंटर कॉलेज, गुरु कृपा इंटर कॉलेज, गोमती देवी आदर्श इंटर कॉलेज, प्राथमिक विद्यालय चावल मंडी, मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज का स्थलीय निरीक्षण किया। जहां उन्होने बिजली, पानी, सड़क, शौचालय, फर्नीचर, रैंप आदि व्यवस्थाओं को परखा। उन्होने मतदाता सूची से मतदान केंद्र के नाम का मिलान किया। मौजूद कर्मियों को अव्यवस्थाओं को दूर करने के निर्देश दिए। इस दौरान सुपरवाइजर कौशल पांडये, कौशलेंद्र दुबे, प्रधानाध्यापक नीलम त्रिपाठी, इंचार्ज प्रधानाध्यापक सतीश चन्द्र, प्रबल प्रताप सिंह, शैलेष गुप्ता, पूजा वर्मा मौजूद रहे।

छात्राओं को बताए लैंगिक उत्पीड़न से बचने के उपाय

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

अमृत विचार। नगर के मोहल्ला रामगंज फर्रूखाबाद रोड स्थित अमतुन्ना बानो महिला महाविद्यालय में बुधवार को महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 के तहत जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें आंतरिक परिवाद समिति व स्थानीय परिवाद समिति के गठन की जानकारी देकर छात्राओं सहित शिक्षिकाओं को जागरूक किया गया।

अपर जिला जज लवली जायसवाल के नेतृत्व में आयोजित गोष्ठी में दिव्यता सशक्तीकरण फाउण्डेशन की जिला नोडल अधिकारी सिमरन शर्मा ने महिला यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध एवं निवारण) अधिनियम के विषय में बताया। पराविधिक स्वयं सेवकों सीमा बानों ने बताया कि जिस महिला के साथ कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न हुआ है वह जिला स्तर पर गठित समिति के समक्ष उपस्थित होकर लिखित रूप से शिकायत कर सकती है। यदि पीड़ित शिकायत दर्ज करने की मानसिक स्थिति में नहीं है। तो उसके रिश्तेदार या मित्र भी शिकायत कर सकते है। नालसा हैल्पलाइन नम्बर 15100 व नालसा ऐप डाउनलोड कर ऐप के लाभ के बारे में बताया गया। इस दौरान डॉ. पूजा श्रीवास्तव, डॉ. रुबी वर्मा, डॉ. साधना, नूरुल शम्स, नाजनीन, स्मृति दीक्षित, नीतू सिद्दीकी, प्रीती यादव, अमित चैरसिया, जमाल खान, महफूज खान, गिरीश रहे।

मेडिकल कॉलेज पहुंच देहदान का लिया संकल्प

तिर्वा, कन्नौज। मरने के बाद भी शरीर किसी के काम आए इसके लिए वृद्ध ने मेडिकल कॉलेज को देहदान किया है। तालग्राम के गढ़वा गांव निवासी छम्मीलाल की उम्र करीब 62 साल है। वह साधू का जीवन जी रहे हैं। उन्होंने बुधवार को मेडिकल कॉलेज पहुंच प्राचार्य डाक्टर सीपी पाल से मुलाकत कर मेडिकल कालेज के एनाटामी विभाग को देने के लिए फार्म भर कर देहदान का संकल्प लिया।

छम्मीलाल।

आलू के बाद करें मूंगफली की खेती

संवाददाता, जलालाबाद, कन्नौज

किसानों को जागरूक करते कृषि वैज्ञानिक डॉ. अरविंद। अमृत विचार

- ग्रीष्मकालीन मूंगफली उत्पादन पर किया जागरूक

अमृत विचार। कृषि विज्ञान केंद्र, अनौगी द्वारा ग्राम देवीपूर्वा में ग्रीष्मकालीन मूंगफली उत्पादन तकनीक विषय पर बुधवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बताया गया कि ग्रीष्मकालीन मूंगफली की खेती बड़े क्षेत्रफल पर की जाती है। लेकिन उर्वरकों के असंतुलित प्रयोग, रोग व कीटों के प्रभाव के कारण मूंगफली का उत्पादन भरपूर मात्रा में प्राप्त नहीं हो पाता। किसानों ने बताया बताया कि मूंगफली में 20 से 30 प्रतिशत नुकसान जड़ सड़न के कारण होता है। 5 से 10 प्रतिशत नुकसान दीमक तथा सफेद गिडार के कारण होता है।

केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिकों व अध्यक्ष डॉ. वीके कनौजिया ने बताया कि जड़ सड़न से बचाव के लिए बीज का शोधन कार्बेंडाजिम 02 ग्राम प्रति किग्रा बीज की दर से करें। भूमि का उपचार ट्राइकोडर्मा 02 किग्रा प्रति एकड़ के हिसाब से किया जाना चाहिए। बुवाई के 07 से 10 दिन पूर्व ट्राइकोडर्मा को सड़ी हुई गोबर की खाद के साथ मिलकर हवादार तथा छायादार स्थान पर रखें और अंतिम जुताई के समय खेत में मिलाए। इससे जड़ सड़न रोग को प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सकता है।

वैज्ञानिक डॉ. सुशील कुमार , डॉ. अरविंद कुमार ने भी उपयोगी जानकारी दी। कार्यक्रम में लगभग 60 से अधिक कृषक मौजूद रहे।

आयोजन

प्रभारी जिला जज ने अध्यक्ष, महासचिव व कोषाध्यक्ष समेत 22 सदस्यों व पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

कचहरी के बार एसोसिएशन की नई कैबिनेट ने ली शपथ

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

बार एसोसिएशन की नई कमेटी को शपथ दिलाते प्रभारी जिला जज लोकेश वरुण।

कार्यक्रम में मौजूद न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता व अन्य लोग। अमृत विचार

- राज्य विधिज्ञ परिषद सचिव ने पुस्तकालय के लिए एक लाख देने का किया ऐलान

अमृत विचार। कचहरी में बार एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्यों ने पद व गोपनीयता की शपथ ली। प्रभारी जिला जज लोकेश वरुण ने शपथ दिलाई। कहा, बार-बेंच में सामंजस्य बिठाकर काम किया जाए।

बुधवार को शपथ ग्रहण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए प्रभारी जिला जज ने अध्यक्ष मोहम्मद इदरीस खां, महासचिव लोकेंद्र तिवारी व कोषाध्यक्ष शिवांक बाजपेई समेत 22 पदाधिकारियों व सदस्यों को शपथ दिलाई। विशिष्ट अतिथि व सचिव-सदस्य राजय विधिज्ञ परिषद अंकज मिश्र ने अधिवक्ताओं की लाइब्रेरी में पुस्तकों आदि के लिए एक लाख रुपये देने का ऐलान किया। अध्यक्ष व महामंत्री ने बताया कि अधिवक्ता हितों मंव एसोसिएशन काम करेगा।

कार्यक्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहम्मद शराफत हुसैन, उपाध्यक्ष प्रथम रामसच्चे यादव व गोपाल श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष कनिष्ठ कृष्ण कुमार यादव व गौरव दीक्षित, सचिव पुस्तकालय आशीष कटियार, सचिव प्रसारण विवेक दीक्षित व सचिव प्रशासन सोनू आलम ने शपथ ली। इसके अलावा वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य में आनंद किशोर कटियार, कासिम खां, प्रकाश चंद्र अग्रवाल, शाहमीर खां, मुन्नवर हुसैन, शहनवाज खां, कनिष्ठ सदस्यों में अमित मिश्र, सौरव सिंह, मोहम्मद इरशाद खां, सूरज सिंह व राशिद हुसैन ने भी पद व गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। इस मौके पर पूर्व डीजीसी मोहम्मद सालिम, कौशलेंद्र त्रिपाठी, विकास कुशवाहा व मोहित मिश्र समेत कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

डीएम ने विकास प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- स्टॉल के बारे में कर्मचारियों से की बातचीत

अमृत विचार। गंगा तट पांचाल घाट पर लगे मेला रामनगरिया में विकास प्रदर्शनी का जिलाधिकारी बीके सिंह ने बुधवार को फीता काट कर उद्घाटन किया। विकास प्रदर्शनी में लगाए गए सभी स्टॉल उन्होंने गंभीरता से देखें और संबंधित कर्मचारियों से स्टॉल के बारे में बातचीत की।

जिलाधिकारी बीके सिंह ने कहा कि स्टाल लगाना बहुत अच्छी बात है ,लेकिन हर स्टालका महत्व जिले से जुड़ा होना चाहिए और हमारे जिला के लोगों को उससे लाभ होना चाहिए ।वे मतलब की चीज इंस्टॉल में नहीं लगाना चाहिए। जिससे कोई लाभ न हो ऐसी चीजों को स्टॉल में नहीं लगाना चाहिए । यहां लगाए गए स्टालों पर मौजूदअधिकारियों और कर्मचारियों को इस परचिंतन करना चाहिए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा, पुलिस कप्तान विकास कुमार, अपर जिला अधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति सहित तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

राम के चरित्र से प्रेरणा लें कल्पवासी

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। मेला रामनगरिया के वैदिक क्षेत्र चरित्र निर्माण शिविर में बुधवार को राम कथा का आयोजन हुआ। इसमें वक्ताओं ने कल्पवासियों को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प कराया।

आचार्य चंद्रदेव शास्त्री ने कहा कि राम वेदों के मर्मज्ञ थे। उनका सम्पूर्ण जीवन वेदानुकूल रहा। ऋषि विश्वामित्र के साथ वन में जाकर उन्होंने असुरों द्वारा सताए जा रहे ऋषि मुनियों को निर्भयता प्रदान की। उन्होंने धरती को राक्षसविहीन करने का दृढ़ संकल्प लिया। वनवास की अवधि में भोले भाले वनवासियों के

राम कथा सुनाते आचार्य चंद्रदेव।

साथ रहकर उनकी पीड़ा को समझा तथा एक आदर्श राजा का धर्म निभाया। राम को अपनी मातृभूमि स्वर्ग से भी अधिक प्रिय थी। लंका के अनाचारी राजा रावण को मारकर उसके धर्मात्मा भाई विभीषण को लंका का राज्य सौंप कर अयोध्या को प्रस्थान किया। प्रदीप शास्त्री ने कहा कि यज्ञ और संध्या राम के जीवन का महत्वपूर्ण भाग था पर आज के राम भक्तों के जीवन मे ये देखने को नहीं मिलता। ऐसे लोग राम के सच्चे अनुयायी नहीं हो सकते। राम राज की स्थापना के लिए हमें राम के पदचिह्नों पर चलने व उनके दिखाए मार्ग को अपनाने की जरूरत है। प. दलबीर शास्त्री ने अपनी संगीतमय रामकथा के माध्यम से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। उदिता आर्या ने अपने गीतों के माध्यम से श्रीराम की बाल लीलाओं का वर्णन कर भक्तिरस की धारा प्रवाहित की। हरदेव शास्त्री व सरोज आर्या ने भक्ति गीत सुनाए। हरिओम शास्त्री ने यज्ञ संपन्न कराया।

शोभा यात्रा में चल रही सन्तों की भीड़।

एक नजर

टप्पेबाजों ने उड़ाया अखबार एजेंट का रुपयों से भरा थैला

कायमगंज फर्रुखाबाद। बुधवार को टप्पेबाज एक दैनिक समाचार पत्र के एजेंट का रुपयों से भरा बैग उड़ा ले गए। राजेश कुमार पुत्र प्रेमनाथ निवासी मोहल्ला नई बस्ती द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया है कि वह बुधवार को शाम लगभग 4 बजे अखबार बिक्री की वसूली के लिए मोटरसाइकिल से लोहाई बाजार पहुंचा था। उसने एक गारमेंट दुकान के सामने अपनी बाइक खड़ी कर दी और अखबार की कीमत पाठकों से वसूलने चला गया। लौट कर आया तो उसकी बाइक पर टंगा थैला गायब था। काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चला। पीड़ित के अनुसार उस थैला में उसकी निजी दुकान की बिक्री के तथा अखबार वसूली के कुल मिलाकर लगभग 8-10 हजार रुपए तथा कुछ अखबार की प्रतियां एवं मोबाइल था।

दो लोगों ने पीया जहर

कायमगंज। अलग अलग स्थानों पर थाना मेरापुर क्षेत्र के गांव हिरनखुदा निवासी विनीत कुमार व क्षेत्र के गांव कटरा रहमत खां निवासी डोली ने संदिग्ध हालात में कीटनाशक पदार्थ पी लिया। गंभीर हालत मे दोनों के परिजन अस्पताल लाये, जहां से दोनों को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

किशोर को सांप ने काटा

कायमगंज फर्रुखाबाद। क्षेत्र के गांव पट्टिया निवासी कप्तान सिंह का 15 वर्षीय पुत्र आशीष मशीन से चारा काट रहा था तभी अचानक उसके पैर में सांप ने उसे काट लिया। गंभीर हालत में परिजन सीएचसी लाए, जहां उसका इलाज किया गया।

विवाद सुलझाने गए कोतवाल तथा सिपाही को दबंगों ने पीटा, वर्दी फाड़ी

फतेहगढ़ कोतवाल ने छह के खिलाफ नामजद व आधा दर्जन अज्ञात पर दर्ज कराई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार की रात झगड़ा कर रहे दो पक्षों की खबर पाकर पहुंचे कोतवाल और पुलिस बल के साथ दबंगों ने जमकर मारपीट की। उन्होंने कोतवाल के साथ मौजूद सिपाही को भी पीटा। दोनों की वर्दी फाड़ दी। फतेहगढ़ कोतवाल ने 6 लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है जिसमे हमलावर की पत्नी और पुत्री को भी नामजद किया गया है। रिपोर्ट में आधा दर्जन से अधिक अज्ञात लोग भी शामिल हैं।

दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कोतवाल हरि श्याम सिंह ने कहा है कि जय नारायण वर्मा रोड पर भाजपा विधायक के आवास के पास में दो पक्ष झगड़ा कर रहे थे, जिसकी सूचना पर वह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंचते ही नितेश राठौड़ पुत्र राम प्रताप और राम प्रताप, सिंधु पुत्र राम प्रताप, आशा देवी पत्नी राम प्रताप, आरती पुत्री रामप्रताप निवासी जयनारायण वर्मा रोड शिव कॉलोनी फतेहगढ़ व रमनेश निवासी चंद्रपुर थाना छिबरा मऊ जिला कन्नौज तथा आधा दर्जन

लोहिया अस्पताल में चिकित्सीय परीक्षण करा रहे कोतवाल व सिपाही। अमृत विचार

अज्ञात लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। इन लोगो ने उनकी वर्दी फाड़ दी और जान से मार डालने की धमकी दी।

पुलिस ने नितेश, सिंधु, रामप्रताप व रमनेश को गिरफ्तार कर उनका डाक्टरी परीक्षण कराया। फतेहगढ़ के कोतवाल हरि श्याम सिंह और सिपाही शशिकांत पांडे ने भी डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल में अपना चिकित्सीय परीक्षण कराया। जिसमें कई चोटों के निशान उनके शरीर पर पाए गए हैं। बताया गया है कि नितेश सेना में कार्यरत है और उनके पिता राम प्रताप पूर्व सैनिक है। घटनाक्रम के अनुसार जय नारायण वर्मा रोड पर उत्कर्ष त्रिवेदी पुत्र निरंजन त्रिवेदी निवासी गीता पुरम फतेहगढ़ और नीलेश पुत्र राम प्रताप की कार के शीशे आपस में टकरा गए थे। इसे लेकर दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस के साथ भी इन दबंगो ने हाथापाई कर दी। इस मामले में पुलिस ने चार को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल हरि श्याम सिंह ने सरकारी कामकाज में बाधा डालने और पुलिस के साथ मारपीट करने की रिपोर्ट फतेहगढ़ कोतवाली में दर्ज कराई है। कोतवाल हरि श्याम सिंह ने बताया कि उन्होंने नितेश, राम प्रताप तथा चार अन्य व आधा दर्जन अज्ञात हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था पर हमला करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

- चार लोग गिरफ्तार, हमलावर की पुत्री व पत्नी भी नामजद
- दो पक्षों में विवाद की सूचना पर मौके पर पहुंचे थे कोतवाल

झगड़ रहे पांच लोगों का भी कराया चिकित्सीय परीक्षण

फर्रुखाबाद। पुलिस ने झगड़ा कर रहे नितेश पुत्र रामप्रताप व रामप्रताप तथा दो अन्य निवासी जयनरायन वर्मा रोड शिव कालोनी फतेहगढ तथा उत्कर्ष त्रिवेदी पुत्र निरंजन त्रिवेदी निवासी गीता पुरम फतेहगढ का भी डाक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल में चिकित्सीय परीक्षण कराया है।

मरीज हो गए बेकाबू डॉक्टर के कक्ष में घुसे

फर्रुखाबाद । डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल में उमड़ी भारी मरीजों की भीड़ को नियंत्रित करने में गार्ड असमर्थ रहे। नतीजतन मरीज धक्का मुक्की करके चेस्ट रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ध्रुवराज सिंह के कक्ष में घुस गए। मरीजों का दबाव देख डॉक्टर कुर्सी छोड़कर बाहर चले गए।

बताते चलें कि डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल में मरीजों की भीड़ दिन पर दिन बढ़ती चली जा रही है। बुधवार को ओपीडी में 700 के करीब पर्चे बनने के बाद चेस्ट रोग विशेषज्ञ डॉ. ध्रुवराज सिंह के कक्ष में रोगियों की भारी भीड़ लग गई। रोगी धक्कामुक्की करके डॉक्टर के कक्ष में प्रवेश कर गए। इस पर वे कक्ष से बाहर निकल गए। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजकुमार गुप्ता का कहना है कि मरीजों को सीमा रेखा का उल्लंघन नहीं करना चाहिए। एक डॉक्टर कितने मरीज देख सकता है यह सोचना चाहिए। डॉक्टर ध्रुवराज सिंह वैसे भी सबसे ज्यादा मरीज देखते हैं। यदि मरीज दबाव बनाएंगे तो डॉक्टर को कक्ष छोड़कर जाना मजबूरी बन जाता है। उन्होंने कहा कि मरीजों को धैर्य रखना चाहिए और लाइन में खड़े होकर दवा लेनी चाहिए जिससे प्रत्येक व्यक्ति को दवा मिल सके। उन्होंने कहा कि कल से व्यवस्थाएं टाइट की जाएंगी

निरीक्षण करते डीएम वीके सिंह। अमृत विचार

डीएम ने बीएसए कार्यालय के लेखाकार का वेतन रोका

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। जिलाधिकारी डॉ वी के सिंह ने बुधवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। कार्यालय में गंदगी की भरमार देख डीएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने वित्त लेखाकार का वेतन रोकने के बीएसए को निर्देश दिए।

डीएमके आकस्मिक निरीक्षण से शिक्षा विभाग की पोल खुल गई। कार्यालय की साफ सफाई सही नही पाई गई। कार्यालय में अभिलेखों के सही तरह से रख रखाव खराब था। नाराज डीएम ने गंदे पंखों की सफाई, टूटी मेज कुर्सियों को सही कराने के दिये निर्देश। सुबह 10.25 तक वित्त एवं लेखा कार्यालय पर ताला लगा था और वित्त एवं लेखाधिकारी अनुपस्थिति थे। गुस्साए डीएम ने वित्त एवं लेखाधिकारी छत्रपाल वर्मा का वेतन रोकने के आदेश दिये।

जिलाधिकारी ने कार्यालय परिसर में स्थित प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाइन नगर क्षेत्र का भी निरीक्षण किया। पढ़ाई की स्थिति बहुत खराब पाई गई ।बच्चों में सामान्य जानकारी का भी आभाव मिला। इस पर बेसिक शिक्षा अधिकारी को खुद जांच कर शिक्षकों से स्पष्टीकरण प्राप्त कर कार्यवाही के निर्देश दिये। विद्यालय में 133 के सापेक्ष 62 बच्चे उपस्थित पाये गए। जिलाधिकारी ने बच्चो को दिए जाने बाले भोजन की भी जानकारी की । जिलाधिकारी ने बच्चों से कहा कि तुम लोग पढ़ोगे तो घर की स्थिति अच्छी होगी। विद्यालय के शौचालय गंदे पाये गए व पीने के पानी की टोटी भी गंदी थी। इस पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए कार्यालय परिसर में खाली जगह पर पौधे लगाने के निर्देश बीएसए को दिए गए।

ढाई घाट मेले की उठाई गई समस्याएं

संवाददाता, कायमगंज फर्रुखाबाद

अमृत विचार। ब्लॉक कार्यालय में किसानों ने बुधवार को जोरदार प्रदर्शन कर शमसाबाद स्थित ढाईघाट मेले की समस्याओं के निस्तारण की मांग उठाई। इस दौरान किसानों ने 5 सूत्रीय ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा।

बुधवार को भारतीय किसान यूनियन के दर्जनों पदाधिकारी ब्लॉक कार्यालय पहुंचे और प्रदर्शन कर नारेबाजी की। इस दौरान नेताओं ने कहा कि धर्मपुर ग्राम पंचायत में आज तक पक्की नाली नहीं बनी है। खड़ंजा ध्वस्त हो चुका है। आने जाने के मार्गों पर पानी भरा है। नालियों में कूड़ा पड़ा है। शमसाबाद के ढाईघाट मेला में दुकानदारों से तीन सौ से पांच सौ

ब्लॉक में प्रदर्शन करते किसान नेता। अमृत विचार

रुपए प्रति मीटर स्थान का लिया जा रहा है। स्नानघर व शौचालय बेहद कम बनाए गए है। गन्ने का बकाया भुगतान जल्द किया जाए। किसान नेताओं ने कहा कि शमसाबाद में डा. शिवप्रकाश की तैनाती ललितपुर व डा. सुनीता की तैनाती हरदोई में है। इसलिए सीएचसी में सरकारी आवास खाली कराया जाए। किसान नेताओं ने कहा कि आवारा अन्ना मवेशियों को गौशाला में भिजवाने की मांग की। इस दौरान किसान नेताओं ने खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार पांडेय को सौपा। ज्ञापन के दौरान वरिष्ठ किसान नेता राजबहादुर राजपूत, संजय गंगवार, विजय सिंह यादव, श्रीपाल, पूजा, धन सिंह यादव, विजय सिंह रहे।

बीसी सखी ने किया डीसी का घेराव

फर्रुखाबाद । विभिन्न मांगों को लेकर बीसी सखी ने बुधवार को विकास भवन पहुंचकर डीसी का घेराव किया। उन्होंने राष्ट्रीयकृत बैंकों के कर्मचारियों के समान अधिकार दिए जाने की मांग की। बीसी सखी स्वाभिमान संघ उत्तर प्रदेश के बैनर तले पहुंची बीसी सखियों ने मांग की कि उनका खाता राष्ट्रीयकृत बैंकों में ऑडी खाता खोला जाए ।उन्होंने कहा कि वह एन आर एल एम विभाग द्वारा चयनित है ।इसलिए उन्हें राष्ट्रीयकृत बैंक कर्मचारियों की तरह सभी सुविधाएं दी जाए। उनका रुका हुआ वेतन तत्काल दिलाया जाए ।बीसी सखियों ने कहा कि उनके साथ जो सौतेला व्यवहार हो रहा है उसे बंद कराया जाए ।

सीमा विवाद में नहीं सुलझ रहीं दो गांवों की समस्याएं

संवाददाता, कायमगंज फर्रुखाबाद

- दत्तूनगला नई बस्ती का है मामला, जलभराव से पोल पर आने लगता है करंट
- ट्रांसफार्मर के तार भी पानी में डूबे, हो सकती है कोई बड़ी अनहोनी

अमृत विचार। दत्तूनगला से नई बस्ती मार्ग पर जलभराव की समस्या दो ग्राम पंचायतों में चल रहे सीमा विवाद के बीच उलझ कर रह गई है। आलम यह है कि जलभराव से पोल पर करंट उतरने लगा है। वही ट्रांसफार्मर के तार भी पानी में डूबे हुए है। इन हालातों में कभी भी किसी बड़ी अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता है। बच्चों को स्कूल जाने आने में भारी दिक्कत हो रही है।

ग्राम पंचायत शिवरईवरियार व ग्राम पंचायत मझोला की सीमा पर बसे मोहल्ला झील नई बस्ती के बाशिंदे बेहद परेशान हैं। सीमा विवाद के चलते उनकी समस्या का कोई समाधान करने वाला नहीं है। दत्तूनगला से नई बस्ती के लिए सड़क गई है। यहां 100 मीटर से अधिक रास्ते पर भीषण जलभराव है, वहीं ट्रांसफार्मर भी लगा है। ट्रांसफार्मर के तार वहां भरे पानी में डूबे हुए हैं, जिससे पानी और पोल में करंट आ जाता है। इससे किसी बड़ी अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता। इसी मार्ग से स्कूल के बच्चों का आवागमन रहता है। कई बार ग्रामीण शिकायत कर चुके हैं लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। लोगों का कहना है कि सीमा पर बसे होने के कारण उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। काफी समय पहले इस मार्ग पर शिवरईवरियार के पूर्व प्रधान ने खड़ंजा बिछवा दिया था। बाकी का कार्य मझोला ग्राम प्रधान से कराने को कहा था लेकिन आज तक यह समस्या जस की तस बनी हुई है। निचला इलाका होने से पानी की निकासी सही से नहीं हो पा रही है। समस्या के निस्तारण के लिए अखिलेश वर्मा, सुनील, अरविंद सिंह, ओमकार, रामदास, ब्रजेश कुमार, अखिलेश कुमार, विवेक कुमार, रमाकांत, शकुंतला देवी, अरविंद सिंह, कुलदीप शर्मा, हरदेव सिंह, रामकुमार कोतवाली पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक ने इस्पेक्टर कानून व्यवस्था को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए।

दोनो पंचायतों के प्रधान बोले, कराएंगे समस्या का हल

कायमगंज फर्रुखाबाद। ग्राम पंचायत शिवरई वरियार प्रधान प्रतिनिधि धर्मेंद्र उर्फ पिंकू ने बताया समस्या की जानकारी पर वह मौके पर गए थे। ग्रामीणों से बात की थी कि कुछ दिन के लिए पानी रोक दो ताकि नाली बनवाई जा सके। उन्होंने कहा कि यदि वहां नाला बन जाए तो समस्या का बेहतर समाधान हो सकता है, लेकिन उनकी ग्राम सभा में बजट नहीं है। वह बोले मझोला ग्राम पंचायत सपोर्ट करे तो समस्या का स्थाई हल हो सकता है। इस संबंध में ग्राम पंचायत मझोला के प्रधान पुत्र अभिषेक शाक्य ने बताया कि ग्रामीणों की समस्या सर्वोपरि है। जल्द ही बीच का रास्ता निकाल कर समाधान कराया जाएगा।

जागरुकता सड़क सुरक्षा के नियम बताए, बिना ड्राइविंग लाइसेंस गाड़ी न चलाने की दी सलाह, तीन स्कूली वाहनों का किया चालान, 90 हजार रुपये लगाया शमन शुल्क

एआरटीओ ने छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह के निर्देशन में एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने जहानगंज क्षेत्र में स्थित राजपूत ग्लोबल अकेडमी के छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हें सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया । इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक दीपक वर्मा तथा अन्य विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

कार्यक्रम में उपस्थित 450 छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए एआरटीओ ने कहा कि किसी भी स्थिति में विद्यालय के छात्रो को ड्राइविंग लाइसेंस के बिना वाहन का संचालन नहीं करना चाहिए। एआरटीओ ने बताया कि मोटर वाहन अधिनियम 1988 में 2019 में संशोधन करते हुए एक नई धारा 199 क जोड़ी गई है, जिसमें यह प्रावधान किया गया है कि यदि किसी

सड़क सुरक्षा की शपथ लेते विद्यालय की छात्र-छात्रायें। अमृत विचार

किशोर द्वारा सार्वजनिक स्थल पर वाहन चलाया जाता है तो किशोर के संरक्षक/ मोटर वाहन के स्वामी को ही दोषी मानते हुए दंडित किया जाएगा। इसके अंतर्गत संरक्षक, मोटर वाहन स्वामी को 3 वर्ष का कारावास तथा उस पर 25000 का जुर्माना आरोपित किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त अपराध में प्रयुक्त वाहन का पंजीयन एक वर्ष की अवधि के लिए निरस्त कर दिया जाएगा। ऐसे किशोर का ड्राइविंग लाइसेंस 25 वर्ष की आयु पूर्ण करने के उपरांत ही बन सकेगा। एआरटीओ प्रवर्तन ने सभी छात्र-छात्राओं से मार्ग पर सुरक्षित चलने तथा अपने माता-पिता को सीट बेल्ट एवं हेलमेट का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करने को कहा। इसके अतिरिक्त विद्यालय की प्रार्थनासभा में सभी छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई तथा पंफ्लेट बांटे गए।

एआरटीओ प्रवर्तन द्वारा जहानगंज एवं कायमगंज क्षेत्र में सघन प्रवर्तन कार्रवाई करते हुए तीन स्कूली वाहनों को बिना फिटनेस एवं परमिट के संचालित पाए जाने पर चालान किया गया तथा उन पर 90 हजार का शमन शुल्क लगाया गया। चेकिंग के दौरान कृषि कार्य हेतु पंजीकृत दो ट्रैक्टर ट्रालियों को छिबरामऊ तथा गुरसहायगंज के लिए यूरिया खाद ले जाते हुए पकड़ा गया तथा उन पर रुपए 1.90 लाख का जुर्माना लगाया गया। इसी क्षेत्र में अन्य यात्री वाहनों जैसे ऑटो रिक्शा तथा बस आदि के चालान भी किए गए। इस प्रकार कुल नौ वाहनों के चालान करते हुए रुपए 3.34 लाख का शमन शुल्क आरोपित किया गया।

ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से जख्मी

संवाददाता, कायमगंज फर्रुखाबाद

- कंपिल क्षेत्र में कमरुद्दीनपुर पुल पर हुआ हादसा

अमृत विचार। कंपिल क्षेत्र में कमरुद्दीनपुर पुल पर ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल हो गया।

जनपद एटा के थाना सिकंदरपुर वैश्य के गांव बधौलिया निवासी देव सिंह का 20 वर्षीय पुत्र जयवीर बाइक से जनपद शाहजहापुर क्षेत्र के गांव कलान में अपनी रिश्तेदारी से घर जा रहा था। जब वह कंपिल मार्ग स्थित कमरुद्दीनपुर पुल पर पहुंचा तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार दूर जा गिरा और गंभीर घायल हो गया। आसपास के लोग मौके पर दौड़े और परिजनों को सूचना दी। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज किया गया। जयवीर के इलाज में स्वास्थ कर्मियों ने उसके परिजनों से ही घाव को साफ करने के लिए कहा। बेचारा चाचा भतीजे की घाव साफ करने के लिए जुटा नजर आया लेकिन स्वास्थ कर्मी हाथ पर हाथ धरे बैठे रहे। जब यह नजारा सीएचसी में पहुंचे तीमारदारों ने देखा तो वह कहते नजर आए यह कैसा अस्पताल है जहां खुद तीमारदार खुद अपने मरीज का इलाज कर रहे है।

मार्ग दुर्घटना में दो घायल

कायमगंज फर्रुखाबाद। अलग अलग मार्ग दुर्घटना मे कम्पिल क्षेत्र के गांव बिहारीपुर निवासी राजेश की 6 वर्षीय पुत्री खुशी, थाना गुरसहायगंज के मोहल्ला आजादनगर निवासी राजीव घायल हो गए। घायलों को लोगों ने अस्पताल भर्ती कराया गया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

श्व : कार्यमद्य कुर्वीत पूर्वान्हे चापरान्हिकम्।
न हि प्रतीक्षते मृत्यु : कृतमस्य न वा कृतम्।।

जिस काम को कल करना है उसे आज और जो काम शाम के समय करना हो तो उसे सुबह के समय ही पूर्ण कर लेना चाहिए। क्योंकि मृत्यु कभी यह नहीं देखती कि इसका काम अभी भी बाकी है।

संपादकीय

भारतीय छात्रों पर हमले

अमेरिका में भारतीय छात्रों पर हमले लगातार जारी हैं। हमले की ये घटनाएं परेशान करने वाली हैं। अमेरिका के पड्र्यू विश्वविद्यालय में डॉक्टरेट की पढ़ाई कर रहे एक भारतीय छात्र का शव मिला जबकि शिकागो में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) की पढ़ाई कर रहे एक और भारतीय छात्र के साथ बेरहमी से मार-पीट की गई। रविवार से भारतीय छात्रों पर हमले की एक के बाद एक घटनाएं सामने आई हैं और अकेले 2024 में ही ऐसी छह घटना दर्ज की गई हैं। सवाल उठता है कि भारतीय छात्रों के साथ अमेरिका में बार-बार ऐसी घटनाएं क्यों हो रही हैं। क्या यह हमले केवल लूटपाट के इरादे से हो रहे हैं। क्या यह आपराधिक घटनाएं हैं। ध्यान रहे अमेरिका में रह रहे भारतीयों को अक्सर नस्लीय भेदभाव का शिकार होना पड़ा है। विदेश में पढ़ रहे भारतीय छात्रों पर हमले का मुद्दा पिछले कुछ समय से चर्चा में है।

शुक्रवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने लोकसभा में जानकारी दी थी कि मंत्रालय के पास मौजूद आंकड़ों के हिसाब से विदेश में पढ़ रहे 403 छात्रों की मौत 2018 से अब तक हुई है। इनमें सबसे ज्यादा 91 मौत कनाडा में हुई हैं। जबकि ब्रिटेन 48, रूस में 40, अमेरिका में 36, ऑस्ट्रेलिया में 35, यूक्रेन में 21 और जर्मनी में 20 भारतीय छात्रों की मौत हुई है। गौरतलब है कि पढ़ाई के लिए अमेरिका भारतीय छात्रों की पहली पसंद है। संयुक्त राज्य अमेरिका में पढ़ने वाले दस लाख से अधिक अंतर्राष्ट्रीय छात्रों में से एक चौथाई से अधिक भारतीय छात्र हैं। ओपन डोर्स रिपोर्ट (ओडीआर) के आंकड़ों के मुताबिक भारत में ऐसे लोगों की संख्या सबसे अधिक है, जिन्होंने वैकल्पिक व्यावहारिक प्रशिक्षण (ओपीटी) लिया है। अमेरिका में हुई ताजा घटनाओं ने संयुक्त राज्य अमेरिका में रहने वाले तीन लाख से अधिक भारतीय मूल के छात्रों को चिंतित किया है। हालांकि विदेश मंत्री ने आश्वासन दिया कि विदेश में पढ़ रहे छात्रों की सुविधा और सुरक्षा सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है। शिकागो में भारतीय छात्र पर हमले के बाद तेलंगाना सरकार ने अमेरिका में एक हेल्प डेस्क के गठन का फैसला किया है। छात्रों को मानसिक तनाव झेलना पड़ रहा है। विशेषज्ञों ने अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए जागरूकता और सहायता प्रणालियों में वृद्धि पर जोर दिया है। ऐसे में विदेश मंत्रालय को भारतीय छात्रों को अमेरिका में सुरक्षित रखने के लिए एक सलाह जारी करने की जरूरत है।

हमारा मौजूदा संसदीय जनतंत्रः समस्या और समाधान



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

हमारी मौजूदा जनतांत्रिक व्यवस्था में संसद सर्वोपरि है,वह संप्रभु है। 'संसदीय संप्रभुता', इसके पीछे अवधारणा यह है कि सभी संसद सदस्य अपने-अपने क्षेत्र की जनता का प्रतिनिधित्व करते हुए, विभिन्न मुद्दों पर मुक्त बहस करने के बाद, व्यक्तिगत रूप से अपना-अपना स्वतंत्र मत व्यक्त करेंगे। इस तरह बहुमत से जो निर्णय होगा वह जनता का निर्णय होगा और वही अंतिम हो जाएगा। न्यायपालिका भी उसको केवल संवैधानिकता/असंवैधानिकता(के आधार पर निरस्त कर सकेगी। निरपेक्ष औचित्य/अनौचित्य (डयू प्रोसेस ऑफ लॉ) के आधार पर नहीं। (वैसे हमारी न्यायपालिका ने धीरे-धीरे डयू प्रोसेस ऑफ लॉ के रकबे में दखल देकर इस अधिकार को भी हथिया लिया है।) किंतु दलीय प्रणाली (जिसकी संविधान में न तो व्यवस्था है, न निषेध) ने सचेतक की संस्था के साथ गठजोड़ कर संसदीय संप्रभुता को शासक दल की संप्रभुता में बदल दिया है। यदि शासक दल में आंतरिक जनतंत्र न हो तो यह संप्रभुता दल के एक कॉकस में या एकछत्र शीर्ष नेतृत्व में केंद्रित हो जाती है और संसद महज चिल्लपों मचाने की दुकान में अवमूल्यित हो जाती है।

भारत की संसद के बारे में एक राय होना असंभव है, किंतु अपने विश्वविद्यालयीन शिक्षाकाल से लेकर आज तक के लंबे अंतराल में मैंने अधिकांश समय इसे तत्वतः टॉकिंग शॉप का ही एक प्रतिरूप पाया है। इसकी काट में जो चीज व्यवहार में आई। वह दरअसल काट नहीं संसद को सड़क पर लाने की जुगत है। ऐतिहासिक दृष्टि से देखें तो इसमें कुछ हाथ हमारे "राष्ट्रपिता" का भी बनता है जिन्होंने उन दिनों की संसदनुमा कौंसिल के बहिष्कार, अंतरात्मा या ईश्वर की आवाज वगैरह के जरिए संसदीय गरिमा को चपड़चूं करने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। किसी राष्ट्र में अपने पिता के गुण न आएं तो उसे अवैध संतान ही कहा जाएगा न? तो वैधता-अवैधता का मुद्दा इतना अहम है कि हम किसी भी कीमत पर अपने राष्ट्र को पिता की वैध संतान सिद्ध करने में लगे रहते हैं।

> भारत की संसद के बारे में एक राय होना असंभव है, किंतु अपने विश्वविद्यालयीन शिक्षाकाल से लेकर आज तक के लंबे अंतराल में मैंने अधिकांश समय इसे तत्वतः टॉकिंग शॉप का ही एक प्रतिरूप पाया है। इसकी काट में जो चीज व्यवहार में आई।

> हर सांसद संसद-सत्र के समय को छोड़कर बाकी समय अपने-अपने क्षेत्र में रहे। वहां भी घर पर या किसी डाक बंगले में दरबार लगाने या आराम फरमाने नहीं, लगातार अपने क्षेत्र का भ्रमण करने। वहां के लोगों का काम करने-कराने। ब्लॉक, तालुका/तहसील और जिला स्तर पर उनकी समस्याओं का निपटारा कराने। सामान्य समस्याओं से दल के शीर्ष नेतृत्व को लगातार अवगत कराने जिससे उन्हें संसद में उठाया जा सके। और विपक्ष? उसके लिए तो जनता के बीच काम करने का यही स्वर्णिम अवसर है। सत्ता की खींचतान से मुक्त सभी विपक्षी दल संसद के कार्यकाल की शुरुआत में ही अगले चुनाव के लिए विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों के अपने-अपने उम्मीदवार तय कर दें।

यह जो संसद से सरक कर सड़क तक (स्व. धूमिल जी के "भक्त" माफ करेंगे) आने वाला जनतंत्र है,वह तत्वतः जनतंत्र नहीं, भीड़तंत्र है। साथ ही उसमें अगर टीआरपी-क्षुधित मीडिया भी शामिल हो जाए तो वह देश के किसी भी कोने में हो, देशव्यापी भीड़तंत्र बन जाता है।

भीड़तंत्र का फंडा यह है कि उसमें तथ्य, तर्क और बुद्धि का सर्वथा लोप हो जाता है। नतीजतन वह अपरिहार्य रूप से भेड़तंत्र बन जाता है। आगे वाली भेड़ (नेता) भीड़ को जिधर चाहे ले जा सकती है, खड्डा और कुआं भी अपवाद नहीं हैं। इसके लिए निहित स्वार्थ को बस भावना की चाशनी में डुबोकर मुंह से टपकाते रहने की कला आनी चाहिए।

अकारण नहीं कि अरस्तू ने जनतंत्र को सबसे उत्तम शासन प्रणाली बताने के बाद उसके इस भीड़तंत्री (या भेड़तंत्री) संस्करण को सबसे निकृष्ट शासन प्रणाली भी बता डाला। भ्रष्ट व निरंकुश राजतंत्र और भ्रष्ट व निरंकुश कुलीनतंत्र से भी निकृष्ट। कारण तंत्र के भ्रष्ट होने पर वहां गड़बड़ी पैदा करने वाला एक व्यक्ति (राजा) या कुछ व्यक्ति (सत्तासीन कुलीन लोग) होते हैं, जब कि जनतंत्र के भ्रष्ट होने पर पूरी जनता ही गड़बड़ी पैदा करने के शुभ कार्य में संलग्न हो जाती है। इस भेड़तंत्र से हम आम को इमली और इमली को आम सिद्ध करने का चमत्कार कर सकते हैं। निर्दोष को अपराधी और अपराधी को निर्दोष सिद्ध करना तो बाएं हाथ का खेल है। विकल्प क्या है? है भी या नहीं? एक विकल्प कांग्रेस की ओर से राहुल जी ने निकाला है-देश के आरपार यात्राएं करना। इस विकल्प की उपयोगिता-अनुपयोगिता पर दो राय हो सकती है। किंतु उसका संबंध संसदीय जनतंत्र नामक संस्था के इलाज से कम और इस वर्ष होने वाले संसदीय चुनाव से अधिक लगता है। यदि ऐसा है तो चुनाव परिणाम आते ही उसकी उपयोगिता-अनुपयोगिता का परिणाम भी मालूम हो जाएगा। दुर्भाग्य से राजनीतिशास्त्र कोई फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स नहीं है,जहां हर सिद्धांत सूत्रबद्ध किया जा सके। सार्वजनिक क्षेत्र के सारे सिद्धांत अमल के लिए आदमी नाम के प्राणी पर निर्भर करते हैं और आदमी जैसा जटिल, अननुमेय प्राणी इस पृथ्वी पर पाया नहीं जाता। लिहाजा जितना ऊंचा सिद्धांत, धूर्तों की कृपा से व्यवहार में उसकी उतनी ही दुर्गति।

एक विकल्प मुझे भी थोड़ा-थोड़ा समझ में आता है। हर सांसद संसद-सत्र के समय को छोड़कर बाकी समय अपने-अपने क्षेत्र में रहे। वहां भी घर पर या किसी डाक बंगले में दरबार लगाने या आराम फरमाने नहीं, लगातार अपने क्षेत्र का भ्रमण करने। वहां के लोगों का काम करने-कराने। ब्लॉक, तालुका/तहसील और जिला स्तर पर उनकी समस्याओं का निपटारा कराने। सामान्य समस्याओं से दल के शीर्ष नेतृत्व को लगातार अवगत कराने जिससे उन्हें संसद में उठाया जा सके। और विपक्ष? उसके लिए तो जनता के बीच काम करने का यही स्वर्णिम अवसर है। सत्ता की खींचतान से मुक्त सभी विपक्षी दल संसद के कार्यकाल की शुरुआत में ही अगले चुनाव के लिए विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों के अपने-अपने उम्मीदवार तय कर दें। वे जनता के बीच रहकर दल की नीतियों के अनुरूप कार्य करें। जनता की दिन-प्रतिदिन की समस्याएं स्थानीय स्तर पर सुलझाने की कोशिश करें,जो उनके वश में न हों, दल के नेतृत्व की जानकारी में लाएं, नेतृत्व ऐसे क्षेत्रों का दौरा करें। उनकी आवाज संसद में उठाए।

संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष का द्वंद्व, सत्ता के लिए उनकी प्रतिद्वंद्विता हर चुनाव क्षेत्र की जमीनी समस्याओं के आलोक में हो,उनके नीतिगत समाधान और उसकी भिन्नता की दिशा परिलक्षित करे। सत्ता का संघर्ष महज वाग्जाल और स्टंट न रहकर इन समस्याओं और उनके समाधान के परिप्रेक्ष में हो।

सांसदों के इस कार्यकलाप के आधार पर संसद की बहसें व्हिप से मुक्त होकर, अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र की जनता की ठोस, जमीनी समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में हों। उनके निदान के लिए जनता के ठोस हालात की बेहतरी के लिए,उसके विकास के मार्ग की बाधाओं और समस्याओं को दूर करने के लिए हों। संसद सांसदों के लिए अपनी वाकपटुता के प्रदर्शन से एक दूसरे को नीचा दिखाने, स्वयं को जनता का सच्चा सेवक और विरोधी को देश और जनता का दुश्मन सिद्ध करने, हल्ला मचाकर संसद के काम में अवरोध उत्पन्न करने, आए दिन संसद से बहिर्गमन करने आदि का अड्डा (टॉकिंग शॉप) बनने के बजाय जनता की समस्याओं का,जनता का प्रतिबिंब बने। हर सांसद और संसदीय उम्मीदवार अक्सर अपने क्षेत्र की सड़कों पर दिखे तो शायद संसद को सड़क पर लाने की जरूरत न रह जाए। जनतंत्र को भीड़तंत्र/भेड़तंत्र में अंतरित होकर निकृष्टतम शासन प्रणाली बनने से रोकने का, ढीलाढाला ही सही,काम चलाऊ ही सही,शायद यही विकल्प हो।

प्रसंगवश

महिलाओं की जिम्मेदारी कर्तव्य या मजबूरी

कई बार औरतों और लड़कियों का व्यवहार मुझे समझ में नहीं आता है। जब मां बाप घूमने-फिरने, आने-जाने और पहनावे पर टोका-टोकी और रोक-टोक करते हैं, तब मां बाप दकियानूस लगते हैं, जल्लाद लगते हैं, पुराने खयालात के लगते हैं। उनकी मूल आजादी और भावनाओं के खिलाफ लगते हैं। लेकिन जब लड़की का ब्वाय फ्रेंड या औरत का पति उसके कहीं आने-जाने, घूमने-फिरने पर टोका टोकी करता है। उसके पहनावे को लेकर सवाल उठाता है या विरोध करता है तो तब उन्हें लगता है कि उनका प्रेमी या पति उनसे बहुत प्यार करता है। ना कुछ अजीब, एक ही व्यवहार के लिए दो अलग-अलग भावनाएं? वैसे भी महिला शक्ति को समझना इतना आसान नहीं है।

> देखा जाए तो भारतीय पति बड़े किस्मत वाले होते हैं। अच्छे हो या बुरे हर हाल में पूजे जाते हैं। अगर यही अमेरिका और रूस होता तो कब के बदल दिए जाते और ऊपर से पति शक्की होता तो दुर्गति कराता ।

प्रेमिका या पत्नी जब कहती है कि उसका पुरुष उसके प्रति बहुत पजेसिव है, वह उस से बहुत प्यार करता है तो वह घुमा-फिराकर अंजाने ही इशारों ही इशारों में यह कहना चाह रही होती है कि उसका पुरुष शक करता है। पुरुष अपनी स्त्री पर मालिकाना हक जताता है। उसे एक वस्तु से अधिक नहीं समझता है। ऐसा पुरुष अपनी स्त्री पर हमेशा दबाव बनाए रखता है। उस पर हमेशा अंकुश लगा कर रखता है। उसे अपनी जायदाद समझता है। इस धरती पर अधिकांश पुरुष ऐसे ही होते है। जब कोई औरत स्वीकार करती है कि उसका पुरुष उसके प्रति पजेसिव है तो बिना लाग लपेट आप समझ जाएं कि वह स्त्री आसमान में स्वच्छंद उडान भरना चाहती है लेकिन वह दबाव में है। यह दबाव वह अपने पुरुष से महसूस करती है।

डॉ.धीरज सिंह
मुंबई

मनोवैज्ञानिक नियम है कि अपहृत किया हुआ व्यक्ति साथ में रहते हुए कुछ वक्त के बाद अपने अपहरण कर्ता के प्रति प्यार के भाव से भर जाता है। उस से स्नेह करने लगता है और इस बात की भनक तक अपहृत व्यक्ति को नही लगती है। एक पजेसिव पुरुष और उसकी स्त्री के बीच लगभग ऐसा ही रिश्ता होता है। स्त्री में इस बात की समझ विकसित नहीं हो पाती कि उसके पुरुष ने मानसिक और सामाजिक रूप से उसका अपहरण कर लिया है। उस को बंधन में रखे हुए है, यह नागवार विपरीत परिस्थिति स्त्री को अपने अनुकूल लगती है।

भारतीय समाजिक ताना बाना भी ऐसा है कि अधिकांश महिलाओं को आत्मनिर्भर नहीं बनने देता है। जो आत्मनिर्भर होती भी हैं तो घर और परिवार के लिए त्याग करने की जिम्मेदार उन पर आ जाती है। जब कुछ छोड़ छाड़ कर वे अपने पुरुष पर आश्रित हो जाती है। अधिकांश भारतीय महिलाएं पुरूषों पर आश्रित होती है। इसलिए भी शायद रिश्ते लंबे निभ जाते हैं और ऐसे में पुरुष की सौ गलतियां भी माफ हो जाती हैं। शब्दों की मीठी चाशनी में आपसी संबंधों के समर्थन में भले लाख तर्क दिए जाएं लेकिन इस के मूल में मजबूत मजबूरियां ही होती हैं वर्ना किसी इंसान का आत्म सम्मान न जागें, यह असंभव है। जब पुरुष नारी को अपने वश में करने में असफल हो जाता है तो उसे चरित्रहीन साबित कर देता है और जब चरित्र की बात आती है तो मजबूरी में ही सही नारी अपना हथियार नीचे रख आत्म समर्पण कर देती है। ऐसे में सब जानते, बुझते, समझते न चाहते हुए भी स्त्री सबसे पहले अपना घर बचाती है।

देखा जाए तो भारतीय पति बड़े किस्मत वाले होते हैं। अच्छे हो या बुरे हर हाल में पूजे जाते हैं। अगर यही अमेरिका और रूस होता तो कब के बदल दिए जाते और ऊपर से पति शक्की होता तो दुर्गति कराता और खाता फिर कानूनी भरण-पोषण का खर्च देता वह अलग से होता।

आम स्त्री को अपनी मूलभूत सुविधाएं फलीभूत होने से ही मतलब होता है। इसलिए भी वे चाह कर भी अपने पुरुष का विरोध नहीं कर पाती है। इतिहास गवाह है, स्त्री समानता, महिला अधिकार और आत्म निर्भरता की पहल भी पुरूषों ने ही की थी! उनको जागरूक करने की अलख भी पुरुषों ने ही जगाई है।

अर्थशास्त्र समझाकर मानेंगी मजबूरियां

पिछले महीने जौनपुर तक यात्रा पर गया था, कार से गया था, रास्ते में जगह जगह बने फास्टैग के साथ टोलों पर 1500 रुपये से ज्यादा टैक्स देना पड़ा। खल गया। ट्रेन से चलो तो सीनियर सिटीज़न को मिलने वाली छूट ख़त्म कर दी गई है, सड़क पेट्रोल/डीज़ल की क़ीमत के साथ साथ टोल पर टोल। यात्रा करना मुश्किल होता जा रहा है।

शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

सोचा, इतने महंगे टोल क्यूं हो गए? यू-ट्यूब पर मिल गए लेखक और अर्थशास्त्री अंशुमान तिवारी। वह कालम लिखते हैं। पता चला कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) एक सरकारी स्वायत्त संस्था है जो बाजार से लोन ले सकती है और इसने केंद्र सरकार द्वारा दिए गए बजट के अतिरिक्त, श्री गड़करी जी के कार्यकाल में 3.48 लाख करोड़ का कर्ज उठाया जबकि वर्ष 2014 तक यह कर्ज मात्र 24 हजार करोड़ था। मतलब करीब 24 गुना ज्यादा। मैं तो दंग रह गया। सुन रहा था कि गड़करी जी खूब सड़कें बनवा रहे है, बहुत सफल है, पर पता लगा यह सब तो हम पर लादे जा रहे कर्ज की वजह से है। हम सबको पता है कि सड़कें बनाने में बड़ी-बड़ी कंपनियों को ठेका दिया जाता है और सड़क के साथ उसके तमाम छेदों से इधर उधर भी वह खूब गिरता है। कितना सड़क पर गिरा, कितना बाहर, यह जांच का विषय है पर हम नागरिकों को इसके कारण बली का बकरा ज़रूर बनना पड़ रहा है। इतने कर्ज की अदायगी कैसे होगी, साफ़ है हमारी आपकी जेब से होगी, जितनी काटी जा सकती है, उतनी काटी जाएगी। कुछ हम कटेंगे, कुछ बैंक में डिफ़ॉल्ट होगा। बैंक का डिफ़ॉल्ट भी, अपना डिफ़ॉल्ट होगा। यह भी पता चला कि केंद्र सरकार ने यह सब देखते हुए वर्ष 2022 से एनएचएआई को आगे क़र्ज़ लेने से रोक दिया है। बहुत अच्छा हुआ। आप देख रहे होगे अब एनएचएआई की चाल काफ़ी धीमी पड़ गई है। लखनऊ जाता रहता हूं। 2014 के बाद दिल्ली से लखनऊ जैसे सबसे बड़े प्रांत को जोड़ने वाली, सत्ता पक्ष को सबसे ज्यादा सांसद देने वाली यूपी की राजधानी को देश की राजधानी से जोड़ने वाली नेशनल हाइवे (न.24) रामपुर से सीतापुर के बीच बननी थी, शेष बन चुकी थी और अफ़सोस आज भी वह कई जगहों पर पूरी नहीं हुई है।

> यह भी पता चला कि केंद्र सरकार ने यह सब देखते हुए वर्ष 2022 से एनएचएआई को आगे क़र्ज़ लेने से रोक दिया है।

केंद्र सरकार ने एनएचएआई को तो रोक दिया पर इसी छानबीन में पता चला कि केंद्र सरकार द्वारा लिए जा रहे क़र्ज़ों को लेकर पिछले दिनों अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत सरकार को चेतावनी दी है और इसे सरकार तथा बैंक का ख़तरनाक गठजोड़ बताया। बताया कि केंद्र सरकार, राज्य सरकारें और सरकारी संस्थाओं का कर्ज हमारी जीडीपी के बराबर का हो गया है, ख़तरनाक स्तर पर पहु गया है। जो कर्ज 2014 -15 में जीडीपी का करीब 40 प्रतिशत होता था, अब उसके बराबर हो गया है। आईएमएफ ने तो यह तक कह दिया कि भारतीय अर्थव्यवस्था 'डूम लूप' की तरफ़ जा रही है।

सोचता हूं कि मैं ज़िंदगी भर कर्ज से दूर भागता रहा, पर कर्ज है पीछे पड़ा हुआ है। लखनऊ में मकान बनवाने के लिए सरकारी कर्ज ज़रूर लिया था, दो बार मिलता था, मैंने कोशिश कर तीन बार लिया क्योंकि सरकारी कर्ज तनख्वाह से कटता रहता था, ज्यादा तंग नहीं करता था। ऊपर से गर कोई अनहोनी हो जाए तो कर्ज के बराबर ही उसका बीमा भी करा दिया था शुरू से ही सेविंग भी करता रहा ताकि वक्त ज़रूरत पर काम आए पर आज पता लग रहा है कि मैंने कर्ज भले ही नहीं ले रखा पर मेरे नाम पर सरकार द्वारा लिया गया कर्ज तो बहुत हो गया है। यह कर्ज हमीं सब को भरना है। डाइरेक्ट टैक्स में भी 30 प्रतिशत तक के दायरे में हूं। इनडाइरेक्ट टैक्स तो हर जगह देना ही देना है। जो कुछ ख़रीदो तो टैक्स , चलो तो टैक्स, खाओ तो टैक्स, देखो तो टैक्स। गर मुद्रा छापकर, इसे सरकार ने भुगताया तो रुपये का अवमूल्यन भी हमीं सब को झेलना होगा।

हो सकता है कि आप न डर रहे हो पर जब आईएमएफ चिंतित हो रहा है तो मेरा चिंतित होना स्वाभाविक है। मेरी बचत स्टेट बैंक में जमा है। जानकर लोग राय दें कि वहां सुरक्षित है ना। अर्थशास्त्र कभी मेरा विषय नहीं रहा पर लगता है कि ज़िंदगी की मजबूरियां, अर्थशास्त्र भी समझा कर मानेगी।

सोशल फोरम

त्रिकालदर्शी

एक त्रिकालदर्शी गुरु थे। त्रिकालदर्शी वह है जो भूत, वर्तमान और भविष्य तीनों को जानते हैं। द्विकाल दर्शी तो मैं भी हूं अर्थात भूत याद है और वर्तमान दिखाई दे रहा है। गुरु जी जन्म मृत्यु के भय से मुक्त शिष्यों को संसार की नश्वरता का ज्ञान देते थे। एक दिन शिष्य हैरान कि गुरु जी दहाड़ मार कर रो रहे हैं। एक शिष्य ने पूछ लिया कारण। गुरु जी ने कहा, 'मेरा अंत समय आ गया है'। शिष्य ने आश्चर्य से पूछा कि आप तो संसार की नश्वरता को हमें समझाते हैं और स्वयं रो रहे हैं? गुरु बोले कि रोने का कारण पुत्र मृत्यु नहीं वरन् अगला शरीर है। शिष्यों ने पूछा कि वह क्या है?' मूझे अगले जन्म में शूकर (सुअर)का शरीर मिल रहा है। शिष्य भी दुखी। कहां इतने तपस्वी, सदाचारी,निर्मलाहारी भोजक और छी छी ऐसा अगला शरीर। शिष्यों ने पूछा कि ऐसा दंड क्यों? गुरु जी ने कहा कि यह तो मैं यम से पूछ लूंगा लेकिन अभी मुक्ति का उपाय सोचना है। परामर्श के बाद तय हुआ कि ज्यों ही गुरु जी का पुनर्जन्म होगा उनके उस शरीर का वध कर दिया जाए। उनका एक शिष्य शायद उत्तराखंड सचिवालय में बाबू रहा हो, ने सवाल किया कि गुरु जी शहर-शहर गली-गली इतने घूमते हैं कितने मारेंगे? प्रश्न उचित था। उपाय निकाला गया और तय हुआ कि गुरु जी सुअर के रुप में जन्म लेंगे तो उनके माथे पर सफेद निशान होगा। यथा समय गुरु ने शरीर त्याग दिया, शिष्य गण भी इनक्यूबेशन पीरियड की समाप्ति के बाद हाथ में लट्ठ, बरछी, तलवार,भाला आदि लेकर गुरू की खोज में निकल पड़े। संयोग से गुरु की निशानी वाला एक नया नया बाल शूकर नाली में लोटता और मल भक्षण करता मिल ही गया। शिष्य वध करने दौड़े। गुरु जी चीं-चीं करते भागे और बोले मत मारो मत मारो। समझदार शिष्य ने कहा कि गुरु जी यह तो आपका आदेश है? गुरु (सूअर रुप) गंभीर स्वर में बोले, वत्स,जब मैं मानव शरीर में था तो मुझे यह शरीर घृणित लगता था, लेकिन अब इस शरीर में आ गया हूं तो इसी में आनंद आ रहा है। इस आख्यान से मेरी समझ में यह आ रहा है कि मनुष्य को त्रिकालदर्शी नहीं होना चाहिए।

रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत आईएएस

-फेसबुक वॉल से

विश्व पुस्तक मेले को स्तरीय बनाना होगा

नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला अब दुनिया के सर्वाधिक बड़े पुस्तक मेलों में शामिल है। इस बार यह 10 से 18 फरवरी 2024 तक है। हालांकि फेडरेशन आफ इंडियन पब्लिशर्स (एफआईपी) भी हर साल अगस्त में दिल्ली के प्रगति मैदान में ही पुस्तक मेला लगा रहा है और इसमें लगभग सभी ख्यातिलब्ध प्रकाशक आते हैं, बावजूद इसके नेशनल बुक ट्रस्ट के पुस्तक मेले की मान्यता अधिक है।

पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

वैश्वीकरण के दौर में हर चीज बाजार बन गई है, लेकिन पुस्तकें, खासकर हिंदी की, अभी इस श्रेणी से दूर हैं। पिछले कुछ सालों से नई दिल्ली पुस्तक मेला पर बाजार का असर देखने को मिल रहा है। किताबों के स्वत्वाधिकार के आदान-प्रदान के लिए दो दिन "राइटर्स टेबल" का विशेष आयोजन होता है। यह बड़ी बात है कि केवल किताब खरीदने के लिए तो दर्जनों वेबसाईट उपलब्ध हैं जिस पर घर बैठे आदेश दो और घर बैठे डिलेवरी लो, इसके बावजूद इसके बावजूद यहां 1200 से 1400 प्रतिभागी होते हैं और कई चाह कर भी हिस्सेदारी नहीं कर पाते क्योंकि जगह नहीं होती। हालांकि यह पुस्तक मेला एक उत्सव की तरह होता है, जहां किताब का व्यापार मात्र नहीं, कई तरह के समागम होते हैं। लेकिन यह नई दिल्ली पुस्तक मेले का 31 वां आयोजन है और इसे अब बदलना होगा। पिछले साल से यह मेल प्रगति मैदान के नए बने हॉल में हो रहा है और इतने विशाल परिसर में कोई स्टाल तलाशना बहुत जटिल है। पेइचिंग पुस्तक मेले में बड़े-बड़े हाल्स को चौराहों की तरह विभाजित किया जाता है और बीच के रास्ते पर बड़े बड़े प्लेट लटकते हैं जो पंक्ति और स्तंभ में शामिल विक्रेताओं के नंबर स्पष्ट दिखते हैं। अंग्रेजी के हिस्से में लोग विदेश से आए रद्दी में से किताबों को बेहद कम दाम पर बेचते हैं, उनके यहां भीड़ भी होती है लेकिन ऐसे दृश्य किसी मेले के 'विश्व स्तरीय' होने पर सवाल उठाते हैं।

> वैश्वीकरण के दौर में हर चीज बाजार बन गई है, लेकिन पुस्तकें अभी इस श्रेणी से दूर हैं। पिछले कुछ सालों से पुस्तक मेला पर बाजार का असर देखने को मिल रहा है।

यह बात भी तेजी से चर्चा में है कि इस पुस्तक मेले में विदेशी भागीदारी लगभग ना के बराबर होती जा रही है। यदि श्रीलंका और नेपाल को छोड़ दें तो विश्व बैंक, संयुक्त राष्ट्र श्रम संगठन, स्वास्थ्य, यूनीसेफ आदि के स्टाल विदेशी मंडप में अपनी प्रचार सामग्री प्रदर्शित करते दिखते हैं। फ्रेंकफर्ट और अबुधाबी पुस्तक मेला के स्टाल भागीदारों को आकर्षित करने के लिए होते हैं। इक्का-दुक्का स्टालों पर विदेशी पुस्तकों के नाम पर केवल 'रिमेंडर्स' यानी अन्य देशों की फालतू या पुरानी पुस्तकें होती हैं। ऐसी पुस्तकों को प्रत्येक रविवार को दरियागंज में लगने वाले पटरी-बाजार से आसानी से खरीदा जा सकता है। पहले पाकिस्तान से दस प्रकाशक आते थे लेकिन बीते एक दशक से पाकिस्तान के साथ बाकी तिजारत तो जारी है लेकिन एक दूसरे के पुस्तक मेलों में भागीदारी बंद हो गई। हालांकि विदेशी तो बहुत दूर है, हमारे मेले में संविधान में अधिसूचित सभी 22 भारतीय भाषाओं के स्टाल्स भी नहीं होते। पहले राज्यों के प्रकाशक संघों को निशुल्क स्टाल और आवास की व्यवस्था की जाती थी तो ढेर सारे भाषाई प्रकाशक यहां आते थे।

नई दिल्ली पुस्तक मेला की छवि पर एक दाग वहां हर हाल में बजने वाले प्रवचन और हल्ला-गुल है। बीते कुछ सालों से हर बार वहां कुछ संगठन उधम करते हैं और सारा साहित्यिक जगत सांप्रदायिक विवाद में धूमिल हो जाता है। समझना होगा कि किताबें लोकतंत्र की तरह हैं- आपको अपनी पसंद का विषय, लेखक, भाषा चुनने का हक देती हैं। यह मेल ही है तो है जहां गांधी- और सावरकर, चे-गोवएरा और भागवत गीता साथ साथ रहते हैं और पाठक निर्णय लेता है कि वह किसे पसंद करे। या तो इस तरह के धार्मिक स्टाल्स को लगाने ही नहीं देना चाहिए या फिर उन्हें किसी एक जगह एक साथ कर देना चाहिए। पुस्तक मेला के दौरान बगैर किसी गंभीर योजना के सेमिनारों, पुस्तक लोकार्पण आयोजनों का भी अंबार होता है। यह बात भी अब किसी से छिपी नहीं है कि अब एक ही तरह की विचारधारा के लोगों को आयोजक द्वारा निर्धारित "लेखक मंच" में समय दिया जाता है। असल में यह स्थान भागीदार प्रकाशकों के लिए बना था कि वे अपने स्टाल पर लोकार्पण आदि न करें और इससे वहां भीड़ न जमा हो। लेकिन लेखक मंच राजनीतिक मंच बन गया और प्रकाशक यथावत अपने स्टाल पर आयोजन करते हैं। बाल मंडप में भी बच्चे स्कूल्स से बुलाए जाते हैं जबकि यह स्थान इस तर्क का होना चाहिए कि मेले में आए बच्चे स्वतः यहां की गतिविधियों में शामिल हों।

छुट्टी के दिन मध्यवर्गीय परिवारों का समय काटने का स्थान, मुहल्ले व समाज में अपनी बौद्धिक ताबेदारी सिद्ध करने का अवसर और बच्चों को छुट्टी काटने का नया डेस्टीनेशन भी होता है- पुस्तक मेला। यह बात दीगर है कि इस दौरान प्रगति मैदान के खाने-पीने के स्टालों पर पुस्तक की दुकानों से अधिक बिक्री होती है। पार्किंग, मैदान के भीतर खाने-पीने की चीजों के बेतहाशा दाम, हाल के भीतर मोबाईल का नेटवर्क कमजोर होने, भीड़ के आने और जाने के रास्ते एक ही होने जैसी कई ऐसी दुविधाएं हैं जिनसे यदि निजात पा ले तो सही मायने में नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेल "विश्व" स्तर का होगा।

समझ लीजिए क्या है ईवीएम व वीवीपैट

संवाददाता ऊसराहार, इटावा

- बूथों पर भेजीं गयीं मशीन, 10 फ़रवरी तक चलेगा अभियान
- ईवीएम मशीन को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर कर रहे

अमृत विचार। एसडीएम देवेन्द्र कुमार पांडेय ने बताया चुनाव से पहले ईवीएम मशीन को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने व मतदान के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए ईवीएम मशीनों को ताखा तहसील के 120 बूथ पर मंगलवार से भेजा जा रहा है। 10 फ़रवरी तक चलने वाले इस अभियान में मतदाता अपने डाले गए वोट की पुष्टि वीवीपैट वोटर वैरीफाएबल पेपर आडिट ट्रेल के जरिए कर सकता है। यह ईवीएम वोटिंग मशीन से जुड़ी ही एक मशीन है। ईवीएम पर मतदाता अपना वोट डालकर उसका खुद ही सत्यापन कर सकता है।

उन्होंने बताया वोटिंग मशीन मे बने निशान के सामने जिस निशान पर मतदाता अपनी उंगली दबाएगा दबाए गए उस निशान का प्रदर्शन ईवीएम मशीन में लगी स्क्रीन पर सात सेकंड तक मतदाता खुद ही सामने देख सकता है। उसके बाद

मशीन से निकलने वाली एक पर्ची से भी उसी निशान का सत्यापन मतदाता कर सकता है उन्होंने कहा ताखा तहसील मुख्यालय पर भी एक मशीन को जागरूकता लाने के लिए लगाया गया है प्रतिदन इस मशीन पर तमाम लोग पहुंचकर वोट डालकर उसके सत्यापन करते हैं। तहसीलदार मोहम्मद असलम ने बताया अब ईवीएम मशीन को बूथ तक भेजकर मतदाताओं के बीच इसका प्रदर्शन किया जा रहा है अपने अपने क्षेत्र के मतदाता छह से लेकर दस फरवरी तक बूथ पर पहुंचने वाली ईवीएम मशीन से अपना वोट डालकर उसका सत्यापन कर सकते हैं साथ ही तहसील मुख्यालय में आकर अपना वोट डालकर उसका सत्यापन कर सकते हैं।

प्रो. रामगोपाल ने शोक संवेदना प्रकट की

इटावा। समाजवादी पार्टी के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव प्रो रामगोपाल यादव ने पुरबिया टोला पहुंचकर सपा नेता आशीष पटेल की चाची के असमय निधन पर शोक संवेदना प्रकट की। उनके पुत्र मोहित एवं परिवार के सदस्यों को ढांढस बंधाया। इसके बाद तलैया मैदान में सुनील पटेल की दादी एवं रतनदीप के पिताजी के निधन होने पर शोक संवेदना प्रकट की। संतोष यादव, पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, पूर्व एमएलसी अरविंद यादव, पूर्व अध्यक्ष नगरपालिका कुलदीप गुप्ता, धर्मवीर बिट्टू रहे।

मेरा बूथ सबसे मजबूत है मूल मंत्र

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी इटावा प्रथम मंडल की गांव चलो अभियान कार्यशाला सिंचाई विभाग डाक बंगले में हुई। नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष विवेक गुप्ता ने भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत का अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर स्वागत किया।

जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने कहा कि इस अभियान में भारतीय जनता पार्टी का एक एक कार्यकर्ता कार्य करने करेगा। यह लोकसभा चुनाव हर मतदाता के लिए महत्वपूर्ण है। जिससे एक बार पुनः

कार्यशाला को संबोधित करते भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव राजपूत। अमृत विचार

भारतीय जनता पार्टी की सरकार केंद्र में स्थापित होगी। नरेंद्र मोदी पुनः भारत के प्रधानमंत्री के रूप में देश को मजबूत करने का कार्य करेंगे। मेरा बूथ सबसे मजबूत पर जोर देते हुए कहा सभी कि इटावा प्रथम मण्डल में लगने वाले सभी बूथों पर भारतीय जनता पार्टी चुनाव जीतने वाली है। वरिष्ठ भाजपा नेता दिलीप मिश्रा, सुशांत दीक्षित, ओम रतन कश्यप, सभासद शरद बाजपेई, पूर्व सभासद रतन राज, प्रमोद राठौर, शशी मोहन चौधरी, मंडल उपाध्यक्ष अरुण मिश्रा, अखिलेश कौशिक, अमित दुबे, राजेंद्र वर्मा, महामंत्री जितेंद्र राजपूत आदि रहे।

एक नजर

सर्वजन सुखाय पार्टी की राष्ट्रीय कमेटी की बैठक 10 को

इटावा। सर्वजन सुखाय पार्टी की संसदीय चुनावों की तैयारियों के साथ ही किस प्रत्याशी को कहां से चुनाव मैदान में उतर जाना है इस पर मंथन के लिये दस फरवरी को ज्ञान स्थली करवा खेड़ा में एक अहम बैठक आयोजित की गई है। जिला अध्यक्ष जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पार्टी प्रमुख शिवप्रसाद यादव ने अपने सभी साथियों को विभिन्न माध्यमों से इस बैठक के बारे में जानकारी दे दी है। जिला अध्यक्ष के अनुसार पार्टी की राष्ट्रीय कमेटी की यह बैठक ठीक दस बजे से ज्ञानस्थली आवासीय करवा खेड़ा में शुरू हो जायेगी। इस बैठक में सेंट्रल यूपी की दस संसदीय सीटों पर किसे कहां से उम्मीदवार बनाया जाये, इस पर सर्व सम्मत तरीके से निर्णय लिया जायेगा। उन्होंने पार्टी से जुड़े सभी साथियों से समय पर बैठक में पहुंचने का आग्रह किया है।

दुर्घटना में स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल

बकेवर, इटावा। थाना क्षेत्र के अंतर्गत अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। मुरादगंज निवासी जितेंद्र प्रताप अपने दादा अखिलेश प्रताप का इटावा से सीटी स्कैन करवाकर वापस लौट रहे थे। जैसे ही वह उझियानी गांव के सामने एन एच 19 पर पहुंचे कि तभी पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

32 परीक्षा केन्द्रों पर होगी आरओ एआरओ परीक्षा, प्रशासन तैयार

शांतिपूर्ण परीक्षा कराने को लेकर सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट करेंगे सेंटर्स की निगरानी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। समीक्षा अधिकारी तथा सहायक समीक्षा अधिकारी के लिए परीक्षा को शांतिपूर्ण नकल विहीन कराने की तैयारी कर ली गई है। इस परीक्षा के लिए जिले में 32 विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। इसमें 14188 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इनके लिए कक्ष निरीक्षक तैनात कर दिए गए है। स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट भी तैनात कर दिए गए हैं। इन परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे इसके साथ ही शहर में यातायात व्यवस्था भी दुरुस्त रखी जाएगी।

इस संबंध में एक बैठक में जिलाधिकारी ने परीक्षा के बारे में निर्देश दिए। परीक्षा 11 फरवरी को आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में पुलिस विभाग की ओर से नामित नोडल अधिकारी एसपी ग्रामीण सत्यपाल सिंह पुलिस विभाग से संबंधित परीक्षा केंद्र परिसर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए

परीक्षा संबंधी बैठक में निर्देश देते डीएम अवनीश राय एवं एसएसपी संजय कुमार।

परीक्षा एक नजर में

परीक्षा केन्द्र	32
परीक्षार्थी	14188
स्टेटिक मजिस्ट्रेट	32
सेक्टर मजिस्ट्रेट	10

केंद्र पर पुलिस की ड्यूटी लगाने का कार्य करेंगे। डीएम ने बताया कि परीक्षा केंद्र के अंदर कोई भी डिवाइस नहीं होनी चाहिए तथा नकल विहीन परीक्षा कराई जाए। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट से कहा कि केंद्रों का परीक्षा तिथि के एक दिन पूर्व भ्रमण कर लिया जाए जिससे कोई भी समस्या ना हो। उन्होंने सभी सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट से कहा कि परीक्षा नकल विहीन संपन्न कराई जाए। सेक्टर मजिस्ट्रेट से कहा कि परीक्षा शुरु होने से 35 मिनट पूर्व प्रश्न पत्रों के गोपनीय पैकेट सीसीटीवी कैमरे एवं वीडियोग्राफी की निगरानी में ही खोले जाएंगे। परीक्षा दो पालियों में कराई जाएगी। जाएगी। प्रथम पाली सुबह 9. 30 बजे से 11.30 बजे तक होगी। द्वितीय पाली 2.30 बजे शुरु होगी।

गूगल पर शेयर होगी केन्द्रों की स्थिति

इटावा। आरओ तथा एआरओ परीक्षा के लिए बनाए गए सभी परीक्षा केंद्रों की लोकेशन सेंटर के नाम से गूगल ऐप पर शेयर कर दी जाए। डीएम अवनीश राय ने यह निर्देश दिए। उन्होने कहा कि ऐसा करनेसे छात्र-छात्राओं को परीक्षा केन्द्र आने जाने में आसानी होगी।

इस परीक्षा को कराए जाने के लिए 10 सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा 32 स्टेटिक मजिस्ट्रेट नामित किए गए हैं जिससे अभ्यर्थी को कोई भी समस्या उत्पन्न ना हो। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट पुलिस विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित करके उनके मोबाइल नंबर अवश्य ले लें जिससे परीक्षा के समय कोई परेशानी न हो। सभी सेंटरों पर सभी के मोबाइल जमा कर दिए जाएं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सभी चौराहों पर पूछताछ केंद्र अवश्य बना दिए जाएं।

मौसम की मार, गीले खेत में आलू खोदने को किसान मजबूर

इकदिल, इटावा। मौसम में जो उतार चढ़ाव से आलू किसानों की नींद हराम है। मौसम का मिजाज सुधरा तो ऐसे में किसान मौसम की स्थिति को भांपकर गीले खेत से ही आलू खोदने को मजबूर हो गया। किसानों को डर सताता जा रहा है कि कहीं फिर बारिश हो गई तो ऐसे में आलू खेत में ही सड़ जाएगा। यही कारण है कि किसान अपने पूरे परिवार के साथ खेत में आलू को समेटने में लगा हुआ है। इस बार आलू की खेती किसानों के लिए मुनाफे का सौदा है। पिछले एक पखवारे से मौसम में कभी सर्दी, कभी हल्की गर्मी तो कभी बरसात के साथ साथ जो उतार चढ़ाव चल रहे हैं। उससे किसानों की धुकधुकी तेज हो रही है। दो दिन के बाद मौसम में दोपहर बाद सुधार हुआ। इस पर किसान खेतों में आलू की खुदाई करने दौड़ पड़े। गांव बीलमपुर के राजीव कुमार ने बताया कि आलू की फसल खेत में तैयार है। कहीं बारिश न हो जाए इसलिए वह खुदाई कर रहे हैं। उन्हें चिंता इस बात की है कि यदि अब बारिश हो गई तो खेत में ही आलू सड़ जाएगा। जहां पानी भरा था उसे निकलवाकर खुदाई कराई जा रही है। जिससे फसल को सुरक्षित पहुंचाया जा सके।

टैबलेट प्रदान करते संघ के सह विभाग संचालक रामनरेश शर्मा एवं बीएसए डा राजेश।

परिषदीय विद्यालयों के 260 शिक्षकों को टैबलेट

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

अमृत विचार। ब्लाक संसाधन केंद्र जसवंतनगर के 137 परिषदीय विद्यालयों के 260 शिक्षकों को टेबलेट वितरण किया गया। जिला बेसिक अधिकारी डा राजेश कुमार एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग सह संचालक रामनरेश शर्मा ने कार्यक्रम का उदघाटन किया।

मुख्य अतिथि रामनरेश शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार परिषदीय विद्यालयों में व्यवस्था सुधार कर कान्वेंट स्कूल की तरह हाईटेक बना रही है। टेबलेट वितरण से परिषदीय विद्यालयों में शिक्षक छात्र उपस्थिति की गुणवत्ता में सुधार होगा। खंड शिक्षा अधिकारी अल्केश सकलेचा ने बताया कि टैबलेट के मिलने से प्रधानाध्यापकों 14 रजिस्टर से छुटकारा मिलेगा। इन्हीं टैबलेट के माध्यम से समस्त विभागीय रजिस्टर अध्यापक उपस्थिति छात्र उपस्थित, मिड डे मील एवं विभिन्न बैठकों का लेखा जोखा आनलाइन ही दर्ज होगा। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शिक्षको से कहा कि इन टैबलेट्स से प्राप्त सुविधाओ का उपयोग शिक्षण सेवाओं को बेहतर बनाने में करें। ब्लाक संसाधन केंद्र के लेखाकार विमल कुमार ने बताया 260 टैबलेटस प्राप्त हुए हैं। जिनको अध्यापकों को दिये जा रहे हैं। खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय उदयराज, मनोज कुमार सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, लव सौरव, मधुर श्रीवास्तव, विशुन सिंह फुरका एआरपी जितेंद्र यादव आदि रहे।

व्यापारी से लूट करने व शरण देने वाला गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- तमंचा व कारतूस के अलावा नकदी भी हुई बरामद

अमृत विचार। बकेवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत भदौरिया बंबा के पास कंटीले तार डालकर सब्जी व्यापारी को मारपीट कर नकदी व मोबाइल लूटने वाले एक लुटेरे व उसको शरण देने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से एक तमंचा कारतूस व नकदी बरामद हुई। पुलिस ने पकड़े गए लोगों को आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि प्रशांत कुमार निवासी इन्द्रावखी बकेवर ने थाना बकेवर पर सूचना दी कि 19 जनवरी को सुबह साढ़े तीन बजे जब उसका भाई नीरज कुमार अपनी मोटरसाइकिल से सब्जी खरीदने इटावा मंडी जा रहा था तो रास्ते में भदौरिया बंबा पुलिया के पास सड़क पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कटीला तार लगा रखा था। तार से टकराकर उसका भाई घायल हो गया। घायल अवस्था में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसके भाई के साथ मारपीट कर उसकी जेब में रखे मोबाइल व रुपये छीन लिये। तहरीर के आधार पर मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने 25 जनवरी को शिवम सिंह निवासी ग्राम एलपी थाना कुदरकोट जनपद औरैया को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में प्रकाश में आये अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम प्रयासरत थी। मंगलवार रात को थाना बकेवर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर इंद्रावखी बंबा पुलिया के पास से बाइक सवार दो लोगों को तंमचा कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया। उन्होने अपने नाम सुशील कुमार निवासी टढवा काछियान तथा अनुज कुमार निवासी कटहरा भरथना बताया।

एडीओ पंचायत को प्रतिकूल प्रविष्टि

इटावा। मुख्य विकास अधिकारी ने आरआरसी सेंटर मलाजनी के निरीक्षण के बाद लापरवाही बरतने वालों पर कार्यवाही की गई है क्योंकि इस केंद्र पर कूड़ा निस्तारण की प्रक्रिया बंद पाई गई थी। इस मामले में कार्यवाही करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने एडीओ पंचायत को प्रतिकूल प्रविष्टि दी है जबकि ग्राम पंचायत सचिव का वेतन रोक दिया गया है। इसके साथ ही इस मामले को लेकर खंड विकास अधिकारी को भी कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी की इस कार्रवाई को लेकर खलबली मची है।

इस संबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह ने बताया कि मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम ने 6 फरवरी को ओडीएफ प्लस गांव मलजनी में विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान कूड़ा भी एकत्रित करना नहीं पाया गया। आरआरसी केंद्र संचालित नहीं हो रहा था।

जमीन के विवाद में की थी किसान की हत्या

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- पखवाड़े पहले दिल्ली से आकर घटना को दिया था अंजाम

अमृत विचार। पखवाड़े पहले झोपड़ी में सो रहे किसान की कुल्हाड़ी से नृशंस हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने लगातार खोजबीन करके बुधवार को हत्या के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। उसने जमीन के विवाद को लेकर दिल्ली से आकर घटना को अंजाम दिया था। उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त खून से सनी कुल्हाड़ी बरामद कर ली गई।

एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि थाना चौबिया क्षेत्र में गांव मुगलपुरा के 58 साल के लियाकत हुसैन 23 जनवरी की रात गांव से थोड़ी दूर निर्माणाधीन मकान की सामग्री की रखबाली के लिए झोपड़ी में सो रहे थे। सुबह उनका हत्या किया शव पाया गया। मृतक की पत्नी मीना बेगम ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। सीओ नागेंद्र चौबे के नेतृत्व में थाना प्रभारी चौबिया मंसूर अहमद इस घटना को वर्कआउट करने में जुटे थे। सटीक सूचना पर बुधवार को सुबह सवा आठ बजे लखनऊ आगरा एक्सप्रेस पर इस थाना क्षेत्र में बनी हरदू बाईपास पर इसी गांव के तथा हाल निवास अशोकनगर दिल्ली में रहने वाले इरशाद उर्फ छोटे को पकड़ा गया। कड़ी पूछताछ किए जाने पर उसने सभी रहस्य उजागर कर दिए। जमीन के विवाद को लेकर लियाकत हुसैन न्यायालय में वाद दायर करके सटे ले लिया था। इस रंजिश के चलते छोटे 23 जनवरी की रात अपना मोबाइल फोन बंद करके आया, कुल्हाड़ी से सोते समय हत्या कर दी बम्बा किनारे झाड़ियों में कुल्हाड़ी छिपाकर दिल्ली चला गया। उसकी निशानदेही पर कुल्हाड़ी बरामद कर ली गई।

दिलों में आले मोहम्मद की मोहब्बत का जज़्बा पैदा करो : मौलाना ज़ैदी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। सातवें इमाम मूसा काज़िम अ.स. की शहादत और मौलाए कायनात हज़रत अली के पिता जनाबे अबूतालिब की वफात पर सफीर हैदर की ओर से पक्की सराए स्थित बड़े इमामबाड़े में मजलिस का आयोजन किया गया।

मजलिस का शुभारंभ सलीम रज़ा, जहूर नक़वी और सफीर हैदर ने सोजख्वानी के साथ किया, तस्लीम रज़ा, आसिफ रिज़वी अश्शू, अशहर कादरी ने कलाम पेश किए। तनवीर हसन ने नोहाख्वानी की। मजलिस में तकरीर करते हुए मौलाना अनवारुल हसन ज़ैदी इमामे जुमा इटावा ने कहा सातवें इमाम को बाबुल हवायज़ का खिताब मिला वही जनाबे अबू तालिब का इस्लाम और रसूल अल्लाह पर बहुत बड़ा एहसान है। सातवें इमाम फरमाते हैं कि दीने खुदा को समझो और इल्म हासिल करो, औरतों व बच्चों पर

मजलिस में तकरीर करते मौलाना अनवारुल हसन ज़ैदी। अमृत विचार

- अबू तालिब का इस्लाम व रसूल अल्लाह पर बहुत बड़ा एहसान है

जुल्म करने वालों से अल्लाह बहुत नाराज़ रहता है, नेक कामों में पैसा खर्च करो वहीं जनाबे अबुतालिब की वसीयत है कि सच बोलो और किसी पर जुल्म न करो रिश्तेदारों की खैरियत लिया करो, सच्चे लोगों के पास जाओ और फिजूल खर्चे से बचो। दिलों में आले मोहम्मद की मोहब्बत का जज़्बा पैदा करो तभी एहलैबैत खुश होंगे। श्री ज़ैदी ने कहा सातवें इमाम मूसा काज़िम को दुधमनों ने 14 साल कैद में रखा।माम को जहर देकर बेरहमी से शहीद कर दिया गया। सातवें इमाम की शहादत सबसे दर्दनाक हुई। मजलिस में हाजी कमर अब्बास नक़वी, राहत अक़ील, मो. मियां, मो. अब्बास, शावेज़ नक़वी, हसन अब्बास, तहसीन रज़ा, अली साबिर, मो. अहमद, राहत हुसैन रिज़वी, नजमुल हसन, मुशीर हैदर, कलीम वारसी, अयाज़ हुसैन आदि रहे।

भरी हुंकार | अति पिछड़ों, दलितों के साथ बड़े भाई की भूमिका निभाए यादव समाज : लोटनराम निषाद

'संजय निषाद व ओमप्रकाश को समाज की नहीं, परिवार की चिंता'

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। सपा पिछड़ावर्ग प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौ.लोटनराम निषाद ने कहा कि मंडल कमीशन विरोधी भाजपा किसी भी सुरतेहाल में ओबीसी व वंचित वर्ग की हित चिंतक नहीं हो सकती। उन्होंने भाजपा के कुछ नेताओं को फर्जी ओबीसी बताते कहा कि ये नेता अंतरराष्ट्रीय स्तर के झूठा और देश विक्रेता हैं। उन्होंने कहा कि आरएसएस के रिमोट कंट्रोल से संचालित होने वाले केंद्र की भाजपा सरकार ओबीसी के सामाजिक न्याय की हत्या कर रही है। उन्होंने कहा कि आरएसएस पिछड़ों के संवैधानिक अधिकारों को खत्म कर रही है।

श्री निषाद भरथना विधानसभा व चकरनगर क्षेत्रांतर्गत गोपिया खार,

ग्रामीणों को संविधान की शपथ दिलाते लोटन राम निषाद। अमृत विचार

ख्यालीपुरा, भजनपुरा, आम्दापुर व खेरापुरा में शिवकुमार निषाद और भूपसिंह निषाद प्रधान के संयोजकत्व में आयोजित पीडीए जनपंचायत को सम्बोधित कर रहे थे। कहा कि भाजपा के लिए निषाद, लोधी, गूर्जर, भुर्जी, किसान, कश्यप, सविता, विश्वकर्मा, प्रजापति, साहू, राजभर, चौहान, बिन्द, जाट, शाक्य, अहीर, चौरसिया, बाल्मीकि, कठेरिया, पासी, बंजारा, धानुक, कोल आदि सिर्फ चुनावी हिन्दू हैं। अगर पिछड़ावर्ग हिन्दू है तो किसी ओबीसी को रामजन्म भूमि निर्माण ट्रस्ट

- संविधान व लोकतंत्र को बचाने का लिया संकल्प

का ट्रस्टी क्यों नहीं बनाया गया। राममंदिर निर्माण के शिलान्यास कार्यक्रम में कल्याण सिंह, विनय कटियार, उमाश्री भारती, साध्वी ऋतम्भरा को क्यों नहीं बुलाया गया?

निषाद ने कहा कि हंसराज अहीर, भूपेन्द्र यादव, रामकृपाल यादव, मोहन यादव, नित्यानंद राय, केशव प्रसाद मौर्य, स्वतंत्र देव सिंह, नरेंद्र कुमार कश्यप, धर्मवीर प्रजापति, नरेन्द्र कुमार कश्यप, भूपेन्द्र सिंह, धर्मपाल सिंह लोधी, धर्मपाल सैनी, अनिल राजभर, लक्ष्मीनारायण चौधरी, राकेश सचान सहित एनडीए के सहयोगी संजय निषाद, अनुप्रिया पटेल, ओमप्रकाश राजभर भाजपा-आरएसएस के मुखौटा हैं।उन्होंने कहा कि संजय निषाद व ओमप्रकाश राजभर का पूर्वांचल से पूरी तरह खदेड़ा हो गया। इसलिए ये पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ठौर की तलाश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुभासभा मंगरू (राजभर) एंड चंगू मंगू की प्रालि कम्पनी है, वहीं निषाद पार्टी संजय निषाद एंड फेमिली की प्रालि कम्पनी और अपना दल (एस) हसबैंड एंड वाईफ की प्रालि पार्टी है।

उन्होंने कहा कि निजस्वार्थ में बीजेपी के ओबीसी, एससी, एसटी के नेता अपने जमीर की हत्या कर बन्धुआ मजदूर बनकर संवैधानिक अधिकारों की हत्या करा रहे हैं।उन्होंने यादव समाज से अतिपिछडे, दलित समाज के साथ बड़े भाई का फर्ज निभाने व संरक्षण देने की अपील की।

कार्यक्रम संयोजक शिवकुमार निषाद ने कहा कि संविधान, लोकतंत्र, संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए पिछड़ों, दलितों से पीडीए को मजबूत करें। अंत में संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर संविधान, लोकतंत्र व आरक्षण को बचाने का संकल्प लिया गया।

पीडीए जनपंचायत की अध्यक्षता रामलच्छन निषाद, रामकुमार निषाद व धन्यवाद ज्ञापन विनोद कुमार निषाद, राम अवतार कठेरिया ने किया।जन पंचायत को जनवेद भोजवाल, रामविलास निषाद, राजकुमार यादव, सत्यभान निषाद, गुड्डू गुर्जर, राजवीर सिंह राजपूत, हरबिलास निषाद, पप्पू निषाद, प्रताप सिंह निषाद पूर्व प्रधान, सोनवीर निषाद, रामप्रकाश निषाद, आरती निषाद, उमा देवी निषाद, सरस्वती निषाद, अशोक सिंह परिहार आदि ने सम्बोधित किया।

सार-संक्षेप

चेकिंग अभियान जारी, बिजली चोरी में 9 पकड़े गए

इटावा। बिजली विभाग की ओर से चलाये जा रहे चेकिंग अभियान में लखनऊ से आई लिस्ट के रोस्टर अनुसार चेकिंग करने पर हाई पोटेंशियल फीडर नुमाइश से संबंधित क्षेत्र प्रोफेसर कालोनी पुरबिया टोला के पास 9 लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। इनके विरुद्ध बिजली थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। इन 9 लोगो को केबल बायपास करके विद्युत चोरी करते पकड़ा गया। जिनकी धारा 135 में कार्यवाही कर दी गई हैं। चेकिंग अभियान चलाने वाली टीम में उपखण्ड अधिकारी प्रथम पीयूष मौर्य, विजीलेंस प्रभारी मनोज कुमार, अवर अभियंता शिवम, प्रभारी निरीक्षक गंधर्व सिंह, अनुराग त्रिपाठी शामिल रहे।

9 फरवरी को लगेगा रोजगार मेला

इटावा। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से 9 फरवरी को एक रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में जेके टायर एण्ड इण्डस्ट्रीज लि, बजाज कैपिटल, पशुपतिनाथ बायोटेक्नोलॉजी प्रा लि, पुखराज हेल्थ केयर प्रा लि, एसबीआई लाइफ इन्श्योरेन्स, एलआईसी सहित कुल 6 कम्पनियां 417 रिक्तियों के साथ प्रतिभाग कर रही हैं। बेरोजगार अभ्यार्थियों को सूचित किया है कि 9 फरवरी को सुबह 10 बजे अपने बायोडेटा, सीवी, शैक्षिक प्रमाण पत्रों एवं सेवायोजन कार्यालय में पहुंचे।

ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

जसवंतनगर, इटावा। दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर ट्रेन से गिरकर 30 वर्षीय अज्ञात युवक की मौत हो गई। युवक का शव रेलवे ट्रैक किनारे पड़ा मिला। बुधवार को रेलवे प्वाइंट मैन रंजीत पाल ने सूचना दी कि एक अज्ञात व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आने से मर गया है।सूचना पर पहुंचे उप निरीक्षक कपिल भारती ने मृतक की तलाशी में एक काला पर्स जिसके अंदर 1580 रुपये व कुछ कार्ड फ़ोटो मिले हैं। जिस पर ध्रुव कुमार खरकी पता नेपाल अंकित है। पुलिस के अनुसार शव का पंचायतनामा भरकर शिनाख्त के लिए 72 घंटे तक सुरक्षित रख कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

परिवार से मिलने पहुंचे भीम आर्मी चीफ

चंद्रशेखर आजाद बोले, आरोपियों को सजा जरूर दिलाकर रहूंगा, हत्या से डर के साए में जी रहा परिवार

संवाददाता, सहार (औरैया)

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बहादुरपुर में बुधवार को पहुंचे आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी के संस्थापक चन्द्र शेखर आजाद ने मृतक की पत्नी बच्चों व परिवारीजनों से बात की।

22 जनवरी को ग्राम बहादुरपुर में बृजेश कुमार की सुबह फावड़ा मारकर हत्या कर दी गई थी, जिसमें मृतका की पत्नी आरती देवी ने गजेंद्र सिंह सहित चार अन्य लोगों को भी हत्या का दोषी ठहराते हुए पुलिस को शिकायती पत्र दिया था। शिकायती पत्र के आधार पर पुलिस ने चार नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गजेंद्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से परिवार के लोगों ने एक वीडियो के माध्यम से चंद्रशेखर आजाद तक अपनी बात पहुंचाई थी।

बुधवार को मृतक के घर पहुंचे भीम आर्मी के संस्थापक चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि जिसकी हत्या हुई है, उसी का परिवार डर के साए में जी रहा है। आरोपी खुले घूम रहे हैं। परिवार के साथ न्याय नहीं किया जा रहा है। कार्रवाई में लापरवाही बरती जा रही है। परिवार को सशस्त्र लाइसेंस की आवश्यकता है। जिसे वह अपनी जान माल की सुरक्षा कर सके परिवार के जीवन रक्षा के लिए रोजगार की व्यवस्था शासन द्वारा की जाए। यदि मांगों को प्रशासन द्वारा नहीं माना गया तो जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

परिजनों को सांत्वना देते भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद। अमृत विचार

भीम आर्मी चीफ के गांव पहुंचने पर लोगों की भीड़ जुट गई। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि आज परिवार से मिलने आया था, परिवार के लोगों ने अपनी दास्तान सुनाई है। दास्तान सुनकर प्रशासन से बात की और प्रशासन के लोगों ने पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया है। वहीं उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था भंग हो चुकी है जिसका बड़ा उदाहरण आप सबके सामने हैं। घटना में लीपा पोती की जा रही है।मैं प्रशासन से मांग करता हूं कि सरकारी फाइलें बहुत समय तक खुली रहती है। दबाव में कोई काम ना करें कानून व्यवस्था अपने हाथ में ना ले संविधान पर भरोसा रखें। हम गुलाम नहीं है हम आजाद भारत में जी रहे हैं।अन्याय करने वालों से अन्याय सहने वाला ज्यादा दोषी है।परिवार के लोगों ने मदद के लिए हमें यहां बुलाया है। हम शासन व प्रशासन से मिलकर परिवार को हर संभव मदद दिलाएंगे तथा मुकदमे को भी फास्ट कोर्ट में चलाए जाने की मांग करेंगे। कहा कि जिन आरोपियों को बचाया जा रहा है प्रशासन उन्हें तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेजें। वहीं चंद्रशेखर आजाद के आने की सूचना पर हजारों लोग इकट्ठा हो गए।शासन प्रशासन के लोग भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। भीड़ को रोकने के लिए प्रशासन ने बैरिकेटिंग कर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए।मौके पर उपजिलाधिकारी बिधूना, क्षेत्राधिकारी बिधूना, थानाध्यक्ष सहार सहित कई थानों का फोर्स मौजूद रहा।

सड़क हादसों में पांच घायल, दो रेफर

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- स्थानीय मंडी समिति के समीप अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकराई
- ऑटो में अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, दो लोग गंभीर रूप से हुए घायल

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र में बुधवार को अलग-अलग हुई तीन मार्ग दुर्घटनाओं में पांच लोग घायल हो गये, जिनमें से दो लोग गंभीर घायल हुए हैं। दुर्घटना के घायलों को स्थानीय सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से चिकित्सकों ने दो गंभीर घायलों को रेफर कर दिया।

जनपद कानपुर देहात थाना कस्बा सिकंदरा निवासी शीलू कटियार 30 वर्ष पुत्र वीरेंद्र कटियार अपने साथी गोलू तिवारी 28 वर्ष, सुभाष नगर सिकंदरा के साथ बुधवार को अपराह्न बाइक से जनपद इटावा के भरेह शिव मंदिर पर दर्शन के लिए जा रहे थे। जैसे ही बाइक कोतवाली क्षेत्र के हाईवे रोड मंडी गेट के समीप पहुंची। उसी समय पीछे से आ रही कार ने कट मार दिया, जिससे बाइक असंतुलित होकर डिवाइडर से टकरा गई। बाइक टकराने से दोनों युवक रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। दुर्घटना के दोनों घायलों को निजी साधन से 50 शैया युक्त जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने गंभीर घायल शीलू को प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर कर दिया, जबकि गोलू का इलाज अस्पताल में चल रहा था। इसी प्रकार से कोतवाली क्षेत्र में बुधवार को पूर्वाह्न सुमित कुमार 22 वर्ष पुत्र राजकुमार निवासी आवास विकास औरैया कहीं जा रहा था, तभी वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिससे उसके शरीर में चोटें आई एवं कई जगह फैक्चर हो गया। जानकारी होने पर पास-पड़ोस के लोगों ने स्थानीय जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर कर दिया। तीसरी मार्ग दुर्घटना में बुधवार की सुबह हुई, इसमें अंकित कुमार 21 वर्ष पुत्र दिनेश चंद्र निवासी जमुही थाना दिबियापुर एवं रामवीर 41 वर्ष पुत्र हरिराम निवासी कलोर थाना माधौगढ़ जनपद जालौन ऑटो से कही जा रहे थे। तभी कोतवाली क्षेत्र में ऑटो में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे ऑटो सवार उपरोक्त दोनों लोग घायल हो गये। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

अस्पताल में घायलों का इलाज करते चिकित्सक। अमृत विचार

हर्राजपुर में बना सीएनजी पंप। अमृत विचार

सीएनजी पंप को टेस्टिंग टीम ने बारीकी से जांचा

कार्यालय संवाददाता, दिबियापुर

अमृत विचार। हर्राजपुर में सीएनजी पम्प पर टेस्टिंग टीम पहुंची। जहां टेस्टिंग के लिए ऑटो चालकों को एक किलो मुफ्त में सीएनजी दी गई। टेस्टिंग टीम की जांच प्रक्रिया पूरे दिन चली। फ्री गैस की सूचना ऑटो चालकों को मिलते ही पम्प पर लाइन लगने लगी। टेस्टिंग टीम ने जांच पूरी होने के बाद पम्प चालू कर दिया। पंप को रंग-बिरंगे गोपालन से सजाया गया था उद्घाटन के बाद ऑटो चालकों ने गैस लेना प्रारंभ कर दिया। वहीं, ऑटो चालक काफी प्रसन्न दिखाई दिए। सीएनजी पम्प के चालू होने से ऑटो चालकों को सीएनजी में समस्या से छुटकारा मिल सकेगा। दो पंप होने से समय की बचत होगी।

चोरी के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

औरैया। सदर कोतवाली पुलिस द्वारा गस्त के दौरान चोरी के माल सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। तलाशी लेने पर उसके पास एक तमंचा व जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ है। पुलिस ने पकड़े गये आरोपी को न्यायालय के पेश किया है।

पुलिस अधीक्षक चारू निगम के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली प्रभारी पंकज मिश्रा के नेतृत्व में उप निरीक्षक हेमंत कुमार अपनी टीम शिशुपाल सिंह, मनोज कुमार, सौरभ कुमार, धर्मेंद्र शर्मा के साथ गस्त कर रहे थे। उसी दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक आरोपी चोरी के माल सहित कहीं जाने की फिराक में है। इस पर उप निरीक्षक हेमंत कुमार ने आवश्यक घेराबंदी करते हुए दयालपुर ओवर ब्रिज के पास से युवक को गिरफ्तार कर लिया।

बार एसोसिएशन का चुनाव 23 को

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- डीबीए कार्यकारिणी ने एल्डर कमेटी को सौंपी कमान
- तारीख की घोषणा के साथ ही चुनाव की तैयारी तेज

अमृत विचार। डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन अध्यक्ष सुनील दुबे ने आज आपात बैठक कर अपना कार्यभार एल्डर्स कमेटी को सौंप दिया। वहीं, अध्यक्ष सुनील दुबे ने बताया कि सभी कार्यवाही और दस्तावेज लिस्ट सहित एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष ह्रदय नारायण पांडये को सौंपते हुए कहा कि पूरी ईमानदारी से अधिवक्ताओं के हितों के लिए कार्य करते रहे और अधिवक्ताओं के मान सम्मान के लिए निरंतर प्रयासरत रहे।

अध्यक्ष सुनील दुबे ने बताया कि अधिवक्ताओं की बैठने के लिए सुरक्षित और सम्मान सहित कुर्सियों को लाया गया एवं स्वच्छ वातावरण के लिए उचित व्यवस्था की गई। वहीं उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं का सम्मान सर्वोपरि है। जिसके लिए वह निरंतर कार्य करते रहे। वहीं, संयुक्त मीटिंग में अध्यक्ष और महामंत्री ने बताया कि अधिवक्ताओं के जीवन को सुगम बनाने के लिए जीवन पॉलिसी बीमा करवाया गया, जो शीघ्र सभी अधिवक्ताओं को निर्गत की जाएगी।

वार्ता के दौरान जानकारी देते अध्यक्ष सुनील दुबे। अमृत विचार

वहीं, एड्रेस कमेटी की अध्यक्ष ह्रदय नारायण पांडे ने कहा कि जिला बार एसोसिएशन के सभी दस्तावेज उन्हें उपलब्ध हो गई है। उन्होंने चुनाव की घोषणा करते हुए कहा कि 23 फरवरी 2024 को हर हाल में चुनाव संपन्न कराए जाएंगे। जिसके लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता एवं एल्डर कमेटी के वरिष्ठ सदस्य सुरेश कुमार मिश्रा, अरुण कुमार चतुर्वेदी, अमर सिंह सेंगर, सोनू पांडेय, सोनू दीक्षित, अरुण त्रिवेदी, शिवम शर्मा, कमलेश यादव, प्रेम शंकर आदि मौजूद रहे।

जल्द ही दूधिया रोशनी से नहाएगी प्लास्टिक सिटी

संवाददाता, ककोर (औरैया)

अमृत विचार। दिबियापुर में वर्षों से लंबित प्लास्टिक सिटी योजना के दिन अब बहुरने वाले हैं। प्रशासन की सख्ती के बाद अब सक्रियता शुरू हो गई है। अब प्लास्टिक सिटी रोड पर हाई मास्क लाइट लगने के लिए स्थान बना दिया गया है। वहीं, मुख्य स्थानों पर जल्दी ही पांच हाई मास्ट लाइट लगाई जाएगी। जिससे मुख्य जगह पर दूधिया रोशनी होगी।

सड़कों के किनारे लाइट सुधारने का काम तेजी से किया जा रहा है। जहां 500 से अधिक लाइट सड़क दोनों और लगाई जाएगी, जिससे रात में सड़क जगमग दिखाई देगी। कुछ दिन पहले ही व्यापारियों ने उद्योग लगाने के लिए होने वाली समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया था। इसके बाद जिलाधिकारी ने बिजली अधिकारियों को कड़े शब्दों में बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए कहा। बिजली अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर हकीकत को देखा और तुरंत ही व्यवस्था सुधार करने के आदेश जारी किए। इसके बाद सड़क की स्ट्रीट लाइट लगने का काम प्रारंभ हो गया। वही उद्यमी को अब प्लास्टिक सिटी चालू होने की उम्मीद जाग उठी है। उद्यमी बंधुओं ने प्लास्टिक सिटी पहुंचकर अपने व्यापार के लिए उपयुक्त जगह तलाशना शुरू कर दी है। जिससे व्यापार में किसी प्रकार की समस्या न हो, इसके लिए मंथन शुरू कर दिया है। वहीं, आसपास के ग्रामीण लोगों ने भी खुशी जताई है। प्लास्टिक सिटी शुरू होने से आसपास के हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा और रोजगार के लिए बाहर नहीं भटकना पड़ेगा।

तीन ट्रैक्टर चोर पुलिस के हत्थे चढ़े

संवाददाता, एरवाकटरा

- आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया ट्रैक्टर बरामद
- घटना में प्रयुक्त कार भी पकड़ी गई, तमंचा मिला

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के नगला दौलत तिराहे पर पुलिस ने घेराबंदी करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी का ट्रैक्टर, एक तमंचा व घटना में प्रयुक्त कार बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है।

पुलिस अधीक्षक चारु निगम ने वार्ता के दौरान बताया कि 29 जनवरी को राकेश कुमार पुत्र स्व. लालाराम बाथम निवासी ऐरवाकटरा के घर के नजदीक दुर्गा मन्दिर के पास उसका ट्रैक्टर खड़ा था, जिसे चोरों ने पार कर दिया। इस मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उमरैन से इटावा जाने वाले सर्विस लाइन पर आगरा एक्सप्रेस-वे के पास अन्डर पास वाले नगला दौलत तिराहे पर आ रहे ट्रैक्टर व पीछे से आ रही टाटा टियागो को रोका गया तो भागने का प्रयास करने लगे। जिसे पुलिस टीम द्वारा आवश्यक घेराबन्दी कर समय करीब 22.50 बजे ट्रैक्टर चालक व ट्रैक्टर में बैठे व्यक्ति तथा कार चालक को पुलिस हिरासत में लेकर जामा तलाशी व पूछताछ की गई तो ट्रैक्टर चालक ने अपना नाम शिवम यादव पुत्र प्रमोद सिंह निवासी महाराजपुर थाना चौबिया जनपद इटावा बताया।

पुलिस टीम के साथ पकड़े गये चोरी के आरोपी।

पुलिस अधीक्षक चारु निगम ने बताया कि पकड़े गए लुटेरों के कब्जे से एक तमंचा, दो जिन्दा कारतूस भी बरामद हुए हैं। ट्रैक्टर में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम सचिन उर्फ आशीष यादव पुत्र सुधीर सिंह निवासी महाराजपुर थाना चौबिया जनपद इटावा बताया। कार चला रहे व्यक्ति ने अपना नाम दीपक कुमार यादव पुत्र राम सरजन यादव निवासी महाराजपुर थाना चौबिया इटावा बताया। बरामद ट्रैक्टर का नम्बर व चेचिस नम्बर से मुकदमें से मिलान किया गया तो सही पाया गया।

शुद्ध पानी का संदेश देने निकले वाहन

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत आमजनमानस में शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल के महत्व के प्रति जागरूकता लाने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर से चार एलईडी वैन को जनपद के ग्रामों में भ्रमण के लिए रवाना करते हुए कहा कि इनके माध्यम से आमजन में पेयजल को संरक्षित करने तथा उसके उपयोग के संबंध में जानकारी प्राप्त होगी, जिससे जल जनित रोगों से बचा जा सकेगा। डीएम ने कहा कि शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल के महत्व की जानकारी देने के साथ जल जनित रोगों से बचाव व रोकथाम के लिए जागरूक किया जाएगा जिससे सभी लोग अपने-अपने घरों में कनेक्शन लेकर शुद्ध और सुरक्षित पेयजल प्राप्त कर सकें।

प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करतीं डीएम नेहा प्रकाश। अमृत विचार

यात्रा के दौरान सिर पर कलश रखकर निकलीं श्रद्धालु महिलाएं। अमृत विचार

कलश यात्रा के साथ कथा शुरू

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)

अमृत विचार। पुराने अछल्दा में भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का उद्घाटन किया गया। कलश यात्रा ने क़स्बे का भ्रमण कर महिलाएं भागवत कथा स्थल तक पहुंची। जहां कलश की विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ यज्ञ स्थल पर स्थापित किया गया। कस्बा के पुराने अछल्दा के मैदान में सात दिवसीय श्रीमद भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। जिसके आयोजन को लेकर बुधवार को कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में शामिल महिलाओं व युवतियों ने निचली गंग नहर से जल भरने के बाद कलश को सिर पर रखकर कार्यक्रम स्थल पहुंची। जहां विधि विधान से पूजा-अर्चना के बाद कलश की स्थापना की गई।

कलश यात्रा के साथ शोभा यात्रा भी निकाली गई। जगह-जगह लोगों ने शोभायात्रा को रोक कर दर्शन किए। यह कथा सात दिनों तक चलेगी। भागवत कथा के आयोजक ने बताया कि आचार्य महेश चंद्र पांडेय की ओर से श्रोताओं को सत्संगत का रसपान कराया जाएगा। शोभा यात्रा में ब्लॉक प्रमुख शरद राणा, चौयरमेन अरूण दुबे उर्फ रिंटू दुबे, नगर अध्यक्ष नवीन गुप्ता, गौरव श्रीवास्तव मौजूद रहे।

तैयारी | भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने कार्यशाला के दौरान दी जानकारी, विधानसभा स्तर पर होंगे कार्यक्रम

जिले भर में 10 से चलेगा नारी शक्ति वंदन अभियान

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा ने 10 फरवरी से स्वयं सहायता समूह, एनजीओ व अन्य कामकाजी आदि से जुड़ी महिलाओं से संपर्क साधने की तैयारी की है। इसके लिए नारी शक्ति वंदन अभियान चलेगा। विधानसभा स्तर पर कार्यक्रम होंगे। बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय में हुई जिला कार्यशाला में महिला पदाधिकारी सहित अन्य जिला, मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे।

कार्यशाला में जिला प्रभारी आनंद सिंह ने कहा कि विधानसभा व संसद में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था करके प्रधानमंत्री ने नारी शक्ति के प्रति अपनी प्राथमिकता जता दी है। शौचालय निर्माण, उज्ज्वला, पीएम आवास, निशुल्क बिजली कनेक्शन जैसी योजनाएं महिलाओं को समर्पित हैं। अब वक्त आ गया है कि महिला मोर्चा की कार्यकर्ता नारी शक्ति वंदन अभियान चलाकर महिलाओं के बीच जाकर संवाद करें। महिलाओं की टोली के साथ चाय पर चर्चा जैसे कार्यक्रम आयोजित करने हैं। जिला स्तर पर नारी शक्ति संवाद 10 फरवरी, विधानसभा स्तर पर शक्ति सम्मान 11 से 14 फरवरी के बीच होंगे। 12 से 21 फरवरी के बीच स्वयं सहायता समूहों से संपर्क अभियान तथा 25 व 26 फरवरी को जिला स्तर पर एनजीओ सम्मेलन होगा। 22 फरवरी को लाइव कार्यक्रम के जरिए प्रधानमंत्री मातृ शक्ति से जुड़ेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ने योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव जीतने का आह्वान किया। कहा की महिलाओं के लिए सरकार ने योजनाओं से महिलाओं को सक्षम बनाने में प्रमुख भूमिका निभाई है। सभी महिलाएं मिलकर पीएम मोदी को दोबारा प्रचंड बहुत दिलाने में अग्रणी भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि शक्ति वंदन अभियान के तहत जिला में योजना बनाकर स्वयं सहायता समूह एवं एनजीओ के प्रमुखों से मिलकर केंद्र सरकार की उपलब्धियों को बताने की बात कही। कार्यशाला में स्वम सहायता समूह एवं एनजीओ के बारे में विस्तार से राम दुलारे उपायुक्त स्वत रोजगार व जिला मिशन प्रबंधक ने बताया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजू चौहान, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष गिरीश तिवारी, दिबियापुर चेयरमैन राघव मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यकम के जिला संयोजक अनिल तोमर, जिला महामंत्री कौशल राजपूत, जिला उपाध्यक्ष प्रेम गुप्ता, अनंग पाल सिंह तोमर, कुलदीप दुबे, चंद्रकाती मिश्रा, विकास गौर, विशाल शुक्ला, राहुल गुप्ता, सोनू सोनी, कार्तिक गुप्ता, श्रद्धा चौहान, नितिन अवस्थी, डा. नारायण सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

कार्यशाला को संबोधित करते जिला प्रभारी आनंद सिंह। अमृत विचार

पांच सभासद भाजपा में शामिल, स्वागत

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- अछल्दा नगर पंचायत के पांच सभासदों ने ली सदस्यता
- लोकसभा चुनाव में जीत दिलाने का किया आह्वान

अमृत विचार। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सत्तारूढ़ पार्टी अपनी स्थिति मजबूत करने की लगातार कोशिश कर रही है।

बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय तुर्कीपुर के सभागार में भाजपा जिला प्रभारी आनंद सिंह,भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता,भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं ज्वाइनिंग कमेटी के जिला प्रभारी राकेश गुप्ता चुन्नू , अछल्दा के पूर्व चेयरमैन राजेश पोरवाल, अछल्दा मंडल अध्यक्ष राजवर्धन सिंह ,प्रधान अवनीश ठाकुर,अमित तोमर की मौजूदगी में अछल्दा नगर पंचायत के सभासद सितारा बेगम पत्नी जहीर खान,राहुल दिवाकर, शिखा यादव पत्नी दीपू यादव,संदीप सोनी,राजेश सोनी ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। जिला प्रभारी ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा में शामिल होने वाले ये सभासद काफी अनुभवी हैं और सभी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथ मजबूत करना चाहते हैं। उन्होंने दावा किया कि लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत तय है। मोदी तीसरी बार सत्ता में आएंगे। उन्होंने कहा कि भारत का प्रत्येक नागरिक चाहता है कि देश में पिछले 10 वर्षों में जो बदलाव हुआ वह प्रक्रिया आगे भी जारी रहे। कुछ दिन पहले औरैया नगर पालिका के 6 सभासद भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर चुके हैं।

भाजपा में शामिल हुए सभासदों का स्वागत करते भाजपाई। अमृत विचार

एक नजर

अपर मुख्य सचिव कार्मिक ने सुनीं पेंशनरों की समस्याएं

अमृत विचार, लखनऊ : संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को लोकभवन में अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक डॉ. देवेश चतुर्वेदी से मिला और अपनी समस्याओं से अवगत कराया। अपर मुख्य सचिव ने समस्याओं को दूर कराने का आश्वासन दिया। अप्रैल 2005 के पूर्व विज्ञापित पदों के सापेक्ष नियुक्त प्रदेश के कार्मिकों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिये जाने की मांग पर अपर मुख्य सचिव ने कहा कि प्रकरण विचाराधीन है, इस पर शीघ्र निर्णय लिये जाने की संभावना है। शासन के विभिन्न विभागों की ओर से गठित समितियों में पेंशनर प्रतिनिधियों का नामांकन किये जाने की मांग पर अपर मुख्य सचिव ने सम्बंधित विभागों के स्तर पर विचार किये जाने के लिए पत्र जारी करने का आश्वासन दिया, जबकि भारत सरकार के कार्मिक मंत्रालय की तर्ज पर प्रदेश पेंशनर संगठनों को शासन स्तर पर मान्यता व अनुदान दिये जाने की मांग पर अपर मुख्य सचिव ने वित्त विभाग स्तर पर विचार करने की बात कही। बैठक में संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति उत्तर प्रदेश के संयोजक एनपी त्रिपाठी, सह संयोजक-प्रचार ओंकार नाथ तिवारी, मोहसिन अली आदि शामिल थे।

सतेन्द्र के हमसफर तक पहुंचने में जुटी एटीएस

अमृत विचार, लखनऊ : आईएसआई के लिए जासूसी में पकड़ा गया भारतीय दूतावास के कर्मचारी से एटीएस एक बार फिर नए सिरे से पूछताछ शुरू की है। दरअसल, एटीएस देश के साथ गद्दारी में सतेन्द्र के हमसफर तक पहुंचने की कोशिश में है। यह पता करेगी कि कोई और सैन्यकर्मी अथवा दूतावास का कर्मचारी तो सतेन्द्र के आईडी से आईएसआई हैंडलर्स के संपर्क में नहीं था। सतेन्द्र सिवाल बुधवार से 10 दिन के लिए एटीएस की रिमांड पर है। एटीएस, मास्को (रूस) स्थित भारतीय दूतावास में सुरक्षा सहायक रहे सतेन्द्र सिवाल से उसके साथियों के बारे में पता कर रही है। यह जानकारी करने की कोशिश में है कि उसका (सतेन्द्र) संबंध किन-किन हैंडलर्स से था। उसके द्वारा किन माध्यमों से कितना पैसा लिया गया है।

प्रधानमंत्री करेंगे ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का उद्घाटन

मुख्यमंत्री ने सदन में कहा, 19 फरवरी को धरातल पर उतरेगा 10 लाख करोड़ का निवेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में हुए इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को सदन में रखते हुए बताया कि आगामी 19 फरवरी को राजधानी में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इस दौरान 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश को धरातल पर उतारा जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में थल, जल और नभ में इन्फ्रास्ट्रक्चर में वृद्धि हुई है। वहीं, इस बात की भी जानकारी दी कि बहुत जल्द ही उप्र 21 एयरपोर्ट वाला देश का पहला राज्य बनने जा रहा है।

योगी ने कहा कि प्रदेश अब बिजनेस हब और निवेश का ड्रीम डेस्टिनेशन बन चुका है। जीआईएस 2023 इसका श्रेष्ठ उदाहरण है, जिसमें लगभग 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले। आगामी 19 फरवरी को प्रधानमंत्री द्वारा 10 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी होने जा रही है। उसी समय रिपोर्ट भी पढ़ेंगे कि पिछले निवेश से कितनी नौकरियां लगी हैं, कितने रोजगार का सृजन हुआ है और यूपी में इसका क्या असर पड़ा है। योगी ने कहा कि यह सब इसलिए संभव हुआ है क्योंकि यूपी में सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, ईज ऑफ डुइंग बिजनेस, निवेश अनुकूल नीतियां, सिंगल विंडो सिस्टम तथा जवाबदेह और पारदर्शी नीतियां हैं।

सदन में बोलते हुए मुख्यमंत्री योगी

▸▸ 21 एयरपोर्ट वाला देश का पहला राज्य बनने जा रहा यूपी : मुख्यमंत्री

विपक्ष को यूपी की विकास गाथा को स्वीकार करना चाहिए : योगी ने एक प्रमुख इंग्लिश अखबार में प्रकाशित रिपोर्ट का भी उल्लेख किया जिसमें बताया गया कि तमिलनाडु के तिरुपुर जिले में यूपी के दो लाख से अधिक लोग कार्य करते थे, मगर पिछले सात साल में उनमें से 60 हजार लोग वापस यूपी में जा चुके हैं, क्योंकि उन्हें वहीं रोजगार मिल गया है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष को इंगित करते हुए कहा कि यूपी की इस विकास गाथा को सभी को स्वीकार करना चाहिए।

आज 150 फ्लाइट के जरिए 75 से अधिक जगहों तक हवाई सेवा उपलब्ध : मुख्यमंत्री ने बताया कि 2017 में प्रदेश में दो एयरपोर्ट वाराणसी और लखनऊ पूरी तरह से क्रियाशील थे। आज 10 एयरपोर्ट क्रियाशील हैं, जिनसे 150 फ्लाइट 75 से अधिक डेस्टिनेशन तक हवाई सेवा उपलब्ध करा रही हैं। 2016-17 से 2023 तक हवाई यात्रियों की संख्या में 100 गुना की बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने बताया कि यहां की सदानीरा नदियों में कनेक्टिविटी के लिए इनलैंड वॉटर वेज अथारिटी बनाई है। इसके तहत जनपद वाराणसी में मल्टी मोडल टर्मिनल का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। आज रेल का सबसे बड़ा नेटवर्क हमारे पास है।

इस साल के अंत तक 12800 मेगावॉट हो जाएगी विद्युत उत्पादन क्षमता : मुख्यमंत्री ने ऊर्जा सेक्टर के बारे में बताते हुए कहा कि 2016-17 में प्रदेश मंर कुल विद्युत उत्पादन क्षमता 5600 मेगावॉट थी। वर्तमान में कुल उत्पादन क्षमता 8688 मेगावॉट हो गई है। इस साल के अंत तक हम विद्युत् उत्पादन क्षमता 12800 मेगावॉट हो जाएगी। 2017 तक कुल 128494 मजरों तक बिजली आपूर्ति पहुंच पाई थी। बीते साल साल में 249818 मजरों तक बिजली आपूर्ति. यानी 100 प्रतिशत मजरों को विद्युतीकृत किया जा चुका है।

फोर लेन की 1235 परियोजनाओं को आगे बढ़ाया

मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के बाद गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस की शुरुआत होने जा रही है। बलिया लिंक एक्सप्रेसवे भी बन रहा है। चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे बनने जा रहा है। प्रयागराज महाकुंभ से पहले सरकार का प्रयास है कि गंगा एक्सप्रेस को चालू कर दिया जाए। उन्होंने बताया कि लखनऊ कानपुर लिंक एक्सप्रेसवे और बलिया लिंक एक्सप्रेसवे को भारत सरकार के सहयोग से बनाया जा रहा है। प्रदेश के विभिन्न जनपदों में फोर लेन की 1235 प्रोजेक्ट को पिछले सात साल में आगे बढ़ाया गया है।

10 गुना बढ़ी हैं सौर ऊर्जा परियोजनाएं

सौर ऊर्जा की बात करें तो 2017 तक कुल स्थापित 288 मेगावॉट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजनाएं थी, जो वर्तमान में 2596 मेगावॉट हो गयी हैं। यानी सौर ऊर्जा आधारित विद्युत परियोजनाओं में पिछले लगभग 7 वर्षों में 10 गुना बढ़ोतरी हुई है। अयोध्या और काशी सोलर सिटी के रूप में विकसित की जा रही है तो बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे को सोलर एक्सप्रेस वे के रूप में तैयार किया जा रहा है। अयोध्या में 10 किलोमीटर लम्बे मार्ग को सोलर स्मार्ट स्ट्रीट लाइट द्वारा प्रकाशित किया गया है, जो एक विश्व रिकॉर्ड है।

डबल लॉक के हवाले 'मदरसा बोर्ड प्रश्न पत्र'

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : उप्र मदरसा शिक्षा परिषद के प्रश्न पत्र 48 घण्टे बाद जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों के हवाले होंगे। ये डबल लॉक की सुरक्षा में रहेंगे, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। बोर्ड रजिस्ट्रार का कहना है कि सभी जिलों के डीएमओ को बुलाया गया है, सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी परीक्षा संपन्न होने तक जारी रहेगी।

उप्र मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित होने वाली परीक्षाओं में इस वर्ष 1 लाख 41 हजार 115 परीक्षार्थी प्रतिभाग करेंगे। जिसमें छात्रों की संख्या 71 हजार 702 है। जबकि छात्राओं की संख्या 69 हजार 413 है। 13 फरवरी से आयोजित होने वाली परीक्षाओं को लेकर जिले के सभी अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को मदरसा दारूल उलूम वारसिया में बुलाया गया है। जहां इन्हें डबल लॉक की सुपुर्दगी में दिया जाएगा। बोर्ड रजिस्ट्रार प्रियंका अवस्थी का कहना है कि 10 फरवरी की सुबह सभी प्रश्नपत्रों को अधिकारियों की सुपुर्दगी में दे दिया जाएगा। यहां से प्रश्नपत्र जनपदवार कोषागार में जमा होंगे। बाद में ये परीक्षा केन्द्र संचालकों को दिये जाएगे। परीक्षा संपन्न होने तक सीसीटीवी की निगरानी में सभी प्रक्रियाएं पूरी की जाएंगी।

बोर्ड ने बनाए 511 परीक्षा केंद्र : मदरसा बोर्ड ने प्रदेश के 73 जनपदों में 511 परीक्षा केन्द्र स्थापित किये हैं। जिनमें सीसीटीवी के सहारे सभी रिकार्डिंग को डिवाइस में सुरक्षित रखने के निर्देश जिलावार दिये गए हैं।

इन जिलों में एक भी परीक्षा केंद्र नहीं

प्रदेश के ललितपुर और गौतमबुद्ध नगर जनपदों में उप्र मदरसा शिक्षा परिषद की परीक्षाएं नहीं कराई जाएंगी। क्योंकि इन दोनों जनपदों में एक भी परीक्षा केन्द्र स्थापित नहीं हो सके हैं। परीक्षा समिति के सदस्य कमर अली कहते हैं कि यहां पर बोर्ड से पंजीकृत मदरसों का संचालन नहीं हो सका है। ऐसे में परीक्षा कराया जाना संभव नहीं है। अगले सत्र में व्यवस्थाओं को व्यवस्थित किया जाएगा।

सीबीआई ने घूसखोरी में पीएनबी के शाखा प्रबंधक और फील्ड अफसर को किया गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बुधवार को पीएनबी के गढ़मुक्तेश्वर शाखा के प्रबंधक और फील्ड अफसर को 20 हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया है। इस संबंध में मेरठ एवं हापुड में स्थित आरोपियों के परिसरों पर तलाशी भी ली गई।

सीबीआई को मिली एक शिकायत के आधार पर बैंक अफसरों के खिलाफ मामला दर्ज किया। आरोप है कि शिकायतकर्ता ने पीएमईजीपी योजना के तहत सिलाई मशीनों की खरीद के लिए केवीआईसी ऋण के लिए पंजाब नेशनल बैंक, गढ़मुक्तेश्वर शाखा, हापुड में आवेदन किया था। बैंक द्वारा ऋण, स्वीकृत किया गया था। ऋण राशि दो लाख रुपये का भुगतान के लिए शाखा प्रबंधक और फील्ड अफसर (क्षेत्राधिकारी) ने घूस मांगी।

▸▸ केवीआईसी ऋण पास करने के लिए मांगी थी एक लाख रुपये घूस

यह भी आरोप है कि बैंक कर्मियों ने शिकायतकर्ता से कहा कि दो लाख की बजाए चार लाख रुपये का ऋण स्वीकृत किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने ऋण राशि का 25 फीसदी की दर से एक लाख रुपये की घूस मांगी। इस शिकायत के आधार पर सीबीआई ने जाल बिछाया एवं बैंक के दोनों अफसरों को पहली किस्त के रूप में 20 हजार रुपये घूस लेते समय रंगे हाथ दबोच लिया।

तीन आईपीएस अफसरों के तबादले

अमृत विचार, लखनऊ : शासन ने तीन आईपीएस अफसरों के तबादले कर दिए हैं। इसमें सेनानायक 11वीं वाहिनी पीएसी दुर्गेश कुमार को लखनऊ कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त के पद पर तैनाती दी गई है। वहीं विद्या सागर मिश्र का पुलिस उपायुक्त गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट से पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट लखनऊ के पद पर किया गया तबादला निरस्त कर दिया गया है। वह डीसीपी नोएडा बने रहेंगे। अपर पुलिस उपायुक्त कमिशनरेट लखनऊ सैयद अली अब्बास को अपर पुलिस उपायुक्त आगरा के पद पर भेजा गया है।

गलत ढंग से हुए 32 अधिकारियों के तबादले रद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : बिना मुख्यमंत्री से अनुमोदन कराए खनन विभाग में हुई 32 अधिकारियों के स्थानांतरण आदेश को रद कर दिया गया है। यह जानकारी विधान परिषद में नेता सदन व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दी। उन्होंने कहा कि विभागीय जांच में जो भी दोषी होगा उस पर कार्रवाई की जाएगी। विस्तृत जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

वार्षिक स्थानांतरण नीति के तहत 30 जून के बाद किसी अधिकारी या कर्मचारी का तबादला करने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अनुमोदन लेने का प्रविधान है। फिर भी खनन विभाग में 30 जून के बाद 32 अधिकारियों के स्थानांतरण कर दिए गए थे।

▸▸ किसी अधिकारी या कर्मचारी का तबादला करने पर मुख्यमंत्री से अनुमोदन लेने का प्रविधान

विधान परिषद में सपा के आशुतोष सिन्हा के सवाल के जवाब में नेता सदन व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अभी विस्तृत रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। सपा के सदस्यों ने इसका विरोध किया और कहा कि आखिर अभी तक खनन निदेशक के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई। मामले को जानबूझकर घुमाया जा रहा है। इस पर फिर नेता सदन ने कहा कि जो भी दोषी होंगे वह बचेंगे नहीं।

उधर सपा के आशुतोष सिन्हा ने चंदौली के चकिया विकासखंड के गांव बैरी में पंचायत भवन परिसर में पर्याप्त जमीन होने के बावजूद दो किलोमीटर दूर राशन की दुकान बनाए जाने पर सवाल उठाया। इस पर सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने हस्तक्षेप किया और इसकी जांच के निर्देश दिए।

भाजपा में शामिल हुए नगर निकायों के 55 अध्यक्ष और 24 ब्लाक प्रमुख

शामिल हुए नेताओं के साथ 10 हजार समर्थक भी बने भाजपा सदस्य : भूपेंद्र चौधरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व बृजेश पाठक के समक्ष बुधवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर समाजवादी पार्टी, बसपा, आप और कांग्रेस छोड़कर नगरपालिका के 20 और नगर पंचायत के 35 अध्यक्ष समेत 24 ब्लाक प्रमुख, 185 जिला पंचायत सदस्य और 155 नगर निगम के पार्षदों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इनके साथ 10 हजार समर्थकों ने भी सदस्यता ग्रहण की है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मोदी और योगी सरकार के कामकाज से प्रभावित होकर लोग तेजी से भाजपा के साथ जुड़ रहे हैं।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सभी का भाजपा परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि 100 फीसदी वोट में 60 फीसदी वोट हमारा है, बाकी 40 फीसदी वोट में बंटवारा है और बंटवारे में भी हमारा है। हर बूथ पर विपक्षी दलों की जमानत जब्त करने का काम करना है।

उप मुख्मंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पार्टी परिवार निरंतर बढ़ रहा है। उन्होंने शामिल होने वाले सभी जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा ही एक मात्र दल है जिसमें कोई भी कार्यकर्ता किसी भी पद पर पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि हम सभी को साथ मिलकर आगामी लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 80 सीटों पर कमल जिताने का काम करना है।

सदस्यता ग्रहण समारोह में पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर, प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य, प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित समेत अन्य उपस्थित रहे।

भाजपा में शामिल हुए ब्लाक प्रमुख : भारतीय जनता पार्टी परिवार में सम्मिलित होने वाले ब्लॉक प्रमुखों में उरूवा प्रयागराज से आरती गौतम, करछना प्रयागराज से सरोज द्विवेदी, चाका प्रयागराज से अनिल सिंह पटेल, कोंराव प्रयागराज से मुकेश कोल, फतेहगंज पश्चिम बरेली से सत्येन्द्र यादव, भोजीपुरा बरेली से योगेश पटेल, बागंरमऊ उन्नाव से सुनीता दिवाकर (सपा), उन्नाव ज्ञानेन्द्र सिंह (सपा), सीयर बलिया से आलोक सिंह, बांसडीह बलिया से सुशीला देवी, लार देवरिया से अनुभा सिंह, भलुअनी देवरिया से छददू यादव, मिर्जापुर लालगंज से फिरती देवी (सपा) सहित विभिन्न ब्लॉक प्रमुखों ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

प्रदेश कार्यालय में महिला सदस्यों के भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के दौरान उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य व ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

इन नगरपालिका अध्यक्षों ने ग्रहण की सदस्यता

पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों में नगरपालिका बिलारी, मुरादाबाद के अध्यक्ष रघुराज यादव (सपा), नगरपालिका धनौरा, अमरोहा के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल (बसपा), नगरपालिका मसवासी, रामपुर के अध्यक्ष दिनेश गोयल, नगरपालिका चन्दौसी, सम्भल की अध्यक्ष लता वाष्णेय, नगरपालिका टुंडला, फिरोजाबाद के अध्यक्ष भवर सिंह, नगरपालिका मऊरानीपुर, झांसी की अध्यक्ष शशि श्रीवास, नगरपालिका लखीमपुर की अध्यक्ष ईरा श्रीवास्तव, नगरपालिका मिश्रिख, सीतापुर की अध्यक्ष मुन्नी देवी, नगर पालिका बांगरमऊ, उन्नाव के अध्यक्ष राम जी, नगरपालिका नवाबगंज, गोण्डा के अध्यक्ष सतेन्द्र कुमार सिंह, नगरपालिका नौतनवा, महराजगंज के अध्यक्ष ब्रजेश मणि त्रिपाठी, नगरपालिका गौराबरहज की अध्यक्ष श्वेता जायसवाल (बसपा) ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

इन नगर पंचायत अध्यक्षों ने ली भाजपा की सदस्यता

पार्टी मुख्यालय पर सदस्यता लेने वाले नगर पंचायत के अध्यक्षों में सिसौली मुजफ्फरनगर की सुभाषिनी सिंह, शाहपुर मुजफ्फरनगर के मोहम्मद अकरम (आप), एलम शामली की रीना, ननौता सहारनपुर से रूमाना खान (बसपा), नरौरा बुलन्दशहर से प्रीति यादव (बसपा), बीबीनगर बुलन्दशहर गुडडी देवी, गुलावठी बुलन्दशहर नेहा यादव (सपा), ज्ञानपुर भदोही से घनश्याम दास गुप्ता, लम्भुआ सुल्तानपुर से अवनीश कुमार सिंह अंगद, भारतगंज प्रयागराज से फरा बेगम, कोरांव प्रयागराज से ओम प्रकाश केसरी, अनपरा सोनभद्र से विश्राम प्रसाद जैसवार, ज्योति खुड़िया मैनपुरी से प्रेमलता माथुर, फतेहगंज पुरवी बरेली से संजय पाठक, खखरैरू फतेहपुर ज्ञानचन्द्र केसरबानी, मानिकपुर चित्रकूट से रानी कोल, एरच झांसी से जयचन्द्र राजपूत, शिवराजपुर कानपुर से निर्मल कटियार, तिंदवारी बांदा से सुधा साहू, खरेला महोबा से संतोष सिंह, परसदेपुर रायबरेली विनोद कौशल, सलौन रायबरेली से चन्द्रशेखर रस्तोगी, हैदराबाद उन्नाव ब्रज किशोर वर्मा, मोहान उन्नाव से समरजीत, बीघापुर उन्नाव सुशील कुमार, औराव उन्नाव राकेश कुमार, उगू उन्नाव से अनिता, नवाबगंज उन्नाव से दिलीप कुमार, सफीपुर उन्नाव से गरिमा, गंगाघाट उन्नाव से कोमदी पाण्डेय, मधौगंज हरदोई से अनुराग मिश्रा, हैदरगढ़ बाराबंकी से आलोक तिवारी, रामनगर बाराबंकी से रामसरन पाठक, देवा बाराबंकी से हारून वारसी, घुघली महराजगंज से संतोष जायसवाल, चौक महराजगंज से संगीता देवी, परतावल महराजगंज से प्रियंका गुप्ता, मथौली कुशीनगर से नवरंग सिंह, फालिजनगर कुशीनगर से शत्रुधन शाही, सुकरौली कुशीनगर से राजनीति कश्यप, बढ़नी सिद्धार्थनगर से सुनील अग्रहरि, शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर से उमा अग्रवाल, अजमतगढ़ आजमगढ़ से ललिता साहनी, मधुवन मऊ से आरती मल्ल, उरूवा गोरखपुर से रामफेर कन्नौजिया बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ भाजपा परिवार में शामिल हुए।

वर्ग पहेली-336

बाएं से दाएं

1.1. टांकने की क्रिया 2. टांकने की मज़दूरी या पारिश्रमिक।

3.1. घास-फूस या टीन से बनाया हुआ छोटा घर 2. छोटी-सी कुटी या झोपड़ी।

4.1. किसी को पास आने के लिए आवाज़ देना, पुकारना 2. किसी को बोलने में प्रवृत्त करना 3. किसी से कुछ कहना या कहलाना।

6. स्त्रियों को दी जाने वाली एक प्रकार की गाली।

8.1. अंधेरी, अंधकार भरी 2. शिकारी जंतुओं अथवा घोड़ों की आंख पर बांधने की पट्टी।

ऊपर से नीचे

2.1. तेज़ी से आगे बढ़ना, जल्दी-जल्दी चलना 2. झपटना।

3. टाल-मटोल, ना-नुकर करना; कार्य को आगे के लिए स्थगित करते जाना, खिसकाते जाना।

5. केलास संबंधी, सफ़ेद एवं पारदर्शक क्रिस्टल वाला।

7. गहनों पर नगीने जड़ने का काम करने वाला, जड़िया।



वर्ग पहेली - 335 का हल

■	1 मँ	■	■	■	2 ढि
3 ष	ड	रि	4 पु	■	ला
■	वा	■	रो	■	ना
■	■	5 सं	हि	ति	■
6 द	ढ़ी	भू	त	■	7 श
■	■	त	■	■	फ़ी
8 शि	फा	■	9 त	पा	क

सुडोकू-53

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	5			7		3		
8			2				7	4
		7		1		6		
6								9
	7	2				8		
				6				1
		3		2		5		
9	4				7			2
		6		9			8	

सुडोकू - 52 का हल

2	5	3	8	4	1	6	9	7
6	4	8	2	9	7	3	5	1
1	7	9	3	6	5	4	8	2
8	2	6	7	5	4	1	3	9
9	3	4	6	1	2	8	7	5
5	1	7	9	8	3	2	4	6
4	8	2	1	7	9	5	6	3
7	6	1	5	3	8	9	2	4
3	9	5	4	2	6	7	1	8

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 फरवरी, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 11.17 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।

ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 9 फरवरी 02.14 तक तत्पश्चात श्रवण।

मेष — आज वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। आप लोगों के बीच में आदरणीय रहेंगे। शाम को शरीर में थकान और सुस्ती महसूस हो सकती है। अपने आहार को पौष्टिक रखें और स्वास्थ्य का ध्यान दें। मेहनत के साथ ही आराम को भी महत्व दें।

वृष — आज विदेश में रह रहे परिजनों से कुछ अच्छी सूचना मिल सकती है। अपना लक्ष्य पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। गुरुजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बच्चों की उन्नति से उत्साहित रहेंगे। जीवनसाथी के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं।

मिथुन — आज लोग आपसे धन उधार तो लेना चाहेंगे पर उसे लौटाने की मंशा नहीं रखेंगे। समय से काम पूरा न होने के कारण क्रोधित हो सकते हैं। सभी जिम्मेदारियों को अपने ऊपर लादने से बचें। आज आप मेहनत करते रहें, परिणाम जल्द ही आपको प्राप्त होगा।

कर्क — आज आपकी देखभाल और नरम रवैये से जीवनसाथी आपके प्रति समर्पित रहेगा। कारोबार में निवेश बढ़ा सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त मेहनत के बाद सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। व्यवसाय के उद्देश्य से की गयी यात्रा सफल रहेगी।

सिंह — आज नई नौकरी ढूंढ रहे हैं, तो आज का दिन अनुकूल है। कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। जॉब में प्रमोशन मिलने की प्रबल सम्भावना है। प्रतियोगी परीक्षा में आशानुकूल सफलता मिल सकती है। विरोधी शान्त रहेंगे।

कन्या — आज सिनेमा और वेबसीरीज आदि में आप काफी रुचि लेंगे। विद्यार्थी एकाग्रचित्त होकर अपनी पढ़ाई पर ध्यान देंगे। आज आप मित्रों से ज्यादा अपेक्षा न करें। संक्रमण से जुड़ी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं।

तुला — आज सम्पत्ति के मामलों में गतिरोध आ सकता है। शाम के समय किसी निकटस्थ व्यक्ति से झगड़ा हो सकता है। कोई पुरानी बात निकल कर सामने आ सकती है। यदि तनाव में हैं, तो अपने जीवनसाथी से अपने मन की बात कहें।

वृश्चिक — आज आप अपने प्रोफेशनल और दांपत्य जीवन दोनों में संतुलन रख पायेंगे। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन उचित नहीं है। आपके काम की बाधाएं दूर होगी। रिसर्च क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन उपलब्धि भरा रहेगा। आमदनी के नए स्रोत प्राप्त होंगे।

धनु — आज आपको खरीदारी में अतिरिक्त पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं। जीवनसाथी का मूड भी खराब हो सकता है। प्रेम प्रसंग को लेकर जल्दबाज़ी न करें। लोग आपकी बातों का गलत मतलब न निकाल लें, इसका ध्यान रखें। माता की सेहत का ध्यान रखें।

मकर — आज बच्चे माता-पिता के प्रति आज्ञाकारी रहेंगे। बुजुर्ग लोगों के सुझाव को अवश्य मानें। उच्च प्रतिष्ठित लोगों से आपके संपर्क मजबूत होंगे। यदि आप परिस्थितियों का सही उपयोग कर पाते हैं, तो दिन आपके लिए काफी अनुकूल रहेगा।

कुंभ — आज तनाव को अपने ऊपर हावी न होने दें। लवमेट्स को रिश्ते में गम्भीरता लाने की आवश्यकता है। महत्वपूर्ण कार्यों को फिलहाल दो दिनों के लिए टाल देना उचित होगा। विवादित विषयों को शुरू करने से बचें। रात में यात्रा करने से बचें।

मीन — आज समाजसेवा में आप काफी रुचि लेंगे। पार्टी व पिकनिक के लिए जा सकते हैं। वैवाहिक संबंधों में थोड़ी अनबन के बाद सब कुछ सामान्य हो जायेगा। मैनेजमेन्ट संबंधी कार्यों के लिए दिन विशेष है। कारोबार में योजनाएं बदलनी पड़ सकती है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- पृथ्वी — सुबह : 09.00
- गद्दार — रात : 09.00

SONY SMAX
- मलंग — सुबह : 10.44
- पीकू — रात : 07.00

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात-07.00 बजे

Utsav Gold
- वीरता द पॉवर — दोपहर : 12.15
- कलंक — रात : 06.45

ZEE CINEMA
- हीरो — सुबह : 07.10
- दिवार — रात : 07.00

colors CINEPLEX
- कभी खुशी कभी गम — सुबह : 08.24
- राजा हिन्दुस्तानी — शाम : 06.58

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- तुमने मेरे साथ धोखा किया है?

पति- क्यों जानेमन क्या हुआ?

पत्नी- तुमने बताया ही नहीं कि तुम्हारी रानी नाम की पहले से एक पत्नी है।

पति- ससुर जी को बताया तो था कि तुझे बिल्कुल रानी की तरह रखूंगा।

पप्पू गुस्से में बैंक से बाहर निकलते हुए बड़बड़ा रहा था...

दूध वाले हड़ताल करते हैं, तो दूध सड़क पर फेंक देते हैं...!

टमाटर वाले हड़ताल करते हैं, तो टमाटर सड़क पर फेंक देते हैं...!

न जाने बैंक वालों को कब अक्ल आएगी...!

मानदेय की मांग को लेकर रोजगार सेवकों का धरना

दस महीने से मानदेय न मिलने से हो रही है काफी परेशानी

कार्यालय संवाददाता महेवा, इटावा

अमृत विचार। मनरेगा की महत्वपूर्ण कड़ी माने जाने वाले रोजगार सेवक पिछले दस माह से मानदेय ना मिलने से परेशान हैं। इसे लेकर अब उन्होने आंदोलन की राह पकड़ी है। ब्लॉक क्षेत्र महेवा की विभिन्न ग्राम पंचायतो में तैनात रोजगार सेवकों ने बुधवार को ब्लाक कार्यालय पर धरना दिया।

बुधवार की सुबह दस बजे ब्लाक कार्यालय पहुंचकर रोजगार सेवकों ने दस माह से मानदेय न मिलने के कारण धरना दिया। रोजगार सेवको के धरने पर बैठने की खबर मिलते ही ब्लॉक के अधिकारी व कर्मचारी सकते में आ गये । खण्ड विकास अधिकारी महेवा सूरज सिंह द्वारा संघ ने रोजगार सेवकों के अध्यक्ष रविन्द्र सिंह मोबाइल पर बात कर बुधवार से ही भुगतान चालू कराने तथा शीघ्र ही अवशेष भुगतान कराने का आश्वासन दिया। इस आश्वासन पर धरना समाप्त किया गया।

महेवा ब्लाक कार्यालय पर धरना देते रोजगार सेवक। अमृत विचार

सड़क खस्ताहाल होने से ग्रामीण हो रहे परेशान

संवाददाता, फफूंद (औरैया)

- सड़क की मरम्मत के लिए विभाग के चक्कर लगा रहे लोग

अमृत विचार। फफूंद-बिधूना मार्ग से भैंसोल गए मार्ग पर वर्षों से मरम्मतीकरण न होने से सड़क खस्ताहाल हो गई है, जिससे ग्रामीण बेहद परेशान हैं। मार्ग की मरम्मत के लिए ग्रामीण विभाग के चक्कर लगा कर परेशान हैं। समस्या का समाधान न होने से ग्रामीणों में रोष है। उन्होंने कहा कि अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

फफूंद अछल्दा मार्ग से सल्हुपुर होकर गांव भैंसोल के लिए डामर मार्ग बना हुआ है। क्षेत्र के गांव घांघरपुर, रामपुर वैश्य, रामनगर, पूरनपुर, अंधियारी, बघुआ, रूरुआ, मिरगांवा , जुआ, पूरनपुर, गुदरी, फूटाताल आदि 12 से अधिक गांव के हजारों ग्रामीणों के अछल्दा, बिधूना, फफूंद, दिबियापुर, औरैया आवागमन के लिए यही मुख्य मार्ग है। ग्रामीण रामजीवन, प्रभुदयाल, रामकिशुन, सुरेश बाबू, ब्रजेश, सर्वेश कुमार, अमित, पदम सिंह, राजेश सिंह, गोपाल चंद्र ने बताया की 10 वर्षो से सड़क की मरम्मत न होने से सड़क बहुत खराब हो गई है। बीच में बड़े-बड़े गड्ढे हैं। हल्की बरसात में लोगों का राह चलना दूभर हो जाता है। गडढे होने के कारण वाहन चलाक गिरकर चुटहिल हो जाते हैं। सड़क को सही कराने के लिए प्रधान और अधिकारियों से भी कहा लेकिन सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई, जिससे सड़क और खस्ताहाल हो गई है और लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

किशोर ने किया आत्महत्या का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय का छात्र है

अमृत विचार। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के कंडारी गांव में बने राजकीय आश्रम पद्धति में 11 वर्षीय नाबालिग ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाने का प्रयास किया। आवाज सुनते ही उसके साथियों ने उसे बचाया। तुरंत ही उसको जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टर की देखरेख में उसका इलाज किया गया।

भरथना थाना क्षेत्र के बिधूना रोड बाहरपुरा गांव के रहने वाले सत्येंद्र कुमार का 11 वर्षीय पुत्र यश गौतम ने जुलाई 2023 में राजकीय आश्रम पद्धति कांधनी इटावा में कक्षा 6 में दाखिला लिया। मंगलवार देर शाम वह अपने दोस्तों के साथ मैदान में मैच खेलने के बाद अपने कमरे में चला गया। उसके बाद जब वहां के प्रधानाचार्य डा निर्मल चंद बाजपेई सभी बच्चों की हाजिरी लगाकर वह एक शादी समारोह में चले गए। उसके बाद उसके चार साथी हॉस्टल के कमरे में यश गौतम के साथ खेल रहे थे।

कुछ देर बाद जब उसका साथी मित्र यश यादव और अन्य दो मित्र कमरे से बाहर चले गए। तभी यश गौतम ने मफलर की मदद से हॉस्टल के कमरे में लगे पंखे पर फांसी का फंदा बनाकर लटक गया। वह चिल्लाया तो उसके दोस्तों ने उसे फंदे से उतारा। उसके दोस्त आदित्य यादव ने बताया कि आवाज सुनने के बाद जब वह कमरे के अंदर पहुंचा तो उसने यश को लटका देखा। तुरंत ही अपने दोस्तों के साथ उसकी वहां से उतार लिया। उसको बेहोशी की हालत में ही नजदीकी बने प्रधानाचार्य के आवास तक ले गए। प्रधानाचार्य वहां मौजूद नहीं थे। उनकी पत्नी ने तुरंत ही अन्य अध्यापकों को इस बात की सूचना दी। मौके पर पहुंचे सभी अध्यापक उसको तुरंत ही जिला अस्पताल लेकर पहुंच गए। इस बात की जानकारी तुरंत उसके माता-पिता को भी दे दी। जब उसके माता-पिता जिला अस्पताल पहुंचे तो डॉक्टरों ने उनको बताया कि अब उनका बेटा ठीक है। वहीं पिता सत्येंद्र कुमार के दो पुत्र हैं जिसमें यश गौतम बड़ा है।

वह राजकीय आश्रम पद्धति कांधनी में पड़ता है। स्कूल के प्राचार्य डॉ निर्मल चंद्र वाजपेई ने बताया कि वह पढ़ने में बहुत ही होशियार है। जब से आया है तब से अभी तक उसकी कोई भी शिकायत नहीं मिली थी । इस तरीके का कदम उठाया है ये बहुत ही दुखद है। जानकारी नजदीकी थाना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। वहीं यश गौतम की हालत को देखते हुए उसके पिता सतेंद्र कुमार उसको अपने घर ले गए हैं।

कार्य में शिथिलता पर एडीओ पंचायत को प्रतिकूल प्रविष्टि

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- ई-रिक्शा चालकों का वेतन रोकने के दिए आदेश

अमृत विचार। जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह ने जसवंतनगर विकासखंड के प्रभारी ए डी ओ पंचायत देवेंद्र पाल सिंह को ग्राम मलाजनी में आरआरसी सेंटर को नियम पूर्वक संचालन न होने तथा पर्यवेक्षण न करके पदीय दायित्वों के निर्वाहन में लापरवाही शिथिलता बरतने के आरोप में इनकी प्रतिकूल प्रविष्टि दर्ज की है।

ग्राम पंचायत मलाजनी में ई रिक्शा चालक मुकेश कुमार और सहायक चालक शिवम को आरआरसी सेंटर का सुचारू रूप से संचालन न करने तथा सरकारी कार्यों में शिथिलता बरतने के आरोप में माह फरवरी का वेतन अवरुद्ध करने के निर्देश दिए।

जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम ने 6 फरवरी 24 को ओडीएफ प्लस गांव मलजनी में विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत में ई रिक्शा द्वारा आर आर सी में कूड़ा संग्रह का कार्य करते हुए नहीं पाया गया।

घरों से कूड़ा भी एकत्रित करना नहीं पाया गया। ग्राम वासियों ने अवगत कराया कि आरसी केंद्र संचालित नहीं हो रहा है। शासकीय कार्यों में अनियमितता और लापरवाही बरती जा रही है।जिसको लेकर ही यह कार्रवाई की गई है।

सहकारी समिति के डायरेक्टर पद के चुनाव में सुनील व प्रदीप जीते

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। इकदिल स्थित सहकारी समिति के डायरेक्टर के चुनाव में दो वार्डो के चुनाव में सड़क बाजार से सुनील टंडन व कुम्हरान वार्ड से प्रदीप सोनी ने जीत हासिल की। अन्य वार्डों से पहले ही डायरेक्टर निर्विरोध चुने जा चुके है।

बुधवार को मोहल्ला सड़क बाजार व मोहल्ला कुम्हरान वार्ड से डायरेक्टर के लिए चुनाव हुआ। कुम्हरान वार्ड से प्रदीप सोनी व शिवेंद्र मिश्रा ने व सड़क बाजार वार्ड से सुनील टंडन व सर्वेश मिश्रा ने अपने अपने नामांकन दाखिल किए थे। कुम्हरान वार्ड में कुल 44 मतदाता थे । जिसमें से 42 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।जिसमें प्रदीप सोनी को 23 व शिवेंद्र मिश्रा 18 मत मिश्रा मिले । निर्वाचन अधिकारी ने प्रदीप सोनी को चार मतों से विजई घोषित किया। इसके अलावा सड़क बाजार वार्ड से सुनील टंडन व सर्वेश मिश्रा ने अपने अपने नामांकन दाखिल किए। जिसमें सुनील टंडन को 29 मत मिले और उन्हें चार वोटों से जीत मिली। दोनों की जीत पर लोगो ने मालाएं पहनाकर उन्हें बधाई दी।

डायरेक्टर के चुनाव में जीत के बाद सुनील व प्रदीप। अमृत विचार

ट्रक की चपेट में आने से मैक्स चालक घायल

बकेवर, इटावा। अलीगढ़ से तिजोरियां लादकर जा रही मैक्स वाहन के चालक को ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। पुलिस ने घायल मैक्स चालक को जिला अस्पताल भिजवाया । गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सको ने चालक को पीजीआई सैफ़ई रेफर कर दिया।

अलीगढ़ निवासी मैक्स चालक भुवनेश यादव व परिचालक उपेन्द्र भारद्वाज निवासी अलीगढ़ से मंगलवार को तिजोरी लादकर औरैया की ओर जा रहे थे। सिक्स लेन शीला ढावा के समीप पहुंची कि तभी मैक्स का पिछला पहिया पंक्चर हो गया। जिससे बदलने के लिये सिक्स लेन के साइड पर खड़ी करके पंचर पहिया बदलने लगे। पीछे से आ रहे ट्रक ने उसको टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया।

सार-संक्षेप

शांतिभंग के मामले में चार लोग पाबंद

बकेवर, इटावा। बकेवर प्रभारी थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि उन्हें ग्रामीणों ने मोबाइल फोन से सूचना मिली कि ग्राम नागरीलोलपुर में कुछ लोग आपस में गाली-गलौज और मारपीट कर रहे है। सूचना पर उपनिरीक्षक आर के निषाद को पुलिस बल के साथ मौके पर भेजा। आपस में गाली-गलौज और मारपीट कर रहे अहिबरन सिंह, सुरेश, माता प्रसाद को शांतिभंग में पाबंद किया। लखना चौकी इंचार्ज गंगासागर ने दो दिन पूर्व एक महिला के साथ मारपीट करने वाले आरोपित युवक कपिल त्रिपाठी निवासी ग्राम सुनवर्षा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने चारों लोगो को शांति भंग में पाबंद कर लिया।

कार व बाइक की टक्कर से तीन लोग घायल

जसवंतनगर। बुधवार शाम मनोज राजपूत निवासी ग्राम टोडसी थाना सिरसागंज अपने घर से हीरो होंडा स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से सिया देवी पत्नी उपेंद्र सिंह और बेटी रागिनी को लेकर इटावा अपने रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। राष्ट्रीय राजमार्ग पर इटावा जाने वाली सड़क पर तहसील के सामने हाईवे कट पर कानपुर की तरफ से आ रही हुंडई कार सीएनजी लेने के लिए इटावा की तरफ मुड़ी तभी कार और बाइक में टक्कर हो गई। जिससे मोटरसाइकिल सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गये। बाइक सवार मनोज का पैर टूट गया । महिला सिया देवी व रागिनी देवी के हाथ और कमर में चोटें आई। घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया। जहां गंभीर घायल मनोज व सिया देवी को जिला अस्पताल लिए रेफर किया गया।

दो मिनट का मौन धारण कर शोक जताया

औरैया। भाजपा पंचायत प्रकोष्ठ के जिला संयोजक कमलेश अवस्थी व जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट अशोक अवस्थी के वृद्ध माता पिता के निधन पर भाजपा जिला कार्यालय तुर्कीपुर में एक शोक सभा का आयोजन कर भाजपाइयों ने 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा में भाजपा जिला प्रभारी आनंद सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता मौजूद रहे।

एसपी ने पीड़ितों की शिकायतों को सुना

औरैया। पुलिस अधीक्षक चारू निगम द्वारा ने पुलिस मुख्यालय ककोर में आये हुए पीडित फरियादियों की समस्याओं को जनसुनवाई के दौरान सुना। पीडितों को न्याय का भरोसा दिलाते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से न्यायोचित निस्तारण करने के लिए निर्देश दिये।

आज डीएम से मिलेंगे ब्राह्मण संगठन

फफूंद (औरैया)। बुधवार को कस्बा के मोहल्ला कटरा मनेपुर में स्थित गेस्ट हाउस में ब्राह्मण समाज पर हो रहे अत्याचार के विरोध में हंगामी बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता परशुराम मोर्चा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीकांत पाठक ने की। बैठक का संचालन अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के प्रदेश सचिव बृज किशोर त्रिपाठी ने किया। बैठक में जनपद के छह ब्राह्मण संगठनों ने सहभागिता की, जिसमें राष्ट्रीय परशुराम मोर्चा, ब्राह्मण महासभा, कन्या कुब्ज, ब्राह्मण महासभा, राष्ट्रवादी ब्राह्मण महासंघ, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा, अखिल भारतीय ब्राह्मण एकीकृत परिषद, अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद, भगवान परशुराम न्यास विप्र वंश ब्रह्मा देव समाज आदि संगठनों के समस्त पदाधिकारी ने नए संयुक्त रूप से बैठक की, जिसमें चर्चा की गई की। जिले में हो रहे ब्राह्मणों पर अत्याचार के विरोध में शांतिपूर्ण प्रदर्शन करके विरोध व्यक्त किया जाएगा। 8 फरवरी को जिलाधिकारी को एक ज्ञापन देकर सभी संगठनों के पदाधिकारी मुलाकात करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से पंडित श्रीकांत पाठक, पंडित ब्रजकिशोर त्रिपाठी, पं. विष्णु दत्त शुक्ला, पं. राजेश अग्निहोत्री, पं. नीरज चौधरी, जीत कुमारी दुबे, पं. प्रदीप पांडेय, महेश पांडेय, अतुल दुबे, दीपू मिश्रा, अंशु तिवारी आदि मौजूद रहे।

सोलर पंप के लिए 12 तक करें ऑनलाइन बुकिंग

औरैया। उप कृषि निदेशक प्रदीप कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान(पीएम-कुसुम) योजना अंतर्गत वर्ष 2023-24 में सोलर पम्पों के लिए पहले आओ- पहले पाओ के सिद्धांत पर ऑनलाइन बुकिंग के माध्यम से आवेदन दिनांक 17 जनवरी से प्राप्त किये जा रहे हैं। आवेदन के लिए विभागीय पोर्टल पर 12 फरवरी तक खुला रहेगा। तत्पश्चात बुकिंग के लिए पोर्टल बंद कर दिया जाएगा। इच्छुक कृषक सोलर पंपों के लक्ष्यों की सीमा तक 12 फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं। जिन कृषक भाइयों की बुकिंग कंफर्म हो चुकी है, वह कृषक अपना कृषक अंश जमा कर योजना का लाभ लें।

लखपति बनाने के लिए समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण

बकेवर, इटावा। क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान में लखपति महिला योजना अंतर्गत चार ब्लॉकों की 26 महिला प्रतिभागियों को सामुदायिक कैडरों लखपति सीआरपी दीदी विषयक दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण सत्र का उदघाटन संस्थान के आचार्य डॉ सुरेशचन्द्र राजपूत , जिला मिशन प्रबंधक डा नंदकिशोर शाह डीआरपी वेंकट राव सोमा, डीआरपी निहारिका शुक्ला ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। विकास खण्ड से चयनित सखियों को प्रशिक्षित किया गया। इसमें भरथना ,चकरनगर, बढ़पुरा,और जसवंतनगर की 26 महिला प्रतिभागी मौजूद रही। संस्थान के आचार्य ने सभी प्रतिभागियों को संस्थान के नियम अनुशासन व प्रशिक्षण की मेहत्ता पर चर्चा करने के साथ ही बताया कि शासन के निर्देशानुसार आप सभी लोगों को प्रशिक्षण कार्यक्रम में विषयगत आजीविका के माध्यम को बताया जाएगा।

गैंगस्टर एक्ट के मामले में पिता-पुत्र को तीन-तीन वर्ष का कारावास

इटावा। गैंगस्टर एक्ट के मामले में विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट यज्ञेश चंद्र पांडेय ने पिता-पुत्र को तीन-तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है तथा पांच-पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। विशेष लोक अभियोजक कृष्ण सहाय शुक्ला ने बताया कि सिविल लाइन्स थानाध्यक्ष राजपाल सिंह द्वारा 1997 में गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज कराया गया था कि दिनेश पुत्र ओम प्रकाश व ओम प्रकाश पुत्र रामशरण, निवासी सराय दयानत गैंग बनाकर अवैध वसूली करते हैं। दिनेश पर 12 जबकि ओमप्रकाश पर छह मुकदमें थे। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की बात को सुना। लोक अभियोजक द्वारा अधिकतम दंड दिए जाने की अपील की गई जबकि आरोपित के अधिवक्ता द्वारा तर्क दिया गया कि पिता की उम्र 75 वर्ष से ऊपर है जबकि पुत्र की उम्र 55 वर्ष से ऊपर है इस लिए कम से कम दंड दिया जाए।

मरीजों को नहीं मिल रहा सही ढंग से इलाज

संवाददाता बकेवर, इटावा

- गैरहाजिर चिकित्सकों से जवाब-तलब किया

अमृत विचार। 50 शैया अस्पताल में चिकित्सकों के नियमित न आने के चलते मरीजों को उपचार सही रूप से नहीं मिल पा रहा है। बुधवार को अस्पताल में सीएमएस के अलावा मात्र तीन चिकित्सक ही मौजूद थे। सीएमएस ने गैरहाजिर 3 चिकित्सकों से जवाब तलब किया।

बकेवर स्थित 50 शैया अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं ढर्रे पर नहीं आ पा रही हैं। शासन ने अस्पताल में सीएमएस सहित तकरीबन 10 चिकित्सक तैनात कर रखे हैं। जिसमें रोग विशेषज्ञ भी हैं। परंतु जिसमें से कुछ विशेषज्ञ चिकित्सकों के नियमित रूप से नहीं आने से मरीज को काफी समस्याएं हो रही हैं। अस्पताल में रोजाना तकरीबन डेढ़ सौ से दो सौ मरीज उपचार के लिए समूचे क्षेत्र से आ रहे हैं। अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों के तैनात होने के बावजूद भी लोगों को प्राइवेट चिकित्सकों के यहां दौड़ना पड़ रहा हैं। बुधवार दोपहर करीब 12 बजे 50 शैया अस्पताल में एक इमरजेंसी चिकित्सक डॉ सतेंद्र साहू, बालरोग विशेषज्ञ डॉ तैय्यब व दन्त रोग की डॉ शाहना मात्र तीन चिकित्सक ही मौजूद थे। सीएमएस डॉ वीरेंद्र भारती अपने केबिन में मौजूद थे। अन्य कोई चिकित्सक मौजूद नहीं था।

50 शैया अस्पताल के सीएमएस डॉ वीरेंद्र भारती ने बताया कि गैरहाजिर तीन चिकित्सक से जवाब मांगा जा रहा है। दो चिकत्सकों सर्जन डॉ नरसिंह, व एक अन्य चिकित्सक के पहले से नहीं आने से दोनों के वेतन रुके हैं। एक चिकित्सक ने रविवार को ड्यूटी की थी, उनका आज ऑफ डे है।

हम सबको राष्ट्र के प्रति समर्पित रहना चाहिए : जैन आचार्य

महेवा, इटावा। जैन धर्म के गुरु विनिश्चय जी महाराज ने भिंड से सम्मेद शिखर (झारखंड) जाते समय कस्बा महेवा में रात्रि विश्राम किया। रात्रि विश्राम के दौरान एक गेस्ट हाउस में जैन मुनि ने कहा कि जैन धर्म एक धर्म न होकर सिद्धात है। इसमें तप बड़ा कठिन होता है। वहीं हर धर्म के लोग चाहे वह किसी भी जाति धर्म से जुड़ाव रखते हो उन्हें देश मे शांति, समृद्धि व समानता के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि भारत तो विविधताओं का देश है। आज जिस तरह से हमारा देश हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहॉ है ।वह देश के शासक व प्रशासकों की कुशल रणनीति व नेतृत्व का कमाल है। बताया कि वह और उनके दर्जन भर के करीब शिष्य पदयात्रा कर सम्मेद शिखर पहुचेंगे । भुवनेश जैन ,दिनेश चंद्र जैन ,पूर्व प्रधान महेवा बड़े यादव आदि ने जैन मुनि का स्वागत किया ।

तेंदुए के हमले से बकरी की मौत, लोगों में भय

संवाददाता चकरनगर, इटावा

> जंगल में तेंदुओं के चलते लगातार गश्त किया जा रहा है। ग्रामीणों को जंगल में जाने से मना किया गया है, लेकिन वह नहीं मान रहे हैं।
>
> -चंद्रभान सिंह सेंगर, सेंच्युरी दरोगा

अमृत विचार। चकरनगर में तेंदुओं का आंतक जारी है। चकरनगर के गांव पसिया में तेंदुआ ने एक बकरी पर हमला करके उसे घायल कर दिया। इस हमले से घायल बकरी की मौत भी हो गई। इससे इस क्षेत्र के पशुपालक चिंतित हैं।

बताया गया है कि तहसील क्षेत्र चकरनगर के गांव पसिया के पशुपालक श्री कृष्ण पुत्र धन सिंह दोपहर के समय सेंच्युरी के जंगल में नारखरा में अपनी बकरियां चरा रहे थे। इसी दौरान अचानक झाड़ियां से निकले तेंदुए ने यमुना पारी बकरी पर हमला कर दिया। पशुपालक के शोर-शराबा करने पर एकत्र हुए अन्य पशुपालकों के भय से तेंदुआ घायल बकरी को छोड़कर भाग गया। पशुपालक घायल बकरी को लेकर घर आया, तो रात में बकरी की मौत हो गई। पशुपालकों ने एक जुट होकर तेंदुए को कैमरे में कैद कर सेंच्युरी के अधिकारियों को सबूत देने की ठान ली। अगले दिन झुंड बनाकर पशुपालक मृत बकरी को लेकर दोवारा से घटना स्थल पर पहुंचे। प्लानिंग के तहत उसी स्थान पर बकरी को डालकर मोबाइल सेट कर दिया।

करीब आधे घंटे के बाद तेंदुआ झाड़ियों से निकलकर आया और बकरी को झाडियों में खींच ले गया। करीब एक घंटे के बाद पशुपालक झुंड बनाकर शोर-शराबा करते हुए मोवाइल फोन उठा लाए, तब पता चला कि तेंदुआ था। सेंचुरी अधिकारियों ने जनता से पहले ही जंगल में न जाने की अपील की है।

मुसीबत | बकेवर में गहराया पेयजल संकट, कई घरों के सामने पानी का जमाव

जेसीबी की बेतरतीब खोदाई से पाइप लाइन टूटी

जेसीबी की खोदाई से क्षतिग्रस्त हुई पाइप लाइन। अमृत विचार

संवाददाता बकेवर, इटावा

अमृत विचार। पानी की टंकी की पाइप लाइन डालने के लिए खुदाई कर रही जेसीबी ने क़ई जगहों पर पाइप लाइन तोड़ दी। जिससे क्षतिग्रस्त पाइप लाइन से पानी भर जा रहा है।जिससे लोग परेशान हैं।

कस्बा बकेवर में पानी की बड़ी टंकी का निर्माण कराया जा रहा है। लखना रोड के बाद इटावा रोड पर पाइप लाइन डाली जा रही है। पाइप लाइन सड़क किनारे दोनों साइडों में मशीन से खुदाई करके डाल रहे हैं। मशीन ने खुदाई करके क़ई जगह पाइप लाइन तोड़ डाली है। रविवार को इटावा रोड पर गोपालमन्दिर के सामने दूसरी साइड में खुदाई करने से कौशल्या निवास भवन के सामने पानी की पाइप लाइन तोड़ दी।जिससे पानी की आपूर्ति आने पर उस स्थान पर सड़क किनारे काफी पानी भर गया।उस स्थान पर दुकान किये दुकानदारों को पानी भर जाने से समस्या का सामना करना पड़ रहा। बीएसएनएल की ब्राडबैंड की ऑप्टिकल केबिल तोड़ दी। लखना रोडपर क़ई घरों के सामने की पाइप लाइन तोड़ दी, जिससे लोगों को पानी भरने में भी समस्या आ रही है।

खोदाई से सड़क की हालत बदतर

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

अमृत विचार। नगर के नगला इंछा मार्ग पर बिछाई जा रही पाइप लाइन के कार्य में पिछले दिनों लापरवाही बरती जा रही है। इससे लोगों की परेशानियां भी बढ़ गई हैं। हाइवे के सर्विस मार्ग से ग्राम इंछा जाने वाले मार्ग में पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। सड़क खोदाई से जलनिकासी अवरुद्ध होकर सड़क पर जल भराव हो रहा है। जिससे राहगीरों व वाहनों की इस रास्ते से आवजाही बंद सी हो गई है। वार्ड सभासद शिखा शाक्य ने पालिका प्रशासन से समस्या का निस्तारण के लिए लिखित शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया है कि कार्यदायी संस्था द्वारा जलापूर्ति पाइपलाइन सड़क पर बिछाये जा रहे हैं।

उनके द्वारा खोदी जा रही सड़क पर मिट्टी सही नहीं की गई। जिससे जलनिकासी अवरुद्ध होकर जलभराव की समस्या से राहगीरों समेत वार्डवासियों को उठानी पड़ रही है। बताया गया है कि जब तक इस इलाके में पाइप लाइन बिछ नहीं जाता तब तक सड़क पर जलभराव के कारण आवागमन ठप ही रहने की उम्मीद है।

पाइप लाइन की खोदाई से गली की बदतर हालत। अमृत विचार

झोपड़ी में आग लगने से महिला झुलसी

फफूंद (औरैया)। थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव में झोपड़ी में अचानक आग लग गई, जिससे झोपड़ी में बंधे मवेशी झुलस गये। मवेशियों को बचाने में वृद्धा भी झुलग गई। आग की लपटें उठते देख ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया।

गांव दौलतपुर निवासी पशुपालक 60 वर्षीय विधवा खातून बेगम गांव में अकेली रहती हैं। उनका पुत्र भोगनीपुर में रहता हैं। बबली अपने घर के बाहर झोपड़ी रखे हैं। जिसमें वह अपने मवेशियों को बांधती हैं। बुधवार की दोपहर मवेशियों को चारा पानी करके घर जाकर खाना खाने लगी, तभी झोपड़ी में अचानक आग लग गई। आग की लपटों को देख वह बाहर आईं और शोर मचाते हुए झोपड़ी में बंधे मवेशियों को निकालने के प्रयास में जुट गई। आवाज पर तमाम ग्रामीण एकत्रित हो गए और आग पर काबू पाया। तब तक दो मवेशी जल गए और वृद्धा भी बुरी तरह से झुलस कर गंभीर घायल हो गई। आग से जली एक पड़िया की मौके पर ही मौत हो गई।

कार्यालय ग्राम पंचायत फूलापुर विकास खण्ड- सैफई जनपद इटावा।

पत्रांक: मेमो/चौ0रा0वि0/मनरेगा/2023-24 दिनांक: 07.02.2024

निविदा सूचना

ग्राम पंचायत फूलापुर विकास खण्ड- सैफई के टिन धारक ईट, ईट मिटटी 40 एम0एस0 एवं अन्य टिन धारक सामग्री विक्रेताओं से सीमेंट, बालू, मौरंग, पत्थर गिटटी 20 एम0एम0, हयूम पाइप, टाइल्स के अन्तर्गत कराये जाने वाले निम्न कार्यो के कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु दिनांक 07.02.2024 को अपरान्ह 01:00 बजे निविदाये आमंत्रित की जाती है। विक्रित निविदायें निविदा वॉक्स में निर्धारित समय के अन्तर्गत डाली जायेगी। निर्धारित समय सीमा के उपरान्त निविदाये स्वीकार नही की जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत फूलापुर कार्यालय से दिनांक 08.02.2024 से 10.02.2024 तक प्रत्येक कार्य दिवस में मु0 1000.00 रूपये नगद जमा प्राप्त की जा सकती है। प्राप्त निविदाये दिनांक 12.02.2024 को 03 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत फूलापुर विकास खण्ड सैफई के कक्ष में उपस्थित सामग्री आपूर्ति कार्यो की उपस्थिति में ग्राम पंचायत सचिव द्वारा समिति के समक्ष खोली जायेगी। ग्राम पंचायत सचिव को यह अधिकार होगा किसी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किया जा सकता है।

क्र. सं.	योजना का नाम	कार्य का नाम	सामग्री की लागत	धरोहर धनराशि (2%) अनुमानित	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1	मनरेगा	ग्राम पंचायत फूलापुर में उचित दर विक्रेता दुकान निर्माण कार्य	642170.00	12843.40	200.00

प्रधान - ग्राम पंचायत फूलापुर सैफई-इटावा

सचिव - ग्राम पंचायत फूलापुर सैफई-इटावा

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 990 फ्लैग 1110 डीएमओ 825 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 900।

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-

गेहूंदड़ा	2525-2550
आरआर 21	2700-2750
गेहूंफ़ारम	2800-2850
जौ	2000-2100
ज्वार	2600-4000
बाजरा	2125-2175
मकाई	2000-2200

दलहन (प्रति क्वि.)

लोकल	मिल डिलीवरी
चना	5400-5500
अरहर	8000-8300
मसूर	5500-5600
मटर	4400-4500
उड़दहरा	10000-10200
उड़दकाला	6000-8000
मूंग	8500-8800

दाल (प्रति क्वि.)

अरहरफूल	15100-15300
अरहरस्पेशल1	12500-12700
चनादाल	6800-6900
मटरदाल	5400-5500
मसूरमलका	7000-7050
मसूरदाल	7050-7100
उड़ददाल	8800-12500
उड़द धोवा	10200-12800
मूँगदाल	9500-10500
मूँग धोवा	9500-11500

चावल (प्रति क्वि.)

अरवा	2000-2300
बासमती नं.1	9100-11000
सेला	2500-3000
बासमती नं.2	7000-8000

आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)

आटा	1490-1550
मैदा	1475-1520
सूजी	1500-1550

चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)

शाहपसंद	1430-1475

तिलहन (प्रति क्वि.)

लाही	4950-5000
अलसी	4500-4600 रुपये।

भारत 2027 में कच्चे तेल की मांग में वृद्धि का सबसे बड़ा केंद्र होगा: आईईए

अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने रिपोर्ट में कहा-पड़ोसी देश चीन को भी छोड़ देगा पीछे

बेतुल (गोवा), एजेंसी

भारत 2027 में वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की मांग में वृद्धि के केंद्र के रूप में चीन से आगे निकल जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने यह अनुमान लगाते हुए कहा है कि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था में परिवहन तथा उद्योग की खपत स्वच्छ ऊर्जा और विद्युतीकरण पर बड़े जोर के बावजूद इस वृद्धि को गति देगी।

पेरिस स्थित एजेंसी ने बुधवार को यहां भारत ऊर्जा सप्ताह में जारी एक 2030 तक भारतीय तेल बाजार परिदृश्य पर एक विशेष रिपोर्ट में कहा कि देश की कच्चे तेल कर मांग 2023 में 54.8 लाख बैरल प्रति दिन (बीपीडी) से बढ़कर 2030 में 66.4 लाख बीपीडी हो जाएगी। चीन वर्तमान में तेल की मांग का सबसे बड़ा चालक है और भारत इस सूची में नंबर दो पर है। पेट्रोलियम मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, घरेलू खपत करीब 50 लाख बैरल प्रति दिन (बीपीडी) है। आईईए के निदेशक (ऊर्जा बाजार एवं सुरक्षा) किसुके सदामोरी ने कहा-त्वरित हरित ऊर्जा कदमों के बावजूद 2030 तक भारत की तेल मांग तीव्र गति से बढ़ेगी। भारत की वृद्धि दर 2027 में चीन से आगे निकल जाएगी।

डीजल पर कंपनियों को तीन रुपये प्रति लीटर का घाटा, पेट्रोल पर मुनाफा घटा

कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में हालिया मजबूती आने से सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों को डीजल पर प्रति लीटर लगभग तीन रुपये का घाटा हो रहा है जबकि पेट्रोल पर उनके मुनाफे में कमी आई है। तेल उद्योग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि पेट्रोल पर मुनाफे में कमी आने और डीजल पर घाटा होने से पेट्रोलियम विपणन कंपनियां खुदरा कीमतों में कटौती करने से परहेज कर रही हैं। अप्रैल, 2022 से ही पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं हुआ है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) का देश के करीब 90 प्रतिशत ईंधन बाजार पर नियंत्रण है। इन कंपनियों ने पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में स्वेच्छा से कोई बदलाव नहीं किया है।

एआई पर भारत और अमेरिका को सहयोग बढ़ाने की जरूरत: नडेला

मुंबई। दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के प्रमुख सत्या नडेला ने बुधवार को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से संबंधित नियमों और अन्य मानदंडों पर भारत और अमेरिका के बीच सहयोग बढ़ाने की वकालत की। भारत में पले-बढ़े नडेला ने कहा कि एआई पर भारत और अमेरिका के बीच व्यापक साझेदारी से आर्थिक वृद्धि के समान वितरण में भी मदद मिल सकती है। नडेला ने यहां माइक्रोसॉफ्ट के एक कार्यक्रम में शिरकत करते हुए कहा कि एआई एक शक्तिशाली नई प्रौद्योगिकी है जिसे दुनिया के हर कोने में तेजी से 'प्रसारित' करने की जरूरत है। भारत की दो दिवसीय यात्रा पर आए सत्या नडेला ने कहा कि मुझे लगता है कि खास तौर पर भारत और अमेरिका के लिए यह जरूरी है कि वे इस पर सहयोग करने में सक्षम हों और संबंधित मानदंडों एवं नियमों को तय करें।

नीति आयोग ने एलएनजी को परिवहन ईंधन के रूप में प्रोत्साहन देने की वकालत

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **रिपोर्ट में कहा-देश का ट्रक बाजार उत्सर्जन को कम करने के लिए अग्रसर**

नीति आयोग ने मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहनों में परिवहन ईंधन के रूप में तरल प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय और गैर-वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करने की वकालत की है। आयोग ने 'मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहनों में परिवहन ईंधन के रूप में एलएनजी' शीर्षक वाली रिपोर्ट में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) क्षेत्र में ऊर्जा दक्षता सेवाओं (ईईएसएल) की तरह एलएनजी ट्रक खरीदने के लिए एक मांग एग्रीगेटर कंपनी स्थापित करने का सुझाव दिया है।

आयोग ने कहा कि भारत का तेजी से बढ़ता ट्रक बाजार उत्सर्जन को कम करने और वृद्धि के लिए निवेश को प्रोत्साहित करने की अपार संभावनाएं प्रदान करता है। इस बाजार के 2022 में 40 लाख ट्रक से बढ़कर 2050 तक लगभग 1.7 करोड़ ट्रक होने की उम्मीद है। आयोग ने सुझाव दिया कि एलएनजी को बढ़ावा देने के लिए गैर-वित्तीय प्रोत्साहन के रूप में एलएनजी वाहनों के लिए प्राथमिकता वाली लेन पहुंच प्रदान की जा सकती है। इसमें कहा गया-प्रमुख शहरों और सड़कों को पहचानने की जरूरत है और ऐसी प्राथमिकता वाली लेन पहुंच का परीक्षण पहले प्रमुख शहरों और सड़कों पर किया जा सकता है। आयोग ने यह भी सुझाव दिया है कि वैकल्पिक ईंधन की स्वीकार्यता को प्रोत्साहित करने के लिए एलएनजी पर चलने वाले हेवी-ड्यूटी ट्रकों को शहरों में प्रवेश करने की अनुमति दी जा सकती है जबकि डीजल ट्रकों पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

सर्राफा

कानपुर

चॉदी 999 (प्रति किलो)	72,000
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,400
गिन्नी (प्रति नग)	48,000-48,200

लखनऊ

सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,400
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,250
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	72,200
चांदी तैयार	72,300
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000

बरेली

सोना जेवरात पक्के	64,100
सोना जेवरात गिन्नी	63,100
चांदी पक्की	714(अनुमानित)

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	64,300
चांदी आभूषण	72,200।

डब्ल्यूटीओ में श्रम, गैर व्यापारिक मुद्दे पर नहीं होनी चाहिए चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **भारत की ओर से एक अधिकारी ने की टिप्पणी**

भारत अपने इस रुख पर कायम है कि श्रम एवं पर्यावरण जैसे मामले गैर-व्यापारिक मुद्दे हैं और उनकी चर्चा विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में नहीं होनी चाहिए। भारत की ओर से एक अधिकारी ने बुधवार को यह बात कही।

अधिकारी ने कहा कि पर्यावरण-अनुकूल विकास की आड़ में व्यापार बाधाएं खड़ी नहीं की जानी चाहिए और इन मुद्दों की चर्चा संयुक्त राष्ट्र जैसे विभिन्न बहुपक्षीय मंचों पर की जा सकती है। डब्ल्यूटीओ के 164 सदस्य देशों के व्यापार मंत्री इस महीने के अंत में कृषि जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए अबू धाबी में एकत्रित होंगे। इस लिहाज से भारत की यह टिप्पणी महत्वपूर्ण है। विकसित देश इन गैर-व्यापारिक मुद्दों पर औपचारिक बातचीत शुरू करने पर जोर दे रहे हैं और वे अबू धाबी बैठक में भी इन मुद्दों को उठाने का प्रयास करेंगे। डब्ल्यूटीओ का 13वां मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी) 26-29 फरवरी को संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में होगा।

सोना 170 रुपये मजबूत, चांदी में 300 रुपये की गिरावट

नई दिल्ली। वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 170 रुपये की मजबूती के साथ 63,370 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 300 रुपये की गिरावट के साथ 74,600 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 74,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही थी।

जनवरी में शाकाहारी थाली हुई महंगी और मांसाहारी थाली की लागत हो गई कम

मुंबई, एजेंसी

▸▸ **एमआईएंडए रिसर्च की रिपोर्ट से हुआ खुलासा**

घर में बनी शाकाहारी थाली जनवरी महीने में सालाना आधार पर पांच प्रतिशत महंगी हो गई जबकि मांसाहारी थाली 13 प्रतिशत सस्ती हो गई। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिटिक्स (एमआईएंडए) रिसर्च की तरफ से जारी 'राइस रोटी रेट' अनुमान के मुताबिक, जनवरी में दाल, चावल, प्याज और टमाटर जैसी वस्तुओं के दाम बढ़ने से घर में बनी शाकाहारी थाली महंगी हो गई। वहीं पोल्ट्री दरों में गिरावट से मांसाहारी थाली के दामों में गिरावट आई। रिपोर्ट कहती है कि प्याज और टमाटर की कीमतों में पिछले महीने सालाना आधार पर क्रमशः 35 प्रतिशत और 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने से शाकाहारी थाली की लागत बढ़ गई है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, शाकाहारी थाली में 12 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखने वाले चावल के दाम जनवरी महीने में 14 प्रतिशत बढ़े जबकि नौ प्रतिशत हिस्सा रखने वाली दालों की कीमतें 21 प्रतिशत तक बढ़ गईं। इस बीच मांसाहार के शौकीन लोगों के लिए पिछला महीना लागत के लिहाज से राहत लेकर आया। पिछले साल के समान महीने में इस साल जनवरी में उत्पादन बढ़ने से ब्रॉयलर मुर्गे की कीमतें 26 प्रतिशत गिरने से मांसाहारी थाली की लागत में गिरावट दर्ज की गई।

राष्ट्रीय

एक नजर

इंदौर में दो पटाखा कारखानों समेत 20 प्रतिष्ठान सील

इंदौर (मप्र)। हरदा के पटाखा गोदाम में भीषण विस्फोट के बाद हरकत में आए इंदौर प्रशासन ने अलग-अलग गड़बड़ियां मिलने पर पटाखों के दो कारखानों समेत विस्फोटक पदार्थों के कारोबार से जुड़े 20 प्रतिष्ठानों को सील कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि पिछले 36 घंटे के दौरान जिले भर में पुलिस और प्रशासन की संयुक्त जांच मुहिम के दौरान पटाखों और विस्फोटक पदार्थों के कारोबार से जुड़े 20 प्रतिष्ठानों को सील किया गया। अधिकारियों के मुताबिक इनमें राऊ क्षेत्र में पटाखे बनाने वाले दो कारखाने शामिल हैं जहां मानकों का उल्लंघन पाया गया।

हनी ट्रैप मामले में एक पीड़ित सिपाही आया सामने

अलवर। राजस्थान के अलवर में हनी ट्रैप गिरोह द्वारा ठगी करने के मामले में जयपुर कमिश्नरेट में कार्यरत एक हेड कांस्टेबल भी पीड़ित के रूप में सामना आया है जिसने थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा ने बताया कि इस मामले में एक परिवादी और सामने आए हैं। अब तक इस मामले में तीन परिवादी सामने आ चुके हैं। यह परिवादी जयपुर में हेड कांस्टेबल पद पर कार्यरत है। गिरोह के घर पर करीब तीन घंटे तक सर्च की गई। आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए गए। इसमें पुलिस की संलिप्तता भी सामने आई है। उनको जांच के लिए बुलाया गया है।

कांग्रेस आउटडेटेड और आरक्षण की जन्मजात विरोधी

राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चर्चा के जवाब में बोले-अब उसकी कोई वारंटी भी नहीं रही

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस पर हमले तेज करते हुए आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टी पुरानी पड़ चुकी है और अब उसकी कोई 'वारंटी' भी नहीं रही। उन्होंने देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी पर देश को बांटने वाले विमर्श गढ़ने का भी आरोप लगाया। राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने लोकसभा चुनाव में जीत के साथ तीसरा कार्यकाल मिलने का भरोसा जताया और अगले पांच साल के लिए अपने दृष्टिकोण को रेखांकित किया।

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को 'आउटडेटेड' और आरक्षण का 'जन्मजात विरोधी' बताया तथा उसके पतन के लिए संवेदनाएं प्रकट करते हुए 'प्रार्थना' की कि वह अगले आम चुनाव में 40 सीट ही बचा ले। करीब डेढ़ घंटे के अपने संबोधन के दौरान उन्होंने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' पर निकले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर भी निशाना साधा और उन्हें 'कांग्रेस के युवराज' के नाम से संबोधित करते हुए उन्हें ऐसा 'नॉन स्टार्टर' बताया जो न तो 'लिफ्ट' हो पा रहे हैं और ना ही 'लांच'। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में भारत के आत्मविश्वास, उज्ज्वल भविष्य के प्रति उसके विश्वास और आमजन के सामर्थ्य को बहुत ही कम शब्दों में लेकिन बहुत ही शानदार तरीके से देश के सामने प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने कहा-कांग्रेस के 10 सालों में भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की पांच नाजुक अर्थव्यवस्थाओं में शुमार थी।

देश को बांटने वाला विमर्श गढ़ना बंद करे कांग्रेस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस और उसके नेतृत्व वाली कर्नाटक सरकार से देश को उत्तर और दक्षिण में बांटने वाला विमर्श ना गढ़ने का आग्रह करते हुए कहा कि यह देश के भविष्य को खतरे में डालता है। राज्यसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए उन्होंने अफसोस जताया कि कर्नाटक सरकार विज्ञापनों के जरिए इस तरह की कहानी गढ़ रही है। प्रधानमंत्री, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के नेतृत्व में दिल्ली के जंतर-मंतर पर कांग्रेस के उस धरने का जिक्र कर रहे थे।

प्रधानमंत्री ने पेश की मोदी 3.0 योजना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को लगातार तीसरी बार अपनी सरकार 'मोदी 3.0' बनने का भरोसा जताते हुए अगले पांच साल की रूपरेखा पेश की जिसमें गरीबों, युवाओं, मध्यम वर्ग, किसानों, ऊर्जा आत्मनिर्भरता सहित विभिन्न क्षेत्रों के लक्ष्य रखे गये ताकि भारत 2047 तक 'स्वर्णिम युग को छू सके।' उन्होंने कहा कि मोदी 3.0 सरकार भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा देगी। प्रधानमंत्री ने कहा-गरीबों को दी जाने वाली पांच लाख रुपये की बीमा सहायता आगे भी जारी रहेगी।

जनता अब उन्हें सबक सिखाने वाली है : खरगे

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राज्यसभा में उस पर किए गए तीखे प्रहार के बाद पलटवार करते हुए दावा किया कि मोदी इस बात को लेकर डरे हुए हैं कि आगामी लोकसभा चुनाव में जनता उन्हें सबक सिखाने जा रही है। वहीं महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री ने मल्लिकार्जुन खरगे पर हमला करने का फैशन बना लिया है।

भाजपा में शामिल हुए तमिलनाडु के 15 पूर्व विधायक और एक पूर्व सांसद

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **शामिल होने वाले नेताओं में अधिकांश अन्नाद्रमुक से**

तमिलनाडु के 15 पूर्व विधायक और एक पूर्व सांसद समेत कई नेता बुधवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी इस दक्षिणी राज्य में अपनी स्थिति मजबूत करने की लगातार कोशिश कर रही है। भाजपा में शामिल होने वाले इन नेताओं में अधिकांश भाजपा की पूर्व सहयोगी ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) से हैं।

केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर और एल मुरुगन तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई की मौजूदगी में इन नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। अन्नामलाई ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा में शामिल होने वाले ये नेता काफी अनुभवी हैं और सभी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथ मजबूत करना चाहते हैं। उन्होंने दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित है और मोदी लगातार तीसरी बार सत्ता में आएंगे। उन्होंने राज्य की सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और उसकी मुख्य प्रतिद्वंद्वी अन्नाद्रमुक पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि वे तमिलनाडु में हो रही घटनाओं को देख रहे हैं। द्रविड़ राज्य में अपनी पार्टी के वैचारिक रुख पर मजबूत स्थिति और आरोपित पार्टियों की तीखी आलोचना के कारण युवा नेता ने दावा किया-तमिलनाडु भारतीय जनता पार्टी के रास्ते पर जा रहा है।

अजित पवार गुट ने कोर्ट में कैविएट दायर की

नई दिल्ली। अजित पवार गुट ने उच्चतम न्यायालय में बुधवार को कैविएट दायर की और निर्वाचन आयोग द्वारा उसे असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) घोषित करने के आदेश को शरद पवार गुट की ओर से चुनौती दिये जाने की स्थिति में उसका पक्ष भी सुने जाने का अनुरोध किया। वकील अभिकल्प प्रताप सिंह के जरिए कैविएट यह सुनिश्चित करने के लिए दायर की गयी है कि अगर शरद पवार गुट उच्चतम न्यायालय का रुख करता है तो अजित पवार गुट के खिलाफ एकतरफा आदेश पारित न किया जाए और उसका भी पक्ष सुना जाए। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को घोषणा की कि अजित पवार गुट ही असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) है। चुनाव निकाय का यह निर्णय पार्टी संस्थापक शरद पवार के लिए एक बड़ा झटका है।

अमानतुल्ला खान को याचिका वापस लेने की मिली अनुमति

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्ला खान को उनके खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय द्वारा धन शोधन की एक जांच और उन्हें समन दिए जाने के खिलाफ दायर याचिका वापस लेने की बुधवार को अनुमति दे दी।

धन शोधन का मामला

न्यायमूर्ति रेखा पल्ली और न्यायमूति रजनीश भटनागर की पीठ ने याचिका वापस लिए जाने पर इसे खारिज कर दिया। याचिकाकर्ता के खिलाफ धन शोधन की जांच दिल्ली वक्फ बोर्ड में भर्ती में कथित अनियमितताओं से जुड़ी है। ऐसा आरोप है कि खान ने दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष पद पर काम करते हुए नियमों और सरकारी दिशा निर्देशों का उल्लंघन करते हुए 32 लोगों की अवैध रूप से भर्ती की थी। ईडी ने दिल्ली विधानसभा में ओखला निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले खान के परिसरों पर छापे मारे थे। उसने दावा किया है कि खान ने अवैध धन अर्जित किया था।

कोर्ट ने संजय सिंह की जमानत याचिका खारिज की

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धन शोधन मामले में गिरफ्तार आप के नेता संजय सिंह को जमानत देने से बुधवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने आदेश सुनाते हुए कहा, "इस स्तर पर आरोपी को जमानत देने का कोई आधार नहीं बनता है।" फैसले की विस्तृत प्रति की प्रतीक्षा है। ईडी द्वारा 4 अक्टूबर, 2023 को गिरफ्तार किए गए सिंह ने इस आधार पर जमानत का अनुरोध किया था कि वह तीन महीने से अधिक समय से हिरासत में हैं और इस अपराध में उनकी कोई भूमिका नहीं दिखाई गई है। जांच एजेंसी ने जमानत याचिका का विरोध किया और दलील दी कि सिंह 2021-22 की नीति अवधि से संबंधित दिल्ली शराब घोटाले से उत्पन्न अपराध की आय को प्राप्त करने उपयोग करने में शामिल थे।

बीआरओ के मजदूरों को मुआवजे पर छूट को मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रस्ताव के लिए दी सहमति**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के आकस्मिक वेतनभोगी मजदूरों (सीपीएल) को अनुग्रह राशि के एकमुश्त भुगतान के लिए दुर्घटना के समय 179 कार्य दिवस पूरे करने के प्रावधान से छूट के प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी दे दी। मौजूदा प्रावधानों के तहत, जिन आकस्मिक वेतनभोगी मजदूरों ने बीआरओ में कम से कम 179 दिन काम किया है, उन्हें पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि एकमुश्त भुगतान के दायरे में रखा गया है।

रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा-रक्षा मंत्री ने बीआरओ/सामान्य अभियांत्रिकी रिजर्व फोर्स (जीआरईएफ) में काम करने वाले आकस्मिक वेतनभोगी मजदूरों को अनुग्रह राशि के एकमुश्त भुगतान के लिए दुर्घटना के समय 179 कार्य दिवस पूरे करने के प्रावधान से छूट के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अभी तक 179 कार्य दिवसों की इस बाध्यता के कारण, दिवंगत सीपीएल के कई परिवार इस अनुदान से वंचित रहे हैं। बीआरओ इकाइयां दूर-दराज, बर्फ से घिरे, ऊंचाई वाले क्षेत्रों में स्थित हैं, जहां कोई उचित सार्वजनिक और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं।

मंत्रालय ने कहा कि प्रतिकूल वातावरण, दुर्गम पहाड़ी इलाके, खतरनाक कार्य स्थल और व्यावसायिक स्वास्थ्य खतरे जैसे कारक आकस्मिक वेतनभोगी मजदूरों के जीवन के लिए भारी खतरा पैदा करते हैं। मंत्रालय ने कहा-आकस्मिक वेतन भोगी मजदूरों की काम करने के दौरान हुई मौतों के मामलों को ध्यान में रखते हुए, मानवीय आधार पर न्यूनतम 179 कार्य दिवसों की शर्त में छूट इनके परिवारों के लिए एक बड़ी राहत होगी, जो सरकारी ड्यूटी के दौरान अपने कमाऊ सदस्य को खो देते हैं।

उपमुख्यमंत्री शिवकुमार के खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश

बेंगलुरु। कर्नाटक में बेंगलुरु की एक विशेष अदालत ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं के प्रदर्शन की एक फर्जी तस्वीर का कथित तौर पर इस्तेमाल करने के लिए पुलिस को उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के साथ-साथ कांग्रेस की राज्य इकाई के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख बी.आर. नायडू के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने का निर्देश दिया है। भाजपा नेताओं ने वर्ष 1992 में बाबरी मस्जिद विध्वंस आंदोलन का हिस्सा रहे कार सेवक श्रीकांत पुजारी की गिरफ्तारी को लेकर हाल ही में हुए प्रदर्शन में हिस्सा लिया था भाजपा के प्रदर्शनकारियों ने हाथ में तख्तियां ली हुईं थीं।

सिद्धारमैया व कांग्रेसियों ने केंद्र के खिलाफ किया प्रदर्शन

▸▸ **जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करके राज्य के लिए मांगी राशि**

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली में जंतर-मंतर पर केंद्र के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और अन्य कर्नाटक कांग्रेस नेता। ● एजेंसी

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के नेतृत्व में कांग्रेस की प्रदेश इकाई के कई नेताओं ने कर राजस्व वितरण में राज्य के साथ हुए ''अन्याय'' को लेकर बुधवार को केंद्र के खिलाफ यहां जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया और प्रदेश के हिस्से की राशि तत्काल जारी करने की मांग की। इस विरोध प्रदर्शन में उपमुख्यमंत्री और कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार, राज्य के कई सांसद, मंत्री और विधायक शामिल हुए। कांग्रेस का आरोप है कि पिछले कुछ वर्षों में कर राजस्व में उसके प्रदेश के हिस्से की राशि के हस्तांतरण और सहायता अनुदान में कर्नाटक के साथ ''अन्याय'' किया गया है।

विरोध प्रदर्शन में शामिल कांग्रेस नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार 15वें वित्त आयोग के तहत कर्नाटक को कथित तौर पर हुए 1.87 लाख करोड़ रुपये के नुकसान की भरपाई करे। सिद्धारमैया ने कहा कि यह विरोध भाजपा के खिलाफ नहीं, बल्कि कर्नाटक के साथ भेदभाव के खिलाफ है। उन्होंने भाजपा के इस आरोप को खारिज किया कि इस विरोध प्रदर्शन का उद्देश्य उत्तर-दक्षिण विभाजन को बढ़ावा देना है।

सिद्धारमैया ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा-हम भारत सरकार द्वारा कर्नाटक और अन्य दक्षिणी राज्यों के साथ किए गए भेदभाव का मुद्दा उठा रहे हैं। इसीलिए मैंने भाजपा और जनता दल (एस) के सभी सांसदों को पत्र लिखकर इस आंदोलन में भाग लेने के लिए कहा था। उन्होंने कहा कि 14वें वित्त आयोग के तहत राज्यों, खासकर कर्नाटक को कर राजस्व बांटने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले फॉर्मूले को 15वें वित्त आयोग ने बदल दिया था।

अमेरिका: राज्य ने माना हिंदू धर्म का हिस्सा नहीं जातीय भेदभाव

वाशिंगटन, एजेंसी

▸▸ अमेरिकी हिंदू संगठन एचएएफ ने बताया बड़ी जीत

कैलिफोर्निया राज्य सरकार के नागरिक अधिकार विभाग ने कहा कि जाति और जाति आधारित भेदभाव हिंदू धर्म का जरूरी हिस्सा नहीं है। इसके साथ ही विभाग ने सिलिकान वैली तकनीकी दिग्गज पर भेदभाव का आरोप लगाने वाली अपनी 2020 की शिकायत में संशोधन किया है।

अमेरिका में हिंदुओं के अधिकारों के लिए काम करने वाले संगठन हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन (एचएएफ) ने शिकायत में संशोधन को बड़ी जीत करार दिया। एचएएफ ने बताया कि कैलिफार्निया नागरिक अधिकार विभाग ने स्वेच्छा से दिसंबर के पहले सप्ताह में सिस्को सिस्टम्स के खिलाफ शिकायत में संशोधन करने के लिए प्रस्ताव दायर किया। शिकायत में सिस्को सिस्टम में

जाति आधारित भेदभाव किए जाने का आरोप लगाया गया था। इसमें कहा गया था कि जाति और जाति आधारित भेदभाव हिंदू धर्म की शिक्षाओं और प्रथाओं का अनिवार्य हिस्सा है। हालांकि अब शिकायत में से गलत व असंवैधानिक बात को हटा लिया गया है और यह भारतवंशियों धार्मिक अधिकारों के रक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम है। हालांकि एचएएफ ने कहा कि नागरिक अधिकार विभाग के बयान के कई हिस्से अभी परेशान करने वाले हैं।

रक्षा-अंतरिक्ष क्षमताओं को बढ़ावा देने पर फोकस : सीडीएस

नई दिल्ली। सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने डिफेंस स्पेस इकोसिस्टम के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया है। बुधवार को उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है जब देश को इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर होना चाहिए। वे एसआईए-इंडिया द्वारा आयोजित डेफसैट सम्मेलन और एक्सपो के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। निजी क्षेत्र के अंतरिक्ष उद्यमियों से अपील करते हुए सीडीएस ने कहा कि वे लोग मल्टी-सेंसर उपग्रहों और ग्राउंड स्टेशनों के एक मजबूत नेटवर्क को विकसित करने में भागीदार बने ताकि सशस्त्र बलों की खुफिया और निगरानी क्षमता को बढाया जा सके। आगे बोलते हुए उन्होंने यह भी बताया कि रक्षा अंतरिक्ष क्षेत्र में विकसित और आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में सशस्त्र बल लगातार काम कर रहे हैं।

इस साल भारतीयों को अमेरिका के रिकॉर्ड वीसा

भारत और अमेरिकी के बीच बढ़ती मित्रता के चलते अमेरिकी सरकार ने भारतीयों को रिकॉर्ड संख्या में वीसा जारी करने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। भारत में कार्यरत अमेरिकी दूतावास ने वित्त वर्ष 2023 में 11 लाख लोगों को अमेरिकी वीसा जारी किया। जबकि इससे पहले, वित्त वर्ष 2022 में 6.34 लाख और 2021 में 2.56 लाख लोगों को ही वीसा जारी किया गया था।

40% आवेदकों को व्यक्तिगत इंटरव्यू से छूट, स्टाफ भी बढ़ाया

6.34 लाख को 2022 में और 2021 में 2.56 लाख लोगों को मिला था वीसा

- भारतीयों को वीसा में देरी के मुद्दे को 2021 के बाद से पीएम नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कई बार उठाया। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को 2022 में खुद इस मामले में हस्तक्षेप करना पड़ा।
- एक अधिकारी ने बताया कि इसके बाद मंत्रालय में उच्च स्तरीय बैठकों का दौर शुरू हुआ और भारतीयों को वीसा जारी करने में आ रही समस्याओं की पहचान और उन्हें दूर करने की रणनीति तैयार हुई। एडवांस टेक्नोलॉजी और डेटा एनालिटिक्स से वीसा प्रोसेस की इफिशिएंसी बढ़ाई।

- अमेरिकी विदेश मंत्रालय, गृह विभाग, व्हाइट हाउस सभी ने एक साथ मिलकर भारतीयों को वीसा बढ़ाने के लिए तेज रफ्तार से काम किया।
- अमेरिकी विदेश विभाग ने कुशलता से काम करने और क्षमता बढ़ाने के लिए अधिक कर्मचारियों को नियुक्त किया।
- अमेरिकी विदेश मंत्रालय की तरफ से वीसा आवेदन करने वाले कई लोगों के लिए रिमोट इंटरव्यू को मंजूरी दी गई। इसके तहत अमेरिकी विदेश मंत्रालय की तरफ से छात्रों, अस्थायी श्रमिकों और कम जोखिम वाले कई आवेदकों के लिए व्यक्तिगत इंटरव्यू की अनिवार्यता को खत्म कर दिया गया। इसकी जगह रिमोट इंटरव्यू किए गए। 2023 में गैर- आप्रवासी वीसा प्राप्त करने वाले 40% लोगों को व्यक्तिगत साक्षात्कार की जरुरत नहीं पड़ी, जिससे उनके स्लॉट उन लोगों के लिए स्लॉट खुल गए, जिन्हें इसकी ज्यादा आवश्यकता थी।

अफगानिस्तान: गाना सुनना भी गुनाह, 10 को किया गिरफ्तार

काबुल। अफगानिस्तान में तालिबान ने अपने शासन के बाद आम लोगों पर प्रतिबंध थोपना जारी रखा है। तालिबान ने कई तरह के प्रतिबंध लगाए हैं और हाल ही में गाने सुनने पर लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

तखर प्रांत के सूत्रों ने बताया कि अफगानिस्तान के येंगी काला जिले में गाने सुनने और संगीत वाद्ययंत्र बजाने के लिए कम से कम 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि तालिबान ने पिछले दो साल से अफगानिस्तान के लोगों पर प्रतिबंध लगाना जारी रखा है। सूत्रों ने बताया कि लोग अपने घरों में भी सुरक्षित नहीं है। बताया गया कि तालिबान के लड़ाकों ने सोमवार को येंगी कला जिले के सफी मंगल गांव में एक घर पर छापा मारा और कम से कम 10 लोगों को हिरासत में लिया है।

एक नजर

ब्रिटेन: भारतीय मूल की राजनीतिज्ञ श्रीला फ्लेदर का निधन

लंदन। भारतीय मूल की शिक्षिका एवं राजनीतिज्ञ श्रीला फ्लेदर का 89 वर्ष की उम्र में मंगलवार को ब्रिटेन में निधन हो गया। श्रीला शिक्षिका एवं राजनीतिज्ञ होने के साथ ही हाउस ऑफ लॉर्ड्स में अपनी खूबसूरत साड़ियों के लिए जानी जाती थीं और वह विंडसर की बैरोनेस फ्लेदर तथा बर्कशायर की मेडेनहेड के रूप में एक लाइफ पीयर थीं। लाइफ पीयर वह पदवी होती है जो किसी अन्य स्थानांतरित नहीं की जा सकती। उन्होंने विश्व युद्ध के दौरान लगभग 50 लाख राष्ट्रमंडल सैनिकों द्वारा युद्ध में दी गई सेवा के लिए श्रद्धांजलि स्वरूप लंदन के हाइड पार्क कॉर्नर में मोरियल गेट्स के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

दक्षिणी फिलीपींस में भूस्खलन, 6 लोगों की मौत, 46 अन्य लापता

मनीला। दक्षिणी फिलीपींस में सोने की खदान वाले एक गांव में भूस्खलन होने से कम से कम 6 लोगों की मौत हो गई जबकि 46 अन्य लापता हो गए। अधिकारियों के मुताबिक लापता होने वाले लोगों में सोने की खदान में काम करने वाले मजदूर भी शामिल हैं। सेना के जवानों, पुलिस और स्वयंसेवकों ने संयुक्त रूप से मिलकर मंगलवार रात डवाओ डी ओरो प्रांत के सुदूर शहर मैको के पहाड़ी गांव मसारा में भूस्खलन की चपेट में आने से घायल हुए 31 ग्रामीणों को वहां से निकाला। उन्होंने बताया कि राहत कार्य जारी है।

सीरिया में इजराइल ने किया मिसाइलों से हमला, 7 लोगों की मौत, 13 घायल

दमिश्क। सीरिया में होम्स प्रांत के मध्य इलाकों में इजराइल ने मिसाइलों से हमला किया है। हमले में सात लोगों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हैं। होम्स में स्वास्थ्य निदेशक डॉ. मुस्लिम अल-अतासी ने स्थानीय मीडिया को बताया कि होम्स शहर में आवासीय इमारत पर हमला किया गया है। जिसमें मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। सीरियाई रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को कहा था कि उत्तरी लेबनानी क्षेत्र त्रिपोली से होम्स शहर और उसके आसपास के विभिन्न स्थलों को निशाना बनाकर मिसाइल हमला किया।

पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने जर्मनी में कपड़ों के कचरे का बनाया पहाड़

बर्लिन। जर्मनी में बर्लिन फैशन वीक के पहले ही दिन विरोध में ग्रीनपीस कार्यकर्ताओं ने बैंडेनबर्ग गेट के बाहर कपड़ों के कचरे का पहाड़ खड़ा कर दिया। ये कपड़े अफ्रीकी देश घाना के अकरा के बाजार से लाए गए थे। यूरोप और अमेरिका अपने कपड़े अफ्रीका में डंप कर देते हैं।

पड़ोसी देश में मतदान आज, 5 हजार प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला मतपेटियों में होगा बंद

...तो पाक में चुनाव से होगा सत्ता परिवर्तन

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में आम चुनाव के लिए आज मतदान होगा। चुनावी सरगर्मियों का आज अंतिम दिन है। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ, बिलावल भुट्टो जरदारी की पार्टी समेत कई पार्टियां चुनावी मैदान में हैं। वहीं मुख्य विपक्षी पार्टी पीटीआई इस बार के दूर-दूर तक दिखाई नहीं दी। पाकिस्तान के 76 सालों के इतिहास में सबसे घातक और अविश्वशनीय चुनाव माना जा रहा है।

लेकिन पूरी दुनिया को मालूम है कि रिजल्ट क्या आएगा? पाक में नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएलएन के नेतृत्व वाली हाइब्रिड सरकार बनने के आसार हैं। हाइब्रिड इसलिए क्योंकि पहले सरकारें सत्ता में आने के बाद सेना से समझौता करती थीं, लेकिन इस बार चुनाव से पहले की सेना और राजनीतिक दलों का गठजोड़ हो गया है। सरकार किसी की भी बने, लेकिन नियंत्रण सेना के पास ही रहेगा। शाहबाज शरीफ ने स्पेशल इंवेस्टमेंट फैसिलिटेशन काउंसिल (एसआईएफसी) बनाई थी, तब जनरल असीम मुनीर का तर्क यह था कि हमारे मित्र मुस्लिम राष्ट्र केवल सैन्य नेतृत्व वाली व्यवस्था के माध्यम से पाकिस्ताान में निवेश करने के इच्छुक हैं।

6 लाख से ज्यादा सुरक्षाकर्मी रहेंगे तैनात

पाकिस्तान में लगभग 6 लाख से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। रेडियो पाकिस्तान ने बताया कि मतदाताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगभग 6 लाख से अधिक सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। इनमें पुलिस, नागरिक सशस्त्र बल और सशस्त्र बल के जवान शामिल हैं। त्रिस्तरीय व्यवस्था के तहत सशस्त्र बल के जवान मतदान केंद्रों के बाहर ड्यूटी करेंगे। मतदान गुरुवार सुबह आठ बजे शुरू होगा और शाम पांच बजे तक बिना किसी अंतराल के जारी रहेगा। पारदर्शी मतपेटियों और अन्य प्रासंगिक चुनाव सामग्री को अंदर डालने से पहले मतपेटियों, मतपत्रों और मतपत्रों पर मुहर लगने पर उनकी गोपनीयता बनाए रखने के लिए विशेष स्क्रीनों के परिवहन की प्रक्रिया देश भर में जिला और उप-जिला स्तरों पर सुचारू रूप से चल रही थी।

तीन बड़े राजनैतिक किरदारों के समीकरण

बहुमत मिला तो नवाज पीएम, वर्ना शाहबाज : नेशनल असेंबली में पीएमएलएन को बहुमत मिला तो नवाज चौथी बार पीएम बनने का मौका नहीं जाने देंगे। गठबंधन करना पड़ा तो शाहबाज पीएम संभव हैं।

जरदारी का जोड़-तोड़ में कोई मुकाबला नहीं : जोड़-तोड़ में आसिफ अली जरदारी का मुकाबला नहीं। पीटीआई के सभी प्रत्याशी निर्दलीय लड़ रहे हैं। इसी दम पर पीपीपी को सरकार बनाने की उम्मीद है।

इमरान जेल में लेकिन प्रचार में ताकत झोंकी : पीटीआई के नेताओं को भले ही रैली करने का मौका नहीं मिला हो। इमरान खान सोशल मीडिया और रिकॉर्डेड टेलीफोन मैसेज के जरिए प्रचार कर रहे हैं।

24.15 करोड़ आबादी के साथ दुनिया का 5वां सबसे ज्यादा आबादी वाला देश है पाकिस्तान

5,121 प्रत्याशी नेशनल असेंबली के चुनाव में

4,806 पुरुष 312 महिला 2 ट्रांसजेंडर उम्मीदवार होंगे शामिल

8 फरवरी को वोटिंग 12.8 करोड़ मतदाता 266 सांसद बनेंगे

167 रजिस्टर्ड राजनीतिक दल

90,582 पोलिंग स्टेशन पूरे देश में

किस धर्म के कितने वोटर

96.28%	मुस्लिम
1.59%	ईसाई
1.6%	हिन्दू
0.58%	अन्य

बलूचिस्तान में चुनाव से एक दिन पहले दो धमाके, 40 की मौत

पशिन में बम विस्फोट के बाद घटनास्थल पर मौजूद लोग।

क्वेटा, एजेंसी

पाकिस्तान में बुधवार को आम चुनाव से पहले बलूचिस्तान प्रांत में चुनाव कार्यालयों को निशाना बनाकर दो अलग-अलग जगह बम विस्फोट हुए हैं।

हमले में 40 लोग मारे गए और 30 अन्य घायल हो गए। पहली घटना में, पिशिन जिले में निर्दलीय उम्मीदवार असफंदयार खान काकड़ के कार्यालय के बाहर एक भीषण विस्फोट में 20 लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए। एक घंटे से भी कम समय के बाद, किला अब्दुल्ला क्षेत्र में जमीयत उलेमा इस्लाम (जेयूआई) के चुनाव कार्यालय के बाहर एक और बम विस्फोट हुआ, जिसमें 10 लोगों की जान चली गई और 22 अन्य घायल हो गए। दोनों विस्फोटों की जिम्मेदारी किसी समूह या व्यक्ति ने नहीं ली है।

पांगुर में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अब्दुल्ला जेहरी ने कहा, निर्दलीय उम्मीदवार असफंदयार खान काकड़ के कार्यालय के बाहर भीषण बम विस्फोट हुआ। इस घटना में कम से कम 27 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि बम उम्मीदवार के चुनाव कार्यालय के बाहर एक बैग में रखा गया था जिसमें टाइमर लगा था। पाकिस्तान में आठ फरवरी को आम चुनाव होना है और इससे पहले बलूचिस्तान में हिंसा चरम पर है।

जबरन वसूली मामले में गिरफ्तार आरोपियों से मिले 200 से ज्यादा दस्तावेज, जांच में जुटी ईडी

मुंबई, एजेंसी। मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने बुधवार को कहा कि उसे जबरन वसूली के लिए गिरफ्तार किए गए लोगों से 200 से ज्यादा दस्तावेज और कागजात मिले हैं। इन दस्तावेजों की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कर रहा है। आरोपी कथित तौर पर एक रियल एस्टेट डेवलपर से 164 करोड़ रुपये वसूलने की कोशिश कर रहे थे।

पुलिस ने पहले बताया था कि जबरन वसूली के मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों रियल एस्टेट डेवलपर को चेतावनी दी थी कि ईडी उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी। उन्होंने रियल एस्टेट डेवलपर को जान से मारने की धमकी भी दी थी। एक अधिकारी ने बताया कि अपराध शाखा ने जांच के दौरान आरोपियों से विभिन्न मामलों से जुड़े 200 से ज्यादा दस्तावेज और कागजात को जब्त किया है। जिनकी जांच ईडी कर रही है। उन्होंने बताया कि आरोपियों से पूछताछ के दौरान यह जानकारी सामने आई। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार लोगों के पास से मिले दस्तावेजों में महादेव सट्टेबाजी एप मामले से जुड़े कागजात भी शामिल हैं। इस मामले में तीस से ज्यादा को लोगों को आरोपी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि बांद्रा पुलिस में पिछले महीने भारतीय दंड संहिता की धारा के तहत मामला दर्ज किया गया था। मुंबई अपराध शाखा इस मामले की जांच कर रही है।

ईडी टीम पर हमले की जांच मामले में एकल पीठ के आदेश पर लगाई रोक

कोलकाता। कलकत्ता हाई कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में पिछले माह ईडी के अधिकारियों पर हुये हमले की जांच के लिए सीबीआई और राज्य पुलिस के संयुक्त विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने के एकल पीठ के आदेश पर बुधवार को रोक लगा दी।

मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने ईडी की अपील पर यह आदेश दिया। ईडी ने अपनी याचिका में मामले की जांच केवल सीबीआई से कराने की अपील की थी।

कथित राशन वितरण घोटाला मामले में पांच जनवरी को ईडी अधिकारियों की एक टीम जब संदेशखाली में तृणमूल नेता शाहजहां शेख के आवास की तलाशी लेने गई थी उसी दौरान भीड़ ने उन पर हमला कर दिया था, जिसमें एजेंसी के तीन अधिकारी घायल हो गए थे।

अदन में एक ही दिन में दो पोतों पर हूती विद्रोहियों का हमला, अमेरिका से भारत आ रहा था एक जहाज

नई दिल्ली, एजेंसी। हूती विद्रोहियों ने एक ही दिन में दो जहाजों पर ड्रोन से हमले किए। हमले की जानकारी देते हुए ब्रिटिश सेना के मैरिटाइम ट्रेड ऑपरेशन (यूकेएमटीओ) ने बताया कि हमास-इजराइल के युद्ध के बाद हमास के समर्थन में जहाजों को निशाना बनाने के ईरान समर्थित लड़ाकों के अभियान में यह नवीनतम हमला है। यूकेएमटीओ ने बताया कि मंगलवार को यमन के दक्षिणी बंदरगाह शहर अदन के पास जहाज पर हमला हुआ। सुरक्षा फर्म एंब्रे ने इसकी पहचान मार्शल आइलैंड्स के ध्वज और ग्रीक स्वामित्व वाले जहाज के रूप में की है, जो अमेरिका से भारत की ओर आ रहा है।

एंब्रे के मुताबिक जहाज के स्टारबोर्ड की ओर से 50 मीटर दूर जोरदार विस्फोट हुआ था। हालांकि, इससे न तो जहाज के ढांचे को क्षति पहुंची है और न कोई हताहत हुआ है। हमले के बाद हूती विद्रोहियों के एक सैन्य प्रवक्ता, ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने दावा किया कि विद्रोही बलों ने लाल सागर में दो जहाजों पर हमला किया, जिनमें से एक अमेरिकी और एक ब्रिटिश था। हालांकि, हूतियों ने भारत आ रहे जहाज पर हुए हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। अदन में हमले के बारे में एंब्रे ने बताया कि दूसरा हमला ब्रिटिश कंपनी मॉर्निंग टाइड के मालवाहक जहाज पर किया गया जिस पर बारबाडोस का ध्वज लगा है।

यूएई में मंदिर...

अबू धाबी : बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था के आध्यात्मिक गुरु महंत स्वामी महाराज संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में पहले हिंदू मंदिर के भव्य उद्घाटन के लिए अबू धाबी पहुंच गए हैं। आध्यात्मिक नेता खाड़ी देश में पहले हिंदू मंदिर के ऐतिहासिक उद्घाटन की अध्यक्षता करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 फरवरी को मंदिर का उद्घाटन करेंगे। मोदी अबू धाबी के भव्य शेख जायद स्पोर्ट्स स्टेडियम में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करने के लिए भी तैयार हैं। 'अहलान मोदी' मतलब 'हैलो मोदी' वाले इस कार्यक्रम में 50 हजार से से अधिक लोगों की उपस्थिति होने की संभावना है। ● एजेंसी



चिंताजनक यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्ट ऑस्ट्रेलिया ओसियंस इंस्टीट्यूट ने जारी की ताजा रिपोर्ट

कुछ सालों में वैश्विक तापमान में 2° बढ़ोतरी के आसार

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : तमाम कोशिश के बावजूद ग्लोबल वार्मिंग कम होने के बजाय बढ़ती जा रही है। अब ताजा रिपोर्ट में बताया है कि अगले कुछ वर्षों में वैश्विक ताप औसत दो डिग्री सेल्सियस पहुंच जाएगा।

गौरतलब है कि जिस ताप को 1.5 पहुचने में तीन सौ साल लग गए, अब अगले कुछ ही सालों में 0.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि की ओर अग्रसर है। यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्ट ऑस्ट्रेलिया ओसियंस इंस्टीट्यूट में कोरल-रीफ जियोकेमिस्ट मैल्कम मैककुलोच ने रिपोर्ट जारी कर कहा है कि समुद्र के तापमान मापन की नई तकनीक आने से पहले की तुलना में अधिक विश्वसनीय आंकड़े मिलने लगे हैं। संभव है कि पूर्व में तापमान लगभग आधा डिग्री कम आंका गया हो।

वैश्विक तापमान पर अंकुश के लिए प्रयास जरूरी

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ वायुमंडलीय वैज्ञानिक डा नरेंद्र सिंह का कहना है कि इसमें दोराय नही कि वैश्विक ताप में वृद्धि हो रही। जिसकी रोकथाम के लिए प्रयास किये जाते रहे हैं। मगर सामूहिक प्रयास से ही इस पर अंकुश लगाया जा सकता है।

गौरतलब है कि, नई तकनीक के अनुसार पृथ्वी में पहले ही 1.5 डिग्री सेल्सियस तापमान पार कर चुका है, जो वर्तमान तरीकों की तुलना में समय में बहुत पीछे चला जाता है। 2015 के पेरिस जलवायु समझौते में सभी देशों ने 1.5 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी को जलकयु परिवर्तन का कारण माना था और इसकी रोकथाम के लिए सहमत हुए थे।

बता दें कि, ताज़ा आंकड़े कुछ और कहानी बयां कर रहे हैं। सबसे पहले 1850 से 1900 के बीच समुद्र सतह का तापमान का रिकॉर्ड उपलब्ध हुआ था। तभी से वैश्विक ताप में बढ़ोतरी के संकेत मिल गए थे। नई तकनीक में 33 से 91 मीटर समुद्र की गहराई का अध्ययन किया गया । इस हिस्से को महासागर मिश्रित परत कहा जाता है।

ध्यान देने वाली बात यह है कि समुद्र की सतह का तापमान शीर्ष पर अत्यधिक परिवर्तनशील हो सकता है। मगर 33 से 91 मीटर की परत मिश्रित परत सही आंकड़ा प्रदान करती है। इस आधार पर वैष्विक ताप का आंकलन ताप का नया आंकलन किया गया है। नेचर क्लाइमेट चेंज टुडे में यह शोध प्रकशित हुआ है।

अमेरिका में एक और भारतीय छात्र की मौत दूसरे को किया जख्मी

न्यूयॉर्क। अमेरिका में भारतीय छात्रों को निशाना बनाने की घटनाएं बढ़ गई हैं। इंडियाना राज्य के पड्र्यू विश्वविद्यालय में भारतीय छात्र मृत पाया गया। वहीं, एक अन्य भारतीय छात्र पर शिकागो में हमला कर जख्मी कर दिया है। रविवार के बाद से देश में इस तरह की छह घटनाएं सामने आ चुकीं हैं। मीडिया मुताबिक, तेईस वर्षीय समीर कामथ मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डॉक्टरेट के अभ्यर्थी थे। वह सोमवार को वॉरेन काउंटी में मृत पाए गए। इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख एकहार्ड ग्रोल ने मंगलवार को समीर की मौत की पुष्टि की। एजेंसी ने कहा कि समीर का शव का जंगल में मिला। एक अन्य घटना में, भारतीय आईटी छात्र सैयद मजाहिर पर रविवार को शिकागो में हमला किया गया। अज्ञात लोगों ने उनका पीछा किया और बेरहमी से हमला किया। दोनों घटनाओं में पुलिस जांच में जुटी है।

बाड़ेबंदी से एक समूह खुश, नगा-कुकी नाखुश

इंफाल, एजेंसी

▸▸ भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ेबंदी को लेकर नगा-कुकी संगठन ने किया विरोध

भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ेबंदी करने के केंद्र के फैसले का इंफाल घाटी स्थित मैतई संगठनों ने स्वागत किया है। वहीं दूसरी ओर, मणिपुर में नगा और कुकी निकायों ने इसको लेकर विरोध दर्ज कराया है। गौरतलब है कि मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि केंद्र सरकार अभेद्य सीमाएं बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने पूरी 1643 किलोमीटर की लंबी भारत-म्यांमार सीमा पर फेंसिंग करने का फैसला किया है। इसके साथ ही बेहतर निगरानी सुविधा, सीमा पर एक गश्ती ट्रैंक बनाने भी बनाया जाएगा। इस बाड़ेबंदी का उद्देश्य म्यांमार से हो रही घुसपैठ को रोकना है।

घाटी स्थित नागरिक निकायों की एक संयुक्त संस्था, समन्वय समिति ने भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने के फैसले का स्वागत किया, लेकिन आगाह किया कि इस प्रक्रिया के दौरान राज्य के किसी भी भूमि क्षेत्र से समझौता नहीं किया जाना चाहिए।

16 सौ 43 किमी मिजोरम मणिपुर, नागालैंड और अरुणाचल प्रदेश तक लगती है सीमा

समिति के सहायक मीडिया समन्वयक एम धनंजय ने कहा कि अगर यह 30 साल पहले किया गया होता, तो हमें वह हिंसा नहीं देखने को मिलती, जो हम आज देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि बड़े पैमाने पर नशीली दवाओं की तस्करी होती है, जिससे युवाओं को खतरा है। एम धनंजय ने कहा कि देश की सीमा को फेंसिंग के जरिए बंद किया जाना चाहिए। हम इस फैसले का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि इस काम को इस तरह से किया जाना चाहिए, कि हमारे भूमि क्षेत्र न छूटे। इंफाल घाटी स्थित मैतेई समूहों की लागातर मांग रही है कि म्यांमार से सटी सीमा को बाड़ लगाकर बंद किया जाए। मैतेई समूहों का यह भी आरोप है कि बिना बाड़ वाली अंतर्रास्ट्रीय सीमा का फायदा उठाकर भारत में नशीले पदार्थों की तस्करी की जा रही है।

बता दें, भारत-म्यांमार सीमा के पास रहने वाले लोगों को बिना वीजा के एक-दूसरे के क्षेत्रों में 16 किलोमीटर आने-जाने की अनुमति देती है।